डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹81600 10 ग्राम
₹100000 01 किलो
सेंसेक्स 77,288.50 -728.69
डॉलर 85.627 +0.044

ईश्वर में हमारा विश्वास | सत्यमेव जयते

# राष्ट्रीय नवीन मेल

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

चैत्र कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 27 मार्च 2025, वर्ष-31, अंक-160, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 मेलबर्न कॉन्सर्ट में देर से...

## एक नजर

### कौलेश्वरी तालाब में दो भाई डूबे, एक की मौत

**चतरा।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हंटरगंज के कौलेश्वरी पहाड़ पर बुधवार को पूजा अर्चना करने पहुंचे दो भाई पहाड़ की तलहट्टी में कौलेश्वरी तालाब में डूब गए। इसमें एक की मौत हो गई। वहीं, दूसरे भाई को गंभीर अवस्था में निकाला गया। मृतक बिहार के बोधगया थाना क्षेत्र के अमरबीघा गांव के तिलेश्वर मांझी (50) हैं। वहीं, तालाब से निकाला गया दूसरा व्यक्ति मृतक का अपना भाई इंदल मांझी (45) है। दोनों भाई अपने परिवारों के साथ कौलेश्वरी पहाड़ पहुंचे थे। वे माता कौलेश्वरी मंदिर के समीप तालाब में नहा रहे थे। नहाने के क्रम में यह हादसा हो गया।

### ट्रक की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**हरिहरगंज।** थाना क्षेत्र के ढाब कला ग्राम स्थित मध्य विद्यालय के समीप एनएच 139 पर बुधवार की शाम सड़क पार कर रहे वृद्धा की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक की पहचान ढाब कला निवासी रामजी प्रसाद मेहता की 65 वर्षीय पत्नी धनपतीया देवी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि उक्त वृद्धा सड़क पार कर अपने घर जा रही थी। इस दौरान छतरपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने वृद्धा को टक्कर मार दी। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगों ने चालक को पकड़ लिया। साथ ही सड़क को जाम कर दिया है। बाद में सूचना पाकर हरिहरगंज थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर चालक को कब्ज में ले लिया। साथ ही सड़क जाम हटाने के लिए लोगों को समझने का प्रयास कर रही है।


### व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।


### आज | कल




आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं व हेल्थ डेस्क कर्मियों को मिला स्मार्टफोन

# बदलते समय में तकनीकी दक्षता जरूरी : मुख्यमंत्री

**बोले सीएम**

- बेहतर तरीके से कार्य पूरा करने के लिए दिया गया है स्मार्टफोन
- रिपोर्ट आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की ओर से आंगनबाड़ी सेविकाओं, पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्प डेस्क कर्मियों के बीच स्मार्टफोन वितरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि आज तकनीक का जमाना है। तकनीकें भी हर दिन तेजी से बदल रही हैं। बदलते समय में जरूरी है कि तकनीकी रूप से सभी दक्ष हों। ऐसे में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित योजनाओं, सेवाओं एवं गतिविधियों में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है, ताकि महिलाओं एवं बाल कल्याण के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों में सहूलियत के साथ तेजी आ सके। मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि आज हर हाथ में स्मार्ट फोन है। स्मार्ट फोन आपके साथ चौबीसों घंटे रहने वाले एक सहयोगी की भूमिका निभा रहा है। यह आपके द्वारा किए जा रहे कार्यों को आसान बना रहा है। ऐसे में स्मार्ट फोन के बिना एक कदम भी आगे बढ़ना आसान नहीं है। इसी बात को ध्यान में रखकर सरकार द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं, शेष पेज 11 पर

### स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से करें उपयोग

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आंगनबाड़ी सेविकाओं और पर्यवेक्षिकाओं से कहा कि आपको जो स्मार्टफोन दिया जा रहा है, उसका इस्तेमाल सरकार द्वारा बताए गए एप के जरिए सरकारी कार्यों में करें। अपने मोबाइल फोन में एप डाउनलोड करने में सावधानी बरतें। लोक-लुभावन तथा प्रलोभन वाले संदेशों के झांसे में ना आएं। इसमें थोड़ी सी भी चूक और लापरवाही बरती, तो आपको आर्थिक नुकसान के साथ कई अन्य परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में अपने स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से सदुपयोग करें।

कल्पना सोरेन ने उठाया मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी व केंद्र सरकार के पास बकाया राशि का मुद्दा, कहा-

# मनरेगा मजदूरों को त्योहार पर भी नहीं हुआ भुगतान

- अन्य राज्यों की तुलना में झारखंड में मनरेगा मजदूरी की दर कम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक कल्पना सोरेन ने बुधवार को विधानसभा में अपने अल्प सूचित प्रश्न के माध्यम से मनरेगा मजदूरों की बकाया मजदूरी एवं मनरेगा के सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास बकाया राशि के भुगतान का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि लगभग 1200 करोड़ रुपए बकाया हैं। मनरेगा ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा है। उन्होंने कहा कि मंईयां सम्मान योजना के तहत सरकार होली में महिलाओं एवं बहनों को सम्मान राशि का भुगतान कर चुकी है, लेकिन मनरेगा के मजदूरों को त्यौहार के अवसर पर भी भुगतान नहीं हो रहा है। कल्पना सोरेन ने महाराष्ट्र, हरियाणा और अन्य प्रदेशों की तुलना में झारखंड में मनरेगा मजदूरी की कम दर का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में जहां मनरेगा मजदूरों को 376 रुपए मिलते हैं, झारखंड में केवल 235 रुपए मिलते हैं। एक करोड़ तीन लाख से भी ज्यादा मजदूर मनरेगा से जुड़े हैं। उनके पास उतनी संपत्ति भी नहीं है कि तीन-चार-पांच महीने बिना मजदूरी के रहें।



### 11 सौ करोड़ नहीं मिला है : राधा कृष्ण



वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कि जल जीवन मिशन में केंद्र सरकार के पास 6,300 करोड़ रुपए एवं मनरेगा में लगभग 1,100 करोड़ रुपए बकाया हैं। इसके अलावा, केंद्र से 16,000 करोड़ रुपए अनुदान मद में मिलना है, जिसमें 11,000 करोड़ नहीं मिला है। संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कल्पना सोरेन को राज्य हित का मुद्दा उठाने के लिए धन्यवाद दिया।

### जल जीवन मिशन की धीमी रफ्तार बजट की कमी बनी बाधा

विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को विधायक नवीन जायसवाल ने जल जीवन मिशन की प्रगति पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत 31 दिसंबर 2024 तक हर ग्रामीण घर में नल से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य था, लेकिन यह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। झारखंड में इस योजना के तहत कुल 62.54 लाख घरों तक जलापूर्ति की जानी थी, लेकिन अब तक केवल 34.16 लाख घरों में ही यह सुविधा पहुंच पाई है। शेष घर अभी भी शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। इस पर जल संसाधन मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने जवाब देते हुए बताया कि झारखंड में 62,55,676 घरों को नल से जल उपलब्ध कराना था, जिसमें अब तक 34,24,311 घरों में जलापूर्ति हो चुकी है। शेष घरों के लिए विभिन्न जलापूर्ति योजनाएं निमार्णाधीन हैं। मंत्री ने आगे बताया कि इस परियोजना की कुल लागत 24,665 करोड़ रुपये है, जिसमें 5,810 करोड़ रुपये राज्यांश के रूप में खर्च हो चुके हैं और 5,917 करोड़ रुपये केंद्रांश के रूप में प्राप्त हुए हैं। हालांकि, वित्तीय वर्ष 2024-25 में केंद्रांश की राशि नहीं मिलने के कारण निमार्णाधीन योजनाओं का कार्य बाधित हो गया है।

# हाईकोर्ट का जेएसएससी सीजीएल के रिजल्ट पर रोक हटाने से इनकार

- अदालत ने जांच रिपोर्ट दाखिल करने का दिया निर्देश




**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग की संयुक्त स्नातक स्तर (जेएसएससी सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट पर हाईकोर्ट ने बुधवार को रोक बरकरार रखा। झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में बुधवार को संबंधित मामले की सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि अब तक हुई जांच में पेपर लीक का आरोप निराधार पाया गया है। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट से परीक्षा के रिजल्ट पर लगाई गई रोक जारी रखने का आग्रह किया। महाधिवक्ता ने कहा कि इस मामले में चल रही जांच में यह बात सामने आ रही है कि पेपर लीक होने की अफवाह फैलाई गई थी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि जांच पूरी होने में कितना वक्त लगेगा? सरकार की ओर से बताया गया कि लगभग एक माह का वक्त और लग सकता है। इसके बाद कोर्ट ने निर्देश दिया कि जांच पूरी होने पर इसकी रिपोर्ट निचली अदालत में जमा की जाए। इसी रिपोर्ट के आधार पर अदालत आगे कोई आदेश जारी करेगा। कोर्ट ने तब तक रिजल्ट पर रोक बरकरार रखते हुए मामले की अगली सुनवाई 7 मई को निर्धारित की है। ज्ञात हो कि राज्य में करीब दो हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 21-22 सितंबर 2024 को 823 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई थी। परीक्षा में 3 लाख 4 हजार 769 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। जेएसएससी ने इस परीक्षा के आधार पर 5 दिसंबर, 2024 को 2,145 अभ्यर्थियों शेष पेज 11 पर

कांके चौक के पास बाइक पर सवार अपराधियों ने मारी गोली

# रांची में भाजपा नेता की दिनदहाड़े हत्या

- एनकाउंटर के बाद एक घायल हमलावर गिरफ्तार
- पुलिस कर रही पूछताछ, पुंदाग का रहने वाला है



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची के कांके थाना क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रांची ग्रामीण जिला महामंत्री एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य इंद्रजीत महतो उर्फ अनिल टाइगर की बुधवार को दिन में 04:00 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात को कांके थाना क्षेत्र स्थित कांके चौक के पास अंजाम दिया गया। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से कांके चौक पर भगदड़ मच गई। इधर, वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुट गई। इधर, अनिल टाइगर की हत्या की जानकारी मिलते ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ बुधवार की देर शाम रांची पहुंचे। राजधानी आते ही वे सीधे रांची स्थित राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) पहुंचे और लोगों से मुलाकात की। वहीं, आक्रोशित स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में कांके चौक के पास सड़क को जाम कर दिया। रोड जाम होने के कारण सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार, अनिल टाइगर कांके चौक के ठाकुर होटल के पास थे। इसी दौरान बाइक पर सवार अपराधियों ने उनके करीब पहुंचकर सिर में गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर लोग दौड़े। सूचना मिलते ही कांके थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। अनिल टाइगर को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों शेष पेज 11 पर

# बोकारो में सीबीआई टीम पर हमला, 3 अधिकारी घायल

- बैंक के रिकवरी एजेंट के घर दबिश देने पहुंची थी सीबीआई
- हरला थाने में एफआईआर दर्ज, पुलिस कर रही मामले की जांच

**नवीन मेल डेस्क**

**बोकारो।** बोकारो जिले के हरला थाना क्षेत्र में बुधवार को एक बैंक रिकवरी एजेंट के घर छापेमारी करने पहुंची सीबीआई की टीम पर हमला किया गया। हमलावरों ने सीबीआई के अधिकारियों के साथ मारपीट की। इस मारपीट में तीन अधिकारी घायल हो गए। इस घटना के बाद हरला थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार, धनबाद की सीबीआई एंटी करप्शन ब्रांच को ग्रामीण बैंक के रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी के खिलाफ एक ग्रामीण ने शिकायत की थी। ग्रामीण ने बैंक से कर्ज पर ट्रैक्टर लिया था। लोन डिफॉल्टर होने की वजह से उसका ट्रैक्टर जब्त कर लिया गया था। बाद में उसने बकाया राशि जमा कर दी, लेकिन रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी ट्रैक्टर रिलीज नहीं कर रहा था। उसने ट्रैक्टर छोड़ने के एवज में 15 हजार रुपए की मांग की थी। इसी मामले में ग्रामीण की ओर से मिली शिकायत के आधार पर पूछताछ के लिए सीबीआई की टीम बुधवार को धनराज चौधरी के सेक्टर नौ स्थित आवास पर पहुंची थी। टीम ने घर की तलाशी लेकर कई कागजात जब्त किए थे। धनराज को गाड़ी में बैठाकर बरामद कागजात से संबंधित पूछताछ की जा रही थी, तो उसकी अफसरों से बहस हो गई। इसी दौरान वहां कई लोग जुट आए और सीबीआई की टीम पर हमला कर दिया। ग्रामीण का जब्त किया गया ट्रैक्टर गांव के ही सुशील चौधरी के पास है। सीबीआई की टीम ने उसके घर भी दबिश दी, लेकिन वह फरार था।

जानकारी के अनुसार, सीबीआई की टीम ने रिकवरी एजेंट धनराज चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। धनबाद के एएसपी पीके झा ने सीबीआई टीम पर हमले की घटना की पुष्टि की है। बोकारो के हरला थाना प्रभारी अनिल कश्यप के अनुसार, कार्रवाई के दौरान सीबीआई की टीम से मारपीट के संबंध में लिखित शिकायत दर्ज करने के बाद मामले की जांच की जा रही है। हमलावरों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# रामनवमी के मंगलवारी जुलूस पर पथराव, संसद में गूंजा मामला

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** झारखंड के गिरिडीह से लेकर हजारीबाग तक नफरती आग जल रहा है। प्रशासन सब जानती है फिर भी मूकदर्शक बनी हुई है। क्या केवल हिंदुओं के ऊपर पत्थर, लाठी और प्राथमिकी एवं सामाजिक सौहाद्र बनाने का जिम्मेवारी है। क्या झारखंड की सरकार की कोई जिम्मेवारी नहीं बनती उक्त बातें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने पूर्व में लोकसभा में कही थी, आशंका जताया था। अब हजारीबाग में नफरती आग ने आशंका को सच साबित किया है। बुधवार को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने देश के सर्वोच्च सदन संसद भवन में बीते मंगलवार की रात को हजारीबाग के झंडा चौक के समीप हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस के दौरान रामभक्तों और श्रद्धालुओं पर हुए पथराव की घटना को पुनः पुरजोर तरीके से उठाया और कहा कि बीते 11 फरवरी 2025 को इस सदन में मैंने झारखंड राज्य में बहुसंख्यक हिंदुओं पर हो रहें अत्याचार का मुद्दा उठाया था। झारखंड में सरस्वती पूजा, शिवरात्रि, यज्ञ का कलश यात्रा में भी लगातार पथराव होता है। कल रात में हजारीबाग के रामनवमी के दूसरे मंगला जुलूस पर हजारीबाग के झंडा चौक के समीप सदर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर पुनः एक समुदाय विशेष के लोगों ने पथराव किया। इसमें 10 पुलिस वाले, जिसमें डीएसपी लेवल के पदाधिकारी और एडिशनल कलेक्टर लेवल के पदाधिकारी भी घायल हुए हैं । सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि झारखंड की सरकार ने अभी तक जम्मू कश्मीर की सरकार से इन पत्थरबाजों को कैसे कंट्रोल किया जाय ये नहीं शेष पेज 11 पर

## इंडिया

# देश के लिए लड़ने वाले सैनिकों के घरों की चिंता हमारी होनी चाहिए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

अक्सर समाचार में आता है कि किसी सेना या अर्द्धसैनिक सेवा के जवान ने आत्महत्या कर ली या अवसादग्रस्त होकर साथियों पर गोली चला दी।सबसे अधिक अनुशासित और देश के लिए जान की बाजी लगाने वाले वीर जब ऐसा करें तो समाज और सरकार को इसे बहुत गंभीरता से लेना चाहिए।जम्मू-कश्मीर के अलग-अलग हिस्सों में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) में कार्यरत व सेवानिवृत्त कार्मिकों में पंजाब, हरियाणा से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक समेत देश के अन्य हिस्सों के वीर व उनके सम्मानित परिजन की चिंताओं में छिपा है सेवा में रहते हुए बल छोड़ने वाले कार्मिकों की बढ़ रही संख्या का कारण । एक रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2020 से 2024 तक केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, राष्ट्रीय सुरक्षा गारद (एनएसजी) व असम राइफल्स (एआर) के 55 हजार से ज्यादा कार्मिकों ने नौकरी छोड़ दी है। इनमें 47,891 ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली, जबकि 7,664 ने त्यागपत्र दे दिया।पहली बात, सशस्त्र बलों व उनके परिवारों में कई अपेक्षाओं व उलाहनों के बावजूद सरकारों के प्रति सकारात्मक भाव बढ़ा है। बल के कार्मिकों से लेकर परिजन तक यह मानते हैं कि उनसे जुड़े मुद्दों पर पहले से बेहतर सुनवाई शुरू हुई है। पिछले कुछ वर्षों में उनके निजी हितों की ओर भी सरकार संवेदनशील हुई है। अगर वे अपने पारिवारिक विवाद, जमीन-जायदाद, सामाजिक मुद्दों को अपने गृह जिले व क्षेत्र में उठाते हैं, तो स्थानीय प्रशासन उस पर तत्परता से ध्यान देने लगा है। आम लोगों के बीच भी सम्मान का भाव बढ़ा है। 'भारत के वीर ट्रस्ट' बनने से वीरगति को प्राप्त कार्मिकों के निकट संबंधियों को सहायता मिलनी सहज हुई है। दूसरी अहम बात, वीरगति के बाद परिवार व सेवानिवृत्ति के बाद भविष्य की चिंता से जुड़ी है। इनमें सेवा संबंधी लाभ, सुविधाएं, सेहत व उनकी मनोदशा जैसे विषय सबसे ऊपर हैं। इनमें टीस है कि दंगा, बवाल से लेकर सीमा व नक्सल प्रभावित उच्चतम संवेदनशील क्षेत्रों में अग्रिम मोर्चों पर वे तैनात होते हैं। पुलवामा व दंतेवाड़ा जैसा बलिदान देते हैं। लेकिन सेना के समान सम्मान व सुविधाएं अब तक नहीं मिल पा रही हैं। इनमें पेंशन लाभ, कैंटीन से जुड़ी विसंगति, बच्चों की शिक्षा में आरक्षण, बल की भर्तियों में रक्त संबंधियों को रियायत से लेकर शहीद का



दर्जा देने जैसे कई मुद्दे शामिल हैं। परिजन में टीस है कि बल में शामिल उनके घर का प्रिय सदस्य परिवार की आवश्यकता के ज्यादातर अवसरों पर उपलब्ध नहीं हो पाता है। बलों में कार्यरत कार्मिकों के बच्चे चाहते हैं कि दूसरे बच्चों के मां-बाप की तरह उनके माता-पिता भी जन्मदिन व मैरिज एनिवर्सरी जैसे जीवंत पलों पर उनके साथ हों। घर में बुजुर्ग चाहते हैं कि वर्ष में उनके बेटे/बेटी का जन्मदिन, तो कम से कम उनकी आंखों के सामने मनाया जाए। घर में कोई महत्वपूर्ण अवसर हो, तो वे भी शामिल हों। लेकिन, अक्सर होता है कि बल के कार्मिक इन अनमोल पलों का भी हिस्सा नहीं बन पाते। परिवार से दूर बलों के कई कार्मिक और उनके परिजन इन खास मौकों पर अनुपस्थिति को सह नहीं पाते हैं। बल से वापसी का यह भी एक बड़ा कारण बनता जा रहा है। इसी तरह कार्मिकों की सेहत व उनकी मनोदशा परिवारों में चिंता का विषय बन रही है। परिजन कहते हैं कि अर्धसैनिक बलों में सेवा के अवसर को कार्मिक के निरोगी और बलवान होने की निशानी के तौर पर लिया जाता था। लेकिन, इधर बीमारी या अवसाद से जान गंवाने वाले कार्मिकों की संख्या बढ़ी है। खास मौकों पर भी छुट्टी मिलने में कठिनाई अलग-अलग पृष्ठभूमि व समझ वाले परिवारों में कई बार कलह और विवाद की वजह बन जाती है, जो जान गंवाने तक पहुंच जाती है। सरकारी आंकड़े परिवारों की इस चिंता की तस्दीक करते हैं। वर्ष 2019 में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्यरत सीआरपीएफ, बीएसएफ, आईटीबीपी और एसएसबी के 84 कार्मिकों की मौत हार्ट अटैक या अन्य बीमारियों से हुई थी। यह संख्या अब हर साल 100 पार कर रही है। इसी तरह हर वर्ष 100 से ज्यादा कार्मिक आत्महत्या कर रहे हैं। चिंता वाली बात है कि अगस्त 2024 में लोकसभा में प्रश्नोत्तर में दिए आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2019 से 2023 तक अर्धसैनिक बलों के 577 जवानों की हार्ट अटैक या अन्य बीमारियों से मृत्यु हुई। वहीं, गत वर्ष चार दिसंबर को राज्यसभा में दी गई जानकारी के मुताबिक, वर्ष 2020 से 2024 के बीच 730 कार्मिकों ने खुदकुशी की। ये आंकड़े विचलित करने वाले हैं। ऐसे में देश के केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल के कार्मिकों और इनके परिवार को स्वस्थ व प्रसन्न रखना सरकार व समाज की बड़ी जिम्मेदारी है। इस ओर हमें और अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है। जब भी किसी सैनिक या उसके परिजन का कोई काम हो उसे तत्परता से कराना समाज और सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए ताकि वह तनावमुक्त होकर देश के लिए सीमाओं पर लड़ सके क्योंकि उन्हें छुट्टियाँ आसानी से नहीं मिलती।

# ईडी ने एनआरएचएम घोटाले के आरोपी प्रमोद सिंह का दो मंजिला मकान किया जब्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने धनबाद में हुए एनआरएचएम घोटाले में एक दो मंजिला मकान और उससे संबंधित जीमीन को जब्त किया है। जब्त की गयी संपत्ति की कीमत 1.42 करोड़ रुपए है। इससे पहले ईडी इस मामले में 1.63 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर चकी है। इस तरह एनआरएचएम घोटाले में प्रमोद सिंह से जुड़ी जब्त की गयी कुल संपत्ति की कीमत 3.05 करोड़ रुपये हो गई। ईडी द्वारा जब्त दो मंजिला मकान आदित्य नारायण सिंह की पत्नी रमापति देवी के नाम पर है। रमापति देवी एनआरएचएम घोटाले के मुख्य अभियुक्त प्रमोद सिंह की मां व आदित्य नारायण सिंह उसके पिता हैं। ईडी ने एनआरएचएम घोटाले की जांच सीबीआई द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आलोक में की थी। सीबीआइ ने इस मामले में 6.97 करोड़ रुपये के घोटाले का आरोप लगाया था। इडी ने सीबीआइ द्वारा दर्ज प्राथमिकी को इसीआइआर के रूप में दर्ज करने के बाद मामले की जाँच की। इसमें 9.39 करोड़ रुपये के लॉड्रिंग की पुष्टि हुई। मामले की जाँच के दौरान इडी ने धनबाद में प्रमोद सिंह व उससे जुड़े लोगों के ठिकानों पर जुलाई और सितंबर 2024 में छापा मारा था। इसके बाद 1.63 करोड़ रुपये की संपत्ति जप्त की थी। सीबीआइ ने मामले की जाँच के दौरान प्रमोद सिंह को कई बार समन देकर पूछताछ के लिए बुलाया। लेकिन वह हमेशा समन को नजर अंदाज करता रहा। बाद मे वह इडी के समन पर 18 फरवरी 2025 को पूछताछ के लिए रांची स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में हाजिर हुआ। इडी ने लंबी पूछताछ के बाद उसे देर रात गिरफ़्तार कर लिया। फिलहाल वह जेल में है।

# पुलिस ने फरार अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाया

**नवीन मेल संवाददाता**



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना के नामजद फरार आरोपी सुलतानी गांव निवासी जटाई सिंह उर्फ राजेश्वर सिंह का पुत्र रंजन कुमार उर्फ रंजन सिंह के घर पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है। पिपरा थाना के एसआई मनोज राणा ने ढोल बाजा के साथ ढिंढोरा पिटवा कर आरोपी के घर पर न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तहार चिपकाया। मालूम हो कि एक माह पूर्व ई पाश मशीन में अंगूठा लगाने जा रही छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया था। रंजन सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसके बाद से वह गिरफ्तारी के डर से फरार चल रहा है। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि एक माह के अंदर उक्त अभियुक्त न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है। उसके घर की कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

# एसडीएम ने किया शराब दुकान का निरीक्षण

**रेट चार्ट लगाने का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** एसडीएम गौरांग महतो ने शहर के जेपी चौक स्थित शराब दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शराब दुकानदारों को रेट चार्ट दुकान के बाहर लगाने का सख्त निर्देश दिया। एसडीएम ने बताया कि शराब की दुकानों पर ओवर रेटिंग की लगातार शिकायत मिल रही थी। उन्होंने बताया कि शराब दुकानदार को रेट चार्ट




लगाकर अंकित मूल्य पर शराब बेचने का निर्देश दिया गया है। इसके उपरांत उन्होंने जेपी चौक स्थित सड़क पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों को भी दुकान के आगे से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि ईद पर्व के बाद हुसैनाबाद शहर को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। मौके पर नगर पंचायत प्रशासक राकेश सिंह, सुपरवाइजर रवि यादव, संजीत कुमार आदि मौजूद थे।

# एसएमसी बैठक में शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने पर जोर

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के रजवाडीह मध्य विद्यालय में एसएमसी की मासिक बैठक में बच्चों के शत-प्रतिशत नामांकन पर विशेष चर्चा हुई, जिसमें निर्णय लिया गया कि एसएमसी के सभी सदस्य सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे। प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने बताया कि कक्षा 6वीं और 7वीं की वार्षिक परीक्षा के परिणाम घोषित हो चुके हैं, 8वीं बोर्ड परीक्षा भी संपन्न हो चुकी है और अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है, इसलिए अभिभावकों से बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की अपील की गई। बैठक में अध्यक्ष पार्वती देवी, उपाध्यक्ष ललिता देवी, संयोजिका रंजु देवी, शिक्षक सदस्य प्रियंका कुमारी, बाल सांसद सदस्य सत्यम कुमार, सदस्य माया देवी, नीलम देवी, रूली देवी, सुचिता देवी और कविता देवी उपस्थित रहे, जबकि शिक्षिका निशा, पूनम रानी, शिक्षक विजय कुमार ठाकुर और लैब इंस्पेक्टर अनूप मिश्रा ने आयोजन में सहयोग किया।

# मोहम्मदगंज-महुडंड पथ की हालत खराब

**जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश ग्रामीण**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पीएमजीएसवाई से बनी मोहम्मदगंज-महुडंड पथ ने पठारी क्षेत्र के माहूर, लोहबंधा, भरूही समेत आधा दर्जन गांवों में आवागमन का मार्गप्रशस्त किया है। इसका शिलान्यास सांसद वीडी राम ने प्रथम कार्यकाल के दौरान किया था। मगर बनने के 2-3 साल में ही इसमें जगह-जगह खराबी आ गई है। ऐसी स्थिति में पठारी गांवों के ग्रामीण राजनडीह से महुडंडकी ओर वाहनों से जान हथेली पर रखकर सफर करने को विवश हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आजादी के बाद पहली बार पीएमजीएसवाई से मोहम्मदगंज - महुडंड रोड का निर्माण किया गया, तो पठारी इलाके के गांवों तक पहुंचना आसान हो गया था। इससे बाहर की दुनिया से जुड़ने का सुगम माध्यम मिल गया। जबकि पहले पथरीली और कंटकाकीर्ण राहों पर पगडंडियों के सहारे पैदल ही चलने की मजबूरी थी। मगर, इसके बनने के बाद इसमें आई खराबी के कारण इस रोड में खासकर चार पहिया वाहनों से सफर तय करना जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने बताया कि सड़क में आई खराबी के कारण भाड़े की गाड़ियां खासकर, इक्के दुक्के कमांडर जीप चलते हैं। ऐसे में बोरे की तरह लदकर सफर तय करना उनकी विवशता बन गई है। उन्होंने बताया है कि निर्माण के बाद इसकी मरम्मत की अवधि में भी इस पर काम नहीं किया जा सका है।

## युवा समाज सेवी ग्राहकों की समस्या को लेकर उच्चाधिकारियों को किया ट्वीट

**हैदरनगर।** भारतीय स्टेट बैंक की शाखा के ग्राहकों को पिछले तीन महीनों से पासबुक प्रिंटर और एटीएम की अनियमित सेवाओं की खबर पर युवा समाजसेवी अंजू सिंह राणा ने बैंक प्रबंधन के उच्चाधिकारियों को ट्वीट कर समाधान की दिशा में त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया। उन्होंने ग्राहकों की समस्याओं का हवाला देते हुए कहा है कि उन्हें क्योस्क से भी निःशुल्क सेवा नहीं मिल पा रही है। जिससे उन्हें बिना काम के वापस घर लौटना पड़ता है। उनका कहना है कि शाखा में पासबुक प्रिंटर की सेवा बंद है और सॉफ्टवेयर में भी समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में युवा एक्टिविस्ट अंकु सिंह राणा ने ट्विटर पर इस मुद्दे को लेकर शिकायत की है। एसबीआई ने इस शिकायत के बाद एसबीआई ने अपनी आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से जवाब में ग्राहकों की असुविधा पर खेद व्यक्त किया है। साथ ही इस समस्या को लेकर क्षेत्रीय टीम को अग्रेषित करने की बात कही है।

# बिजली चोरी के खिलाफ 7 पर केस दर्ज, 60 हजार का जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** थाना क्षेत्र के करडंडा और भाली गांव में बिजली चोरी के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इसके तहत 7 लोगों को अवैध तरीके से बिजली का दुरुपयोग करते पाया गया है। सभी के खिलाफ विद्युत अधिनियम की धाराओं के तहत स्थानीय थाने में केस दर्ज कराया गया है। इस अभियान का नेतृत्व जपला विद्युत अवर प्रमंडल के सहायक विद्युत अभियंता राम प्रसाद महतो ने किया।उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान अवैध तरीके से बिजली का दुरुपयोग करते करडंडा गांव निवासी संजय साव, चंद्रदेव रजवार, दशरथ साव, राजेश प्रजापति, कृष्णा बैठा जबकि भाली गांव निवासी अजय कुमार सिंह और बुच्ची देवी को पाया गया। इनके खिलाफ बिजली चोरी को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराने के साथ ही कुल मिलाकर 60 हजार का आर्थिक दंड भी लगाया है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी को रोकने के लिए छापेमारी अभियान चलाया जाता रहेगा। उन्होंने आम लोगों से ऐसा करने से परहेज करते हुए वैध कनेक्शन से बिजली का उपयोग करते हुए इसकी चोरी करने वाले की सूचना देने का आग्रह किया है। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है। इस छापेमारी अभियान में मानव दिवस कर्मी रंजय कुमार, ललितेश्वर मेहता, मंटू मेहता और ऊर्जा मित्र रविशंकर सिंह भी शामिल थे। इस छापेमारी अभियान से हड़कंप मच गया है।

# पथरा पंचायत में सभी योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग

**ग्रामीणों ने राज्यपाल को लिखा पत्र**

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने झारखंड के राज्यपाल को पत्र लिखा है। उन्होंने ग्राम पंचायत पथरा के अधीनस्थ सभी योजनाओं की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की है। पत्र में उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत पथरा में मुखिया नरेश पासवान के द्वारा अधिकतर योजनाओं में अवैध तरीके से पैसे की निकासी कर ली गई है। धरातल पर कोई भी कार्य नजर नहीं आ रहा है। ग्रामीणों ने कहा है कि पथरा पंचायत भवन जिला पर्षद से दोनों तल्ला का कार्य पूर्ण किया गया एवं पूर्व मुखिया के द्वारा कुर्सी, टेबुल, जनरेटर, आदि पूर्ण रूप से व्यस्थित कर पंचायत भवन में रखा गया। इसके बाद भी वर्तमान मुखिया ने पंचायत भवन के सुन्दरीकरण के नाम पर लाखों रुपए की निकाशी की है, जो जांच का विषय है। मुखिया ने प्रत्येक गाँव में जनसंख्या के आधार पर राशि खर्च नहीं की है। पत्र में कहा गया है कि मुखिया नरेश पासवान ने 15 वीं वित्त, मनरेगा के तहत डोभा, पौधारोपण एव सिंचाई कूप निर्माण एनजीओ के तहत करा कर लाखों रुपए की बंदरबांट किया है। कहा गया है कि अबुआ आवास में घोर अनियमितता की गई है। बहुत सारे लाभुक जिनको पूर्व में प्रधानमंत्री आवास दिया जा चुका है, पुनः उनसे पैसा लेकर दोबारा अबुआ आवास आवंटित किया गया है। पारा शिक्षक एवं होमगार्ड की पत्नी एवं आर्थिक रूप से संपन्न व्यक्तियों को भी पैसा लेकर अबुआ आयास आवंटित किया गया है। कई मामलों में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी द्वारा नोटिस देकर पैसा वापस करने का आदेश दिया गया है। मुखिया नरेश पासवान ने अपने पिता इन्द्रदेव पासवान को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ आईडी संख्या जेएच 2909198 (2018-19) के द्वारा मिला है। पुनः मुखिया नरेश पासवान ने अपनी माता राजजकेशरी देवी, पति इन्द्रदेव राम को अबुआ आवास का लाभ दिया गया है। इतना ही नहीं मुखिया के सहोदर भाई विनय कुमार पासवान को भी अबुआ आवास योजना का लाभ दिया गया है। मुखिया की अपनी भाभी अनिता देवी पति दिनेश पासवान को पीएम आवास योजना का लाभ मिल चुका है। ग्रामीणों ने पत्र के माध्यम से राज्यपाल समेत मुख्य मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री समेत उच्चाधिकारियों को भी पत्र की प्रति देकर अनुरोध बकाया है कि वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए राज्य स्तर से जांच टीम गठित कर सक्षम पदाधिकार से जांच कराने की मांग की है। पत्र पर हस्ताक्षर करने वालों में राजू मिस्त्री, योगेंद्र राम,बैजनाथ राम, कृष्ण राम समेत हस्ताक्षर करने वालों में 134 लोग शामिल हैं।

## एक नजर

### विदेश सिंह इंटर कॉलेज में मनी पुण्यतिथि



**हैदरनगर।** विदेश सिंह इंटर कॉलेज में पूर्व विधायक स्वर्गीय विदेश सिंह की पुण्य तिथि मनाई गई। मौके पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर कॉलेज के सचिव विनोद सिंह ने कहा कि विदेश बाबू पलामू के सच्चे सपूत थे। उन्होंने हैदरनगर जैसे पिछड़े इलाके में इंटर कालेज खुलवा कर गरीबों व कमजोर लोगों के बच्चों को आसानी से इंटर तक की शिक्षा उपलब्ध कराने का काम किया। प्राचार्य पिंकी कुमारी ने कहा कि विदेश सिंह व्यक्ति नहीं विचार थे। उनके आदर्शो पर चल कर ही एक बेहतर समाज की स्थापना की जा सकती है। मौके पर पवन जायसवाल, विकास रजक, इजरायल अंसारी, उमेश चौधरी, नवाजिश खान के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# झामुमो प्रखंड कमेटी का विस्तार, सुरेन्द्र बने अध्यक्ष

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद ।** शहर के मुनि सिंह चौक के समीप झामुमो कार्यालय हुसैनाबाद में बुधवार को नवगठित पंचायत कमेटी के लोगों की बैठक हुई। इस दौरान पंचायत कमेटी द्वारा प्रखंड कमेटी बनाने का प्रस्ताव लाया गया। सर्वसम्मति से सुरेन्द्र चौधरी को प्रखंड अध्यक्ष, रत्नेश कुमार सिंह, विजय पासवान, आजम खान को उपाध्यक्ष, राजेश कुमार सिंह को सचिव, सुदर्शन सिंह, जाकिर हुसैन, रवि मिश्रा को संगठन सचिव , पिंटू गुप्ता को संयुक्त सचिव, सीताराम को कोषाध्यक्ष, जबकि रविन्द्र राम, कांता पासवान को कार्यकारणी सदस्य बनाया गया। बैठक में उपस्थित जिला संयोजक प्रमुख राजेन्द्र प्रसाद सिंहा ने नवमनोनित प्रखंड अध्यक्ष व सचिव को प्रखंड कमेटी व पंचायत कमेटी को सक्रिय करने, संगठनात्मक स्तर पर पार्टी को मजबूत करने और पार्टी के निर्देश पर सभी प्रकार के कार्यक्रम का संचालन करने की बात कही। मौके पर संयोजक सदस्य सुशीला मिश्रा, वशिष्ठ कुमार सिंह उर्फ.बबलू सिंह, हाजी ललन साहब, संतोष मिश्रा , समेत कई अन्य नेताओं व पार्टी कार्यकताओं ने नवमनोनित प्रखंड कमिटी के लोगों को बधाई दी है।

## करंट की चपेट में आने से भैंस की मौत

**हरिहरगंज।** प्रखंड अंतर्गत सेमरवार पंचायत के ढाब कला गांव निवासी सरस्वती कुंवर का एक दुधारू भैंस की बुधवार की दोपहर करंट की चपेट में आने से मौत हो गई । बताया जाता है कि ढाब खुर्द चौखटवा मोड़ नहर के किनारे 11 हजार वोल्ट विद्युत पोल के स्टेक में करंट आने से भैंस उसकी चपेट में आ गई। इस घटना से लोगों में विद्युत विभाग के प्रति भारी रोष है। मुखिया जितेंद्र पासवान व पंसस वासुदेव राम ने कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही के चलते एक भैंस की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। साथ ही विद्युत विभाग से पीड़ित महिला को मुआवजा देने की मांग की है।

# भूमि समस्या निदान के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं: माले

**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** भाकपा माले अनुमंडल कमेटी के तत्वावधान में कचरी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय धरना बुधवार को संपन्न हो गया। धरना समाप्त होने के बाद माले नेताओं ने मुख्यमंत्री के नाम लिखें 10 सूत्री मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौंपा। नेताओं ने अनुमंडल पदाधिकारी से उक्त मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया। भाकपा माले के जिला सचिव कालीचरण मेहता ने कहा कि भाकपा माले लगातार गरीब, मजदूर, किसान की समस्याओं को लेकर आंदोलन करते रही है।उन्होंने कहा कि पूरे जिले में भूमि की समस्या व्याप्त है। आदिवासियों की भूमि दबंगो द्वारा हड़पा जा रहा है भूमि समस्याओं के निदान के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि भूमि समस्याओं के निदान के लिये पार्टी संघर्षरत रहेगी। उन्होंने लोगो को एकजुट होकर जनसमस्याओं के निदान के लिये संघर्ष करने की अपील की। जिला कमेटी सदस्य अख्तर अंसारी, कामेश्वर सिंह, सुनीता देवी, लखपतिया देवी, शांति देवी ,सरिता देवी , गिरधारी सिंह ने भी धरना को संबोधित किया। अनुमंडल पदाधिकारी को दिये गये मांग पत्र में कहा गया है कि केतार थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी लगातार माले नेताओं व कार्यकर्ताओं को परेशान कर जमीन लुटेरों से साथ सांठ गांठ साजिश के तहत झूठे केस में जेल भेज रहे हैं। आदिवासियों के हक में आवाज उठाने वाले दिलीप गुप्ता पर फर्जी मुकदमा कर जेल भेज दिया गया। उसकी उच्च स्तरीय जांच कर मुकदमा हटाने व षड्यंत्र करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई करने, श्री बंशीधर नगर अनुमंडल के सभी अंचलों में कैंप लगाकर दलित ,आदिवासी, पिछड़ी जाति के गरीब गुरबों के दखल कब्जे की जमीन को ऑनलाइन करने ,सभी 18 से 49 वर्ष की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत अविलंब सम्मान राशि का भुगतान करने सहित अन्य मांग शामिल है। धरना में अनुमंडल कमेटी के सचिव कामेश्वर विश्वकर्मा ,त्रिभुवन सिंह, रामचंद्र उरांव, राजेंद्र राम ,मुंद्रिका ठाकुर ,राजू विश्वकर्मा, गणेश बैठा, गिरधारी सिंह सहित बड़ी संख्या में माले कार्यकर्ता उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता रामचंद्र उरांव ने किया।

## दावते इफ्तार का आयोजन आपसी सद्भावना का प्रतीक: एसपी

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस द्वारा आयोजित दावत ए इफ्तार पार्टी का उद्देश्य जिले में आपसी भाईचारगी व आपसी सद्भावना का संदेश देना है। उक्त बातें पलामू एसपी रेशमा रामेशन ने कही। वह बुधवार को पलामू पुलिस परिवार की ओर से पुलिस लाइन के मैदान में रमजान के पवित्र महीने के मौके पर दावते इफ्तार पार्टी का आयोजन रखा गया था। इस इफ्तार में आईजी, डीआईजी, सीआरपी डीआईजी, डीएसपी सहित सभी थानों के थाना प्रभारी व पुलिस बल के अलावा पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, महावीर युवक दल के जनरल जुगल किशोर चंद्रवंशी, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल जीशान खान, झामुम जिला सचिव सानू सिद्दीकी, जिला परिषद सदस्य फजायल अहमद, रामलव चौरसिया सहित शहर से सभी धर्म के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

## आत्म शुद्धि व प्रकृति के प्रति समर्पित है छठ व्रत: पं. कुंडल तिवारी

**हैदरनगर।** पौराणिक कथाओं में चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी छठी मैया ब्रम्हा जी की मानस पुत्री और भगवान सुर्यदेव की बहन है। छठ व्रत की महत्ता पर एक चर्चा में पं. कुंडल तिवारी ने कहा कि षष्ठी देवी संतान प्राप्ति की देवी और शरीर के मालिक सुर्यदेव हैं। माना जाता है कि ब्रम्हा जी ने सृष्टि की रचना कर स्वयं को दो भागों मे विभाजित किया था। एक भाग पुरुष और दूसरा भाग प्रकृति के रुप में था। छठ व्रत चार दिनों का होता है। इसमें साफ, सफाई, शुद्धता का खास ध्यान रखा जाता है। इस व्रत में कोई गलती करने से पूर्व व्रती और उनके परिजनों को सौ बार सोच विचार कर निर्णय लेना चाहिए। इस व्रत को करने के नियम काफी कठिन हैं। इससे व्रत को महाव्रत और महापर्व कहा गया है। सूर्यदेव व जल की महत्ता को साक्षी मानकर भगवान सूर्य की आराधना कर आशिर्वाद मांगते है। चैती छठ व्रत पर पहली अप्रैल को नहाए खाय, 2 अप्रैल को खरना इसके बाद ही 3 अप्रैल को अस्ताचल और 4 अप्रैल की सुबह सुर्योदय पर भगवान सूर्यदेव को अर्ध्य देने के साथ ही व्रती पारण करेंगे।

# महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को मिला स्मार्ट फोन



**गढ़वा।** केन्द्र प्रायोजित योजना 'पोषण अभियान' के तहत जिले के कुल 9 बाल विकास परियोजनाओं के 1330 आंगनबाड़ी केन्द्रों के सेविकाओं व 50 महिला पर्यवेक्षिकाओं के लिए स्मार्टफोन वितरण करने के लिए नीलांबर पीतांबर बहुद्देशीय सांस्कृतिक नगर भवन गढ़वा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बताते चलें कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग (समाज कल्याण) के अंतर्गत बुधवार को प्रोजेक्ट भवन, रांची में मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार द्वारा महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरण के लिए कार्यक्रम आयोजित है। उक्त के आलोक में जिला स्तर पर भी महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरण का कार्यक्रम आहूत की गई। जहां जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद द्वारा जिले के विभिन्न परियोजनाओं के समस्त महिला पर्यवेक्षिकाओं व आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्ट फोन प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि महिला पर्यवेक्षिकाओं व आंगनबाड़ी सेविकाओं के बीच स्मार्टफोन वितरण के बाद परियोजनाओं अंतर्गत विभिन्न संचालित कार्यों को करने में काफी आसानी होगी। अब महिला पर्यवेक्षिका व आंगनबाड़ी सेविका द्वारा अपने दायित्वों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यक्रम के तहत आधार वेरीफिकेशन, फेस रिकॉग्निशन, सीबीई एक्टिविटी, इंसेंटिव, मेजरिंग एफिशिएंसी, हाउस विजिट, इंफ्रास्ट्रक्चर डाटा एंट्री एवं एसएएम,एमएएम कार्य आसानी पूर्वक कर सकेंगी।

# लटपौरी में राजस्व कैंप आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** मार्च महीने की शेड्यूल के अनुसार गुरुवार को लटपौरी पंचायत सचिवालय में राजस्व कैंप लगाकर भूमि संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। मुखिया उमेश राम ने अधिक से अधिक लोगों को इस कैंप में पहुंच कर अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। बता दें कि चालू माह में निर्धारित तिथियों में आयोजित राजस्व कैंप के प्रति पंचायत प्रतिनिधियों के साथ ही लोगों की भी उदासीनता लगातार देखने को मिल रही है। भजनियां और मोहम्मदगंज में शून्य आवेदन के बाद इससे पहले 19 मार्च को कादलकुर्मी में 3 जबकि सोमवार को गोड़ाडीह में आयोजित राजस्व कैंप में लगान रसीद के मात्र दो आवेदन ही जमा कराए गए थे। लटपौरी के बाद 29 के कोल्हुआ-सोनबरसा और इसके बाद रामबांध में 3 और पंसा में 5 अप्रैल को आयोजित होने वाले राजस्व कैंप में लोगों की उपस्थिति और पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी को लेकर क्या स्थिति सामने आती है, देखने वाली बात होगी। जबकि पंचायतवार राजस्व कैंप भूमि संबंधित खासकर, लगान रसीद, पंजी टू में रैयत के नाम खाता व प्लॉट आदि की त्रुटियों में सुधार को लेकर लोगों को अंचल कार्यालय की भागदौड़ की परेशानियों से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया जा रहा है। मगर बताया जा रहा है कि पंचायतवार आयोजित राजस्व कैंप में भी आवेदनों के जमा करने की स्थिति संतोषजनक नहीं है। जबकि बकौल अंचल अधिकारी रणवीर कुमार फरवरी माह से ही सप्ताह के हर सोमवार, गुरुवार और शनिवार को पंचायतवार उच्चाधिकारियों के आदेश से राजस्व कैंप लगाया जा रहा है।

**पहल**

## धान अधिप्राप्ति कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान की मांग

# वित्त मंत्री व एमडी से मिला सकारात्मक अश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिला पैक्स अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा के नेतृत्व में सात सदस्यीय कमेटी ने रांची विधानसभा में बुधवार को मंत्री राधा कृष्ण किशोर व और सतेंद्र कुमार प्रबंध निदेशक खाद्य निगम झारखंड को धान अधिप्राप्ति कार्य में आ रही समस्याओं के समाधान के लिए मांग पत्र दिया। मंत्री किशोर ने सकारात्मक आश्वाशन देते हुए एक सप्ताह का समय दिया गया है। प्रतिनिधि मंडल में सम्मानित अध्यक्ष अरविंद सिंह, निरंजन प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, गिरवर पाण्डेय, मनोरंजन दुबे, शिव प्रसाद साहू, पंकज पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद थे।

### जिला पैक्स अध्यक्ष की मुख्य मांग

किसानों द्वारा वित्त मंत्री को दिये गये मांग पत्रों में मुख्य रूप से धान का उठाव समय पर नहीं होना, किसानों का प्रथम किस्तों का भुगतान महीने से ऊपर एवं द्वितीय किस्तों का भुगतान अभी तक नहीं होना, बढ़ते तापमान से धान का सूखना बोरा फटने चूहा द्वारा बर्बाद करने की मां शामिल है। इसके अलावा केंद्र पर रात्रि प्रहरी रखकर धान का सुरक्षा करना,धान क्रय केंद्र संचालक का कमीशन बकाया का भुगतान करना,समय पर उठाओ नहीं होने से वजन घटने के बाद अध्यक्ष पर किसी तरह का मुकदमा नहीं होना आदि मांगे शामिल है।

# व्यावसायी सह भाजपा नेता का निधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** भजनियां पंचायत अंतर्गत करडंडा के निवासी व स्थानीय बाजार के प्रमुख फल व्यवसायी भाजपा के वरिष्ठ नेता किसान मित्र गोविंद प्रसाद मेहता का मंगलवार की रात्रि 9 बजे बीएचयू (वाराणसी) में इलाज के दौरान निधन हो गया। सुबह एंबुलेंस से शव के पैतृक निवास पर पहुंचते ही परिजनों के रुदन-क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह व अन्य भाजपा नेताओं ने करडंडा स्थित पैतृक आवास पर पहुंच कर शोक जताया। शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया। पार्थिव शरीर पर भाजपा का झंडा लपेटकर कार्यकर्ताओं सहित भावभीनी श्रद्धांजलि दी। बुधवार को स्थानीय कोयल-काशीसोत संगम श्मशानघाट पर दाहसंस्कार किया गया। इसमें काफी संख्या में गांव परिवार के लोगों के अलावा पार्टी नेता व ईष्ट मित्र शामिल थे। मुखाग्नि बड़े पुत्र हरिदर्शन मेहता ने दी। दाहसंस्कार में शामिल वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने गोविंद मेहता के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इससे पार्टी को मंडल स्तर पर अपूरणीय क्षति पहुंची है। मौके भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह के अलावा मथुरा प्रसाद, कामेश्वर मेहता,सीबी रमन सिंह, धीरेन्द्र बैठा,राजू मेहता, विजय कुमार पालो, कृष्णा प्रसाद मेहता, पंकज साव, शशि मेहता, मोहन मेहता, रामवचन प्रसाद, नरेश कुशवाहा, बिराजमल मेहता, गनौरी पासवान, विनोद पासवान, अवकाश चौरसिया, शिक्षाविद गोकुल प्रसाद और विधायक प्रतिनिधि पंचू रजवार सहित अन्य कई लोग शामिल थे।

## बिजली विभाग का जांच अभियान, 6 लोगों पर 68,300 रुपये का फाइन

**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड ने बुधवार को बैरिया, सुदना और रेड़मा में बिजली जांच अभियान चलाया, जिसे सहायक विद्युत अभियंता दामोदर कुमार की देखरेख में अंजाम दिया गया। इस दौरान बैरिया में भरदुल साव (62) और मीणा देवी (53) पर ₹10,500-₹10,500, सुदना में प्रिया सिंह (32) पर ₹15,800, जबकि रेड़मा में धीरज तिवारी (36) पर ₹10,500 और संतोष कुमार पांडे (35) पर ₹12,500 का फाइन लगाया गया। छापेमारी दल में तकनीकी सहायक दीपक कुमार, कनिष्ठ अभियंता सूर्यनाथ उरांव और एजेंसी कर्मी प्रवीण कुमार साहू शामिल रहे। बिजली विभाग ने साफ किया कि बिजली चोरी रोकने के लिए आगे भी नियमित जांच अभियान जारी रहेगा।

### जलापूर्ति योजनाओं में देरी पर नगर आयुक्त सख्त

# कार्यकारी एजेंसियों पर कार्रवाई की चेतावनी, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** समाहरणालय सभागार में नगर आयुक्त जावेद हुसैन की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता कामेश्वर गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



नगर आयुक्त ने निमिया, मझिगांवा और तोलरा ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई और कार्यकारी एजेंसियों के खिलाफ आर्थिक दंड और ब्लैकलिस्टिंग की चेतावनी दी। उन्होंने निर्देश दिया कि गर्मी के मद्देनजर जलापूर्ति योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए, ताकि पेयजल संकट से बचा जा सके और टैंकरों से जलापूर्ति करने की नौबत न आए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत ओडीएफ प्लस पंचायतों के लक्ष्य को शीघ्र पूरा करने और फाइव स्टार श्रेणी में गांवों को शामिल करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, प्रखंड स्तरीय प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाइयों और गोबर गैस प्लांट के निर्माण में तेजी लाने को कहा गया।

### श्रमिकों को चिकित्सा व मातृत्व सहायता दिलाने हेतु बैठक आयोजित

# चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के तहत 2.5 लाख तक की सहायता संभव

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज-सह-अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को श्रम अधीक्षक एतवारी महतो और चिकित्सकों के साथ एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में झारखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार बोर्ड के तहत पंजीकृत श्रमिकों को दी जाने वाली योजनाओं पर चर्चा की गई और उनके क्रियान्वयन में सुधार के लिए सुझाव लिए गए।



श्रम अधीक्षक ने बताया कि चिकित्सा सहायता योजना के तहत डॉक्टर द्वारा बेड रेस्ट की सिफारिश पर अधिकतम 40 दिनों की मजदूरी का भुगतान किया जा सकता है। वहीं, चिकित्सा प्रतिपूर्ति योजना के अंतर्गत गंभीर बीमारियों की स्थिति में जिला स्तरीय मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा पर अधिकतम 2.5 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जा सकती है।

महिला श्रमिकों के लिए मातृत्व प्रसूति योजना के तहत प्रथम दो प्रसव के लिए 15,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने चिकित्सकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि अधिक जागरूकता से इस योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा श्रमिकों तक पहुँचाया जा सकता है।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय कुमार ने पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाते हुए योजनाओं के शीघ्र और सही क्रियान्वयन का आश्वासन दिया। बैठक में सभी चिकित्सा प्रभारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# 31 मार्च तक सुनिश्चित करें खाद्यान्न वितरण : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

**गोदाम संचालन प्रक्रिया पर दी गई विस्तृत जानकारी**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू ने समाहरणालय स्थित एनआईसी सभागार में सहायक गोदाम प्रबंधकों और प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इसमें मार्च 2025 के राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत लाभुकों को खाद्यान्न एवं ग्रीन राइस वितरण की समीक्षा की गई।



बैठक में आपूर्ति पदाधिकारी ने आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए खाद्यान्न वितरण में तेजी लाने का निर्देश दिया। साथ ही, ई-केवाईसी को शत-प्रतिशत पूरा करने और सोना-सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना के तहत वस्त्र वितरण 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से करने का निर्देश दिया।

उन्होंने सभी सहायक गोदाम प्रबंधकों को गोदाम संचालन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी और अनाज के बेहतर रखरखाव व रजिस्टर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 5 अप्रैल के बाद वे खुद गोदामों का औचक निरीक्षण करेंगी और अद्यतन स्थिति की समीक्षा करेंगी।

# आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्मार्टफोन देकर डिजिटल सशक्तिकरण की पहल

**स्मार्टफोन से पोषण ट्रैकर और मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मिलेगी सहूलियत**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से पलामू जिले में कार्यरत आंगनबाड़ी सेविकाओं, महिला पर्यवेक्षिकाओं और प्रखंड समन्वयकों को स्मार्टफोन प्रदान किए गए। समाहरणालय सभागार में आयोजित समारोह में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने पोषण अभियान के तहत उन्हें स्मार्टफोन और संबंधित सामग्री सौंपी।



उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह पहल आंगनबाड़ी सेविकाओं को आधुनिक सूचना तंत्र से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम है। स्मार्टफोन मिलने से पोषण ट्रैकर पर डाटा एंट्री, फेस ऑथेंटिकेशन और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। इससे आंगनबाड़ी केंद्रों की दैनिक गतिविधियों की रिपोर्ट सीधे विभाग को भेजना आसान होगा।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि जिले की 2625 आंगनबाड़ी सेविकाओं, 30 महिला पर्यवेक्षिकाओं और 1 प्रखंड समन्वयक को स्मार्टफोन, डस्ट प्रूफ पाउच, बैक कवर, टेम्पर्ड ग्लास और एडॉप्टर उपलब्ध कराए गए हैं। इससे वे डिजिटल रूप से सक्षम होकर अपने कार्यों को अधिक प्रभावी बना सकेंगी।

# गर्म हवाओं ने बढ़ाई परेशानी, आइसक्रीम और शीतल पेय की बढ़ी मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** बुधवार को पलामू जिले में गर्म हवाओं के कारण दिनभर लू जैसे हालात बने रहे, जिससे लोग परेशान नजर आए। कुछ दिनों पहले हुई बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव खत्म होते ही फिर से तेज गर्मी लौट आई है।



मौसम विभाग ने मार्च के अंत तक तापमान में और वृद्धि की आशंका जताई है, और बुधवार की गर्म हवाओं ने इस संभावना को और मजबूत कर दिया। गर्मी बढ़ने से दिन और रात के तापमान में भारी अंतर देखा जा रहा है। दिन में अधिकतम तापमान 38.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इस कारण कई लोग खांसी, सर्दी और बुखार जैसी बीमारियों से प्रभावित हो रहे हैं। तेज गर्मी के चलते आइसक्रीम, कुल्फी, लस्सी और तरबूज की मांग में भी इजाफा हुआ है। हर गली-मोहल्ले में आइसक्रीम और कुल्फी विक्रेता नजर आ रहे हैं। मार्च की शुरूआत में जहां इनकी बिक्री कम थी, वहीं अब यह 25% तक बढ़ चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में तापमान और बढ़ने की संभावना है, जिससे गर्मी का प्रकोप और तेज हो सकता है।

## रामनवमी महासमिति के प्रखंड अध्यक्ष बने संदीप

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के सुभाष चौक स्थित हिंदू जागरण मंच कार्यालय में प्रखंड स्तरीय श्री रामनवमी महासमिति गठन के लिए प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हिंदू जागरण मंच के जिला अध्यक्ष आशीष दांगी ने की। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर रामनवमी पूजा भव्य व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने को लेकर उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार रखे। मौके पर पुरानी कमेटी को भंग कर नई रामनवमी महासमिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष पूर्व जिप सदस्य सुनीता देवी, सनोज कुमार दांगी, सचिव राजकुमार दांगी, दीपक राज व कुसुमलता कुशवाहा, कोषाध्यक्ष मुकेश दांगी व महासचिव अरविंद ठाकुर को मनोनीत किया गया।

# नगर निगम क्षेत्र में अधूरे कार्यों से नागरिक परेशान, जल्द समाधान की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के कई इलाकों में अधूरे विकास कार्यों के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी परशुराम ओझा ने नगर आयुक्त से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सह समाजसेवी परशुराम ओझा ने बताया कि वार्ड नंबर 6 (परशुराम नगर) में पाइप बिछाने के लिए होली से पहले सड़क तोड़ी गई थी, लेकिन अब तक पाइप नहीं बिछाए गए हैं। इससे स्थानीय लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। यही हाल कई अन्य मोहल्लों का भी है, जहां पाइप तो गिरा दिए गए हैं, लेकिन सड़क की मरम्मत नहीं हुई है। नागरिकों ने नगर निगम से निर्माण कार्य शीघ्र पूरा करने और संबंधित एजेंसी को निर्देश देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इसी गली में बिजली के तार 3-4 फीट की ऊंचाई पर लटक रहे हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। खासकर बच्चों के लिए यह स्थिति खतरनाक हो सकती है। नागरिकों ने नगर आयुक्त से बिजली विभाग को निर्देश देने की मांग की है ताकि जल्द से जल्द तारों को ठीक किया जा सके।



भाजपा नेता ने बताया कि कंदा खाड़ का एक मोटर वर्षों से खराब था, जिसे नगर आयुक्त के निर्देश पर मरम्मत किया गया, लेकिन अब तक उसमें स्टार्टर नहीं लगाया गया है, जिससे मोटर चालू नहीं हो पा रहा है। नागरिकों ने इस मामले में भी तत्काल जांच और समाधान की मांग की है। स्थानीय निवासियों ने नगर आयुक्त से इन सभी समस्याओं पर तत्काल संज्ञान लेने और संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है ताकि नागरिकों को राहत मिल सके।

**सुदना व कंदा खाड़ जलापूर्ति में लापरवाही**

सुदना कंदा खाड से जलापूर्ति की स्थिति भी खराब है। भालू भर जाने के कारण एक दिन छोड़कर पानी दिया जा रहा है। हालांकि, बालू निकालने का कार्य केवल दिखावे के लिए हो रहा है। मजदूरों की मौजूदगी भी सीमित समय के लिए रहती है, जिससे समस्या जस की तस बनी हुई है। नागरिकों ने नगर निगम से कड़ी निगरानी रखने और समय-सीमा के तहत कार्य पूर्ण कराने की मांग की है।

# चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर शोभायात्रा में शामिल होंगे बजरंग दल कार्यकर्ता : विहिप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और बजरंग दल की ओर से चैत्र शुक्ल प्रतिपदा एवं राम जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर जिला सह नगर समिति कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विहिप जिला मंत्री अमित तिवारी और संचालन बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को दोपहर 2 बजे गीता भवन स्थित जिला कार्यालय से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें 300 से अधिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। वहीं, रामनवमी के अवसर पर जिले के 300 से अधिक मंदिरों में राम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने और सभी प्रखंडों व पंचायतों में आयोजन की योजना बनाई गई।



शोभायात्रा का मार्ग गीता भवन से अस्पताल चौक, सत्र सेठ चौक, कनीराम चौक, घास पट्टी, जय भवानी संघ मोड़, पंचमुहान और राजेंद्र प्रसाद चौक होते हुए वापस गीता भवन पर समाप्त होगा।

कार्यक्रम के संरक्षक के रूप में जिला पालक दामोदर मिश्र और जिला कोषाध्यक्ष राजीव गोयल रहेंगे, जबकि कार्यक्रम के कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी जिला मंत्री अमित तिवारी को दी गई है।

बैठक में बजरंग दल संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल कृष्ण तिवारी, गौ रक्षा प्रमुख भोला अग्रवाल, विद्यार्थी प्रमुख विवेक, प्रचार-प्रसार प्रमुख सुरेश कुमार वर्मा, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, दुर्गा वाहिनी संयोजक कामिनी सिंह, नगर अध्यक्ष दीपक प्रसाद, दिलीप गिरी, बजरंगी और प्रकाश कुमार सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों पर पुलिस अधिकारियों को मिला प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन (टाउन हॉल) में एनडीपीएस एक्ट 1985 पर एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें डीएसपी, इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी समेत 103 पुलिस पदाधिकारियों ने भाग लिया।

प्रशिक्षण के दौरान एनडीपीएस एक्ट के प्रावधान, तलाशी, जब्ती, गिरफ्तारी, इन्वेंटरी, जब्त सामानों की सेंपलिंग, अवैध खेती की पहचान के लिए सैटेलाइट तकनीक और आसूचना संकलन पर विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में एनसीबी रांची के आसूचना पदाधिकारी कुमार मनोहर मंजूल और अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय रांची के पुलिस निरीक्षक असित मोदी बतौर प्रशिक्षक उपस्थित रहे। उन्होंने कानूनी प्रक्रिया और इसके प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

यह प्रशिक्षण मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधिकारियों की तकनीकी दक्षता और कानूनी समझ को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# अखंड ज्योति कलश रथ का पलामू में भव्य स्वागत, दीप यज्ञ में जले 551 दीप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** गायत्री परिवार द्वारा बुधवार की शाम विवेकानंद चौक के पास शांतिकुंज हरिद्वार से आए अखंड ज्योति कलश रथ का भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद रथ शहर के छह मुहान पहुंचा, जहां दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस दौरान रमेश दुबे व रंजय सिंह ने विधिपूर्वक यज्ञ संपन्न कराया। यज्ञ में गायत्री मंत्रोच्चारण के बीच 551 दीप प्रज्वलित किए गए।



इस अवसर पर समाज में व्याप्त नशाखोरी, दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों के परित्याग का संदेश दिया गया। साथ ही, यह बताया गया कि युग निर्माण ईश्वरीय योजना का हिस्सा है, जिसे पूज्य गुरुदेव ने संकल्पित किया था। गायत्री परिवार इस दिशा में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित कर रहा है। यज्ञ से पहले पूज्य गुरुदेव और गायत्री माता की पूजा-अर्चना एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल पर गुरुदेव की पुस्तकों का स्टॉल भी लगाया गया था। दीप यज्ञ के उपरांत ज्योति कलश सुदना स्थित गायत्री शक्तिपीठ पहुंचा।

गायत्री परिवार के अनुसार, अखंड ज्योति कलश रथ 27 मार्च से जिले के विभिन्न प्रखंडों में भ्रमण करेगा। इस आयोजन में गायत्री परिवार के जिला समन्वयक अंबिका सिंह, शक्तिपीठ के ट्रस्टी रामजी गुप्ता, मृत्युंजय मेहता, सहायक प्रबंध ट्रस्टी सरिता मेहता, कुंती देवी, कृष्णा किशन सहाय, सुशील यादव, शशि प्रभा, बजरंगी मेहता, संध्या श्रीवास्तव, योगेंद्र मंडल समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय एफएलएन मेला व भाषा महोत्सव का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) प्रांगण में समग्र शिक्षा अभियान द्वारा एफएलएन मेला एवं भाषा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश, एडीपीओ संजय कापरी, डायट प्राचार्या अमृता सिंह और प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलन कर किया। संचालन की जिम्मेदारी एडीपीओ संजय कापरी ने निभाई। इस कार्यक्रम में जिले के 27 पीएम श्री विद्यालय, 25 आदर्श विद्यालय सहित अन्य स्कूलों के 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। एफएलएन मेले में भाषा और गणित विषय के टीएलएम (शिक्षण अधिगम सामग्री) की प्रदर्शनी लगाई गई। वहीं, भाषा महोत्सव के तहत कविता, नाटक, नृत्य, भाषण, स्लोगन और क्षेत्रीय भाषाओं से संबंधित प्रस्तुतियां दी गईं। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सौरभ प्रकाश ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें उचित मंच मिलना चाहिए ताकि वे अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण कर सकें। उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की भी प्रशंसा की। डायट प्राचार्या अमृता सिंह ने बुनियादी शिक्षा, साक्षरता ज्ञान और भाषाई संस्कृति पर अपने विचार साझा किए, जबकि प्रभारी प्राचार्य डॉ. धीरेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में टीएलएम की प्रासंगिकता और विभिन्न भाषाओं के आपसी संबंध पर प्रकाश डाला। निर्णायक मंडल में श्यामलाल उरांव, रवींद्र पाठक, श्वेता मिश्रा, अभिषेक राज और डायट संकाय सदस्य मो. हसन रजा व नूतन कुमारी शामिल रहे। उन्होंने प्रतियोगिता की शर्तें प्रतिभागियों को बताईं। कार्यक्रम में एपीओ उज्ज्वल मिश्र, राजेश कुमार, राजीव चौबे, अमोद कुमार और वीरेंद्र तिवारी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन छात्रों की रचनात्मकता और भाषा दक्षता को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

# पशु लदे पिकअप को पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार

**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** थाना अंतर्गत उतरी सोनडीहा गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार की सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप को जब्त किया है। जब्त पिकअप में 6 गोवंशीय पशु लदे हुए थे। मौके पर वाहन चालक फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पशु तस्करी में संलिप्त एक वाहन अवैध रूप से गोवंशीय पशुओं को लेकर गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने क्षेत्र में घेराबंदी की और संदेह होने पर एक पिकअप को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखते ही चालक वाहन छोड़कर भाग निकला। जब पुलिस ने वाहन की तलाशी ली, तो उसमें छह गोवंशीय पशु लदे हुए पाए गए।



### पुलिस कर रही छानबीन

थाना प्रभारी ने बताया कि जल्द ही फरार चालक को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और पशु तस्करी से जुड़े पूरे नेटवर्क का खुलासा किया जाएगा। स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि यदि उन्हें पशु तस्करी से जुड़ी कोई जानकारी मिले, तो वह तुरंत पुलिस को सूचित करें। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध पशु तस्करी करने वालों में भय व्याप्त हो गया है। प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि अवैध पशु परिवहन पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगा। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने बताया कि अवैध पशु तस्कर के विरोध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**वाहन जब्त, जांच में जुटी पुलिस**

पुलिस ने पिकअप को जब्त कर थाना परिसर में लाकर खड़ा कर दिया है। इस संबंध में अज्ञात चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह गोवंशीय पशु कहां से लाए गए थे और इन्हें कहां ले जाया जा रहा था।

## पीएम श्री विद्यालय के छात्रों ने विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया

**नवीन मेल संवाददाता**




**भवनाथपुर।** जिले में आयोजित गढ़वा जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में पीएम श्री उत्क्रमित मध्य विद्यालय घाघरा के छात्रों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रथम स्थान प्राप्त किया। बुधवार को इस शानदार सफलता के उपलक्ष्य में विद्यालय में गुलनाज परवीन और अभिनंदन कुमार गुप्ता का भव्य स्वागत किया गया। दोनों छात्रों को मिठाई खिलाकर सम्मानित किया गया और उन्हें पुरस्कृत किया गया। यह गौरवपूर्ण सफलता विद्यालय के लिए लगातार दूसरी बार आई है। 2024 में भी विद्यालय ने जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त किया था। विद्यालय के शिक्षक उदय कुमार के अथक प्रयासों और मार्गदर्शन से यह उपलब्धि हासिल हुई है। समारोह में प्रधानाध्यापिका उर्मिला कुमारी ने छात्रों गुलनाज और अभिनंदन के साथ-साथ शिक्षक उदय कुमार को भी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस सफलता को विद्यालय के पूरे परिवार की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। सहायक शिक्षक राकेश कुमार चौबे ने इस अवसर पर कहा कि टीम भावना और सामूहिक प्रयासों से ही यह सफलता संभव हो पाई है। कार्यक्रम में विद्यालय के अ चंदेश्वर कुमार यादव एवं सभी विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### माइंस लीज रद्द कराने के लेकर ग्रामीणों ने सीओ को सौंपा ज्ञापन

**रंका।** रंका प्रखंड के तमगे कला पंचायत के पिंडरा गांव में माइंस लगने की खबर सुन ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। पिंडरा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि अवैध तरीके से जमीन से पत्थर निकालने के लेकर कंपनी द्वारा लीज कराई गई है, जिससे हम ग्रामीणों का जीविकोपार्जन खेती-जमीन बर्बाद होते दिख रही है। ग्रामीणों द्वारा अंचल कार्यालय में आवेदन देकर पत्थर निकालने को लेकर जारी माइंस का लीज को रद्द करने के गुहार लगाई है। उसके बावजूद भी अभी तक अंचल कार्यालय से इसकी किसी प्रकार की कोई प्रक्रिया नहीं की गई है, ताकि हम गांव के ग्रामीण का राहत मिल सके। इसलिए ग्रामीणों का मांग है कि पत्थर निकालने के लेकर यहां पर विस्फोट की जाएगी। विस्फोट से डेढ़ सौ के आबादी का बस्ती में पत्थर उड़ने से घर का खपड़ा टूट सकत है। ग्रामीण भी चोटिल होकर घायल हो सकते हैं। माइंस का लीज रद्द कराने को लेकर ग्रामीण अंचल कार्यालय को आवेदन देकर गुहार लगाया है।इस इस संबंध में अंचलाधिकारी शिवपूजन तिवारी ने कहा कि इसकी जानकारी मुझे नहीं है। अगर कार्यालय को आवेदन प्राप्त हुई है, तो इसकी जांच कराई जाएगी व ग्रामीणों को उचित न्याय मिलेगा।

### आरके सिंह पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित आरके सिंह पब्लिक स्कूल में बुधवार को कक्षा नर्सरी से कक्षा सातवीं तक का वार्षिक परिक्षा परिणाम विद्यालय के निदेशिक विभूति नारायण सिंह ने घोषित किया। इसके पूर्व विद्यालय के निदेशक विभूति नारायण सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में वार्षिक परीक्षा में कक्षा एलकेजी से आठवीं तक के प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी से सफल छात्रों को प्रमाण पत्र देते हुए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अभिभावकों व छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्कूल में शिक्षा के साथ संस्कार दिया जाता है। किसी भी कार्य की अगर शुरूआत अच्छी हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि घर बच्चों का प्रथम पाठशाला होता है।इसलिए उन्हें घर में बेहतर शैक्षणिक माहौल देना चाहिए, ताकि उनके अंदर बुराई नहीं पनप सकें। नये सत्र का शुभारंभ 1 अप्रैल से होगा। मौके पर प्राचार्य ऐनूल परवेज, अजीत यादव, रोहित कुमार, संध्या जयसवाल, किरण देवी, पूनम देवी, मुक्ता कुमारी, अभिभावक चंदन प्रसाद, नारेन्द्र चंद्रवंशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### मां चतुभुर्जी मंदिर विकास समिति का पुनर्गठन, प्रमोद बने अध्यक्ष

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सुप्रसिद्ध मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ भगवती मंदिर प्रांगण में बुधवार को मंदिर विकास समिति कि बैठक हुई। बैठक में कमेटी की अवधि दो वर्ष पूर्ण होने पर कमेटी पुनर्गठन,विस्तार पर चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से मुखिया प्रमोद कुमार को पुनः अध्यक्ष बनाया गया। राजीव रंजन तिवारी, बिंदु राम को उपाध्यक्ष, हेमंत पाठक को सचिव, कुंडल सिंह को उप सचिव, विनोद प्रसाद को कोषाध्यक्ष, मनोरंजन गुप्ता को मीडिया प्रभारी, अजय गुप्ता को सूचना मंत्री बनाया गया है। संरक्षक का दायित्व राम बिचार साहू, जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद और प्रमोद शुक्ला को सौंपा गया है। वही त्रिपुरारी सिंह, कन्हाई प्रसाद, अवध बिहारी ठाकुर, जयशंकर प्रसाद, दिलीप गुप्ता, बालमुकुंद बैद, उदय विश्वकर्मा, आदित्य मेहता, विरेन्द्र गुप्ता को सदस्य बनाया गया है। कमेटी द्वारा निर्णय लिया गया कि आगामी रामनवमी पूजा पूर्व कि भांति इस बार भी भव्य और दिव्य तरिके से आयोजन किया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। कमेटी द्वारा यह भी निर्णय लिया गया की पूर्व कमेटी के तरह यह कमिटी भी 11 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह करायेगा।

## एक नजर

### बकरी शेड निर्माण में राशि गबन का आरोप, जांच की मांग

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड उप प्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य ने मंगलवार को गढ़वा लोकपाल सुशील तिवारी को आवेदन सौंप कर सिसरी पंचायत में बकरी शेड निर्माण योजना में अनियमितता बरतन व राशि गबन मामले की जांच की मांग की है।आवेदन में उप प्रमुख ने उल्लेख किया कि सिसरी पंचायत में सीमा देवी के खेत में वर्ष 2021-22 में बकरी शेड निर्माण के लिए योजना स्वीकृत हुई थी, लेकिन योजना धरातल पर मौजूद नहीं है। इसके बावजूद पंचायत मुखिया द्वारा 27 जुलाई 2024 को वेंडर को राशि का भुगतान कर दिया गया। उन्होंने मुखिया पर राशि के गबन का आरोप लगाते हुए लोकपाल से इस मामले में उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### झामुमो पूर्व प्रखंड अध्यक्ष को मातृ शोक

**मेराल।** झामुमो के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष दशरथ प्रसाद की माता का निधन बुधवार की सुबह हृदय गति रुकने से हो गई। कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। 90 वर्षीय शांति कुंवर अपने मेराल बस स्टैंड स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार दोपहर बाद स्थानीय सरस्वतीया नदी शमशान घाट पर किया गया। मुखाग्नि इकलौते पुत्र दशरथ प्रसाद ने दिया। शोक प्रकट करने वालों में जिला अध्यक्ष शंभू राम झामुमो नेत्री रेखा चौबे, प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी, अराधना सिंह, फैजुल अंसारी झामुमो के प्रवक्ता धीरज दुबे, संजय भगत, अजय प्रसाद गुप्ता, विनोद प्रसाद, सूर्य प्रकाश, पिंटू सिंह, नवीन जायसवाल, राजेश बैठा, मिथिलेश प्रसाद, अशोक राम आदि लोग शामिल थे।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल



**रंका।** मानपुर मुख्य सड़क पर ट्रक व बाइक के टक्कर में एक युवक घायल हो गया। बुधवार को विक्रम भुइयां का पुत्र कमलेश भुइयां (18) मतौली से रंका की ओर जा रहा था। इस क्रम में मालवाहक ट्रक से बाइक अनियंत्रित होकर टकरा गया। ट्रक स्पीड होने के कारण बाइक समेत युवक ट्रक के नीचे चला गया। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गया। स्थानीय लोगों ने आनन- फानन में घायल युवक को रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती कराया।

## बच्चों का समग्र विकास सरकार की प्रतिबद्धता: बीपीएम



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) में बुधवार को बीपीएम रवि कुमार बैद्य ने प्रखंड के 43 सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच टैबलेट वितरण किया। बीपीएम ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे बच्चों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने तथा डिजिटल रूप से उन्हें मजबूत करने के लिए सरकार प्रयासरत है। बच्चों का समग्र विकास सरकार की प्रतिबद्धता है। विद्यालयों को टैबलेट उपलब्ध कराने के साथ एक नए अध्याय की शुरूआत हो रही है। इससे स्कूलों में बायोमैट्रिक उपस्थित से लेकर सभी रिपोर्टिंग कार्य डिजिटल माध्यम से होंगे। टैबलेट का प्रयोग बच्चों के पठन-पाठन शिक्षकों के प्रशिक्षण , अनुश्रवण ,बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करने से संबंधित कार्यों का मॉनिटरिंग आसान हो जाएगा। साथ ही इसके आधार पर शिक्षण व्यवस्था को बेहतर बनाने में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने टैबलेट का सही ढंग से इस्तेमाल करने का निर्देश शिक्षकों को दिया ताकि शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को इसका लाभ मिल सके। मौके पर प्रधानाध्यापक दीपक सिंह,प्रिंस कुमार, संजीव आनंद, धीरेन्द्र कुमार, शिवनाथ राम,देवेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, विजय कुमार, धर्मनाथ पासवान, विरेन्द्र राम, दीपक पाल,राम प्रताप मेहता, प्रधानाध्यापिका सरिता देवी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**



**रमना/गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर ने बुधवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय रमना का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उनके साथ अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, निदेशक डीआरडीए रवीश राज सिंह, अंचल अधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी, रमना उपस्थित थे। जांच के क्रम में उपायुक्त ने रोकड़ पंजी, कार्यालय स्थापना, पदाधिकारी, कर्मचारी का पदस्थापन, अग्रिम पंजी, सेवा पुस्तिका, उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी आदि का अवलोकन किया तथा संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना, समाज कल्याण द्वारा संचालित योजना, सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत पेंशन योजना, पारिवारिक लाभ योजना, मुख्यमंत्री स्वराज योजना सहित अन्य सभी योजनाएं, अभिलेख आदि का रेंडम निरीक्षण किया। इसी प्रकार अंचल कार्यालय रमना में लंबित म्यूटेशन, जाति, आवास प्रमाण पत्र आदि का भी विधिवत निरीक्षण किया गया तथा सीओ को सभी लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के क्रम में संधारित पंजी और अभिलेख संतोषजनक पाया गया। उपायुक्त ने निरीक्षण के उपरांत कई बिंदुओं पर महत्वपूर्ण निर्देश दिए वहीं, जनकल्याणकारी योजनाओं को सुचारू रूप से करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद उपायुक्त ने कहा कि प्रखंड और अंचलकर्मी अपने-अपने कार्यों में लापरवाही नहीं बरतें। लापरवाही पाये जाने पर कठोर कार्रवाई की जायेगी। क्षेत्र के लोगों का कार्य समय पर हो, इसे लेकर उन्होंने निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कार्यालय परिसर में पानी, बिजली, शौचालय व साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया।

### जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री से कर्मियों का बकाया मानदेय भुगतान कराने की मांग की


**भवनाथपुर।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा ने राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर सभी विभागों में कार्यरत आउटसोर्सिंग कर्मियों के लंबित बकाए मानदेय भुगतान के संबंध में ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने उल्लेख किया है कि विभिन्न विभागों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मियों को लंबे समय से उनके बकाए मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। यह मानदेय इन कर्मियों के घर-परिवार के भरण-पोषण के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इस मुद्दे का समाधान शीघ्र किया जाए ताकि कर्मियों को उनके अधिकार का भुगतान किया जा सके।

## महुआ चुनने के लालच में अज्ञात लोगों ने जंगल में लगाई आग

**नवीन मेल संवाददाता**

**वन विभाग व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू**

**चिनियां।** थाना क्षेत्र के सीदे गांव के जंगलों में बुधवार की देर शाम करीब 5:30 बजे अज्ञात लोगों द्वारा महुआ चुनने के उद्देश्य से आग लगा दी गई, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। आग तेजी से फैलने लगी और जंगल में मौजूद हरे-भरे पेड़-पौधों के साथ ही छोटे-बड़े जीव-जंतुओं को भी भारी नुकसान होने लगा। जैसे ही वन विभाग को इस घटना की सूचना मिली। चिनियां वन क्षेत्र के प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग की टीम ने काफी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया। इस घटना से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंची, जिससे वन विभाग और स्थानीय लोग काफी आक्रोशित है। वनपाल अनिमेष कुमार ने कहा जंगल में आग लगाना न केवल पर्यावरण के लिए घातक है, बल्कि यह कानूनी अपराध भी है। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी से जंगलों की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और प्राकृतिक संपदाओं को बचाने की अपील की। इस अभियान में बनकरमी हेमंत तिर्की, राधेश्याम प्रसाद, प्रेमचंद दास, ग्रामीण बिंदु यादव, सुरेश कोरवा, बल्केश्वर कोरवा, मुन्ना कोरवा समेत कई ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्थानीय लोगों का कहना है कि जंगलों में बार-बार आग लगाने की घटनाएं न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रही हैं, बल्कि वन्य जीवों के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जागरूक बनें और जंगलों की सुरक्षा में अपना योगदान दें।



### सरकारी राशि गबन का आरोप

**मझिआंव।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय विडंडा के प्रभारी हेडमास्टर पर सरकारी राशि गबन करने के आरोप लगा हैं। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य, मुखिया, विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सहित दर्जनों ग्रामीणों ने उपायुक्त को हस्ताक्षरयुक्त आवेदन सौंपकर हेडमास्टर को तत्काल हटाने और जांच कराने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने अपने आवेदन में बताया है कि हेडमास्टर के प्रभार में आने के बाद से विद्यालय प्रबंधन समिति का आधा दर्जन से अधिक अध्यक्षों को बदला गया। इस संबंध में जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज ने कहा कि मामले की सूचना मिल मिली है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त को सौंपे ज्ञापन में नबी शेख, मोहम्मद आजाद, रहमत अंसारी, शिवकुमार सिंह, अजमुद्दीन खां, मोहम्मद हजरत अली, मुन्ना उरांव, संजय उरांव, राकेश उरांव, राजू भुइयां, रामप्रवेश भुइयां, राजेंद्र उरांव, विक्रम भुइयां, बाबूलाल चौधरी, उमेश उरांव सहित चार दर्जन से अधिक ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

## ज्योति कलश यात्रा का श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ विदाई दी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मझिआंव।**अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार से चला ज्योति कलश रथ यात्रा का बुधवार को मझिआंव के चन्द्री स्थित गायत्री शक्तिपीठ से केंद्रीय टोली सदस्य सह जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी द्वारा विदाई की गई। इसके पूर्व मंगलवार के रात्रि में गढ़वा प्रखंड के करके गांव में विराट दीप यज्ञ का आयोजन किया गया। इस संबंध में जिला ट्रस्टी ने बताया कि ज्योति कलश रथ यात्रा 17 मार्च को गढ़वा जिला मुख्यालय के वंशीधर नगर, रमुना, बिसुनपुरा, भवनाथपुर होते मझिआंव गायत्री शक्तिपीठ पर आया था.इसके बाद माझिआव गायत्री शक्तिपीठ पर प्रवास के दौरान राधा कृष्ण मंदिर,खरसोता, मोरबे, आमर प्रज्ञा पीठ, बरडीहा प्रखंड के जीका, कांडी प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय कांडी, सेमौरा,एवं गरदहा में विराट दीप यज्ञ किया गया. इस दौरान कांडी में एक कुंडीय एवं खरसोटा में पांच कुंडीय हवन यज्ञ भी टोली द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गायत्री शक्ति पीठ पर एक सप्ताह के प्रवास के दौरान मझिआंव बरडीहा एवं कांडी प्रखंड के दर्जनों गांवों में जाकर गुरुदेव पंडित श्री राम शर्मा आचार्य के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाया गया और गुरुदेव के स्लोगन हम बदलेंगे युग बदलेगा का नारा देते हुए धरती पर सतयुग के लाने का संकल्प लिया गया। ज्योति कलश रथ यात्रा की टीम में शांतिकुंज हरिद्वार से आए राजकुमार, अशोक महाराज, जिला ट्रस्टी अच्युतानंद तिवारी, गायत्री परिवार युवा मंडल के जिला संयोजक वीरेंद्र सोनी उमाशंकर सोनी अशोक विश्वकर्मा एवं सुदेस्वर शर्मा शामिल थे।

## कॉफी विद एसडीएम

## एसडीएम ने रामनवमी अखाड़ा समितियों के साथ किया संवाद

### कम तीव्रता के ध्वनि विस्तारक वाले चार अखाड़ों को प्रशासन करेगा पुरस्कृत: एसडीएम




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में बुधवार को गढ़वा अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत संचालित रामनवमी अखाड़ा समितियों को अपने यहां कॉफी पर आमंत्रित कर उनसे मैत्रीपूर्ण माहौल में अनौपचारिक संवाद किया। कार्यक्रम में अनुमंडल क्षेत्र के लगभग दो दर्जन अखाड़ा समितियां के प्रतिनिधियों की सहभागिता रही। संजय कुमार ने सभी को बताया कि यह पूरी तरह से अनौपचारिक वार्ता है इसमें सभी लोग अपनी-अपनी बात खुलकर रखें। तदनुरूप 30 से अधिक वक्ताओं ने एक-एक कर अपनी शिकायतें और सुझाव आदि रखे। सभी के सुझावों और शिकायतों पर अमल करने का आश्वासन देते हुए संजय कुमार ने कहा कि सभी लोग रामनवमी के पावन पर्व को पूरे सद्भाव और हर्षोल्लास के माहौल में मनाए, प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद रहेगी। रामनवमी के मौके पर कम तीव्रता के ध्वनि विस्तारक वाले चारअखाड़ों को प्रशासन द्वारा पुरस्कृत करने की जानकारी भी सभी के समक्ष साझा किया गया।

### इन अखाड़ों की रही मौजूदगी

श्री रामनवमी पूजा महा समिति, मां भवानी अखाड़ा, जय भारत अखाड़ा टंडवा, झुग्गी झोपड़ी अखाड़ा रंका मोड़, श्री राम दल चिरौंजिया, श्री राम मंदिर टंडवा, व्यवसायी संघ अखाड़ा, श्री राम मंडली, जय मां शायर देवी अखाड़ा मेराल, कसेरा समिति, महाराणा प्रताप अखाड़ा, गौ सेवा मित्र मंडली, रामनवमी समिति खरसोता मझिआंव सहित कई रामनवमी अखाड़े के सदस्यों की ओर से कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। साथ ही उन्होंने पर्व के दौरान कई नागरिक सुविधाओं जैसे साफ सफाई, बिजली, पानी आदि को लेकर अपनी-अपनी बात रखी।


**e- Procurement Cell**
**Office of The Executive Engineer,**
**Building Construction Department, Building Division, Chatra.**

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस**

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं०- BCD/EE/CHATRA/ 41/2024-25 दिनांकः- 26.03.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | *Proposed Setting up of Integrated Public Health Laboratory at Sadar Hospital Chatra For The Year 2024-25* | Rs. 82,50,928.00 | (06) Months |
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 04 .04.2025 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 11 -04-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 12 -04-2025 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e-Procurement Cell Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Chatra | |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9939428677 | |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9650057169 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

Nodal Officer, e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Chatra

PR 349293 Building(24-25)#D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**आम सूचना-I**

**नियंत्रण कक्ष की स्थापना संबंधी सूचना**

पलामू जिला अन्तर्गत साधारण मरम्मति हेतु बन्द नलकूपों को चालू कर पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने हेतु प्रखण्डवार नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि अपने-अपने प्रखण्ड से संबंधित शिकायत प्रखण्ड के विरूद्ध नामित सहायक अभियंता / प्राक्कलन पदाधिकारी / कनीय अभियंता के मोबाईल नम्बर पर शिकायत दर्ज कराना चाहेंगे।

(क) प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष : E-mail ID – eedwsd.medininagar@gmail.com

| क्र0 सं0 | नियंत्रण कक्ष स्थल | नियंत्रण कक्ष का दूरभाष/मोबाईल नं0 |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 1 | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय, E.E - Mob. & Whatsapp No. 7543089612 | मो0 सलीम अंसारी, निम्न वर्गीय लिपिक – 9939186845<br>फैसल आलम, निम्न वर्गीय लिपिक – 7488425718<br>श्री मनोज कुमार सिंह, निम्न वर्गीय लिपिक – 9153725151 |
| 2 | राज्य स्तरीय Call Centre | 1800-3456-502 (Toll Free no.) & Mob No. 9470176901<br>E-mail ID – callcentredwsd.jharkhand@gmail.com |

(ख) अवर प्रमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष

| क्र0सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम | प्रखंड का नाम | मोबाईल नं0 |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल, जपला / पाँकी / मेदिनीनगर। | मेदिनीनगर, सतबरवा, चैनपुर, रामगढ़, पाटन, पड़वा, विश्रामपुर, नावा बाजार, पाण्डु, उंटारी रोड़, लेस्लीगंज, मनातू, तरहसी, पाँकी, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, हरिहरगंज, पीपरा, छतरपुर, नौडीहा बाजार | 8987526732 |
| 2. | श्री निरंकार प्रसाद, कनीय अभियंता | हरिहरगंज, पीपरा | 7033635734 |
| 3. | श्री महेन्द्र राम, कनीय अभियंता | हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज | 9122448551 |
| 4. | श्री सतीश कुमार, कनीय अभियंता | चैनपुर, रामगढ, पाटन, पड़वा | 7909050800 |
| 5. | श्री सुमन कुमार, कनीय अभियंता | लेस्लीगंज, मेदिनीनगर, सतबरवा | 9304547779 |
| 6. | श्री श्रीकान्त कुमार, कनीय अभियंता | पाँकी, विश्रामपुर, नावा बाजार, उँटारी रोड, पाण्डू | 8700546515 |
| 7. | श्री ऋतुराज सिंह, कनीय अभियंता | मनातू, तरहसी | 9525309700 |
| 8. | श्री कुन्दन कुमार, कनीय अभियंता | छत्तरपुर, नौडीहा बाजार | 9123228839 |

उपर्युक्त के अलावे सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यालय में शिकायत पंजी संधारित करने की व्यवस्था की गयी है, जिसमें चापाकल मरम्मति की शिकायतें दर्ज करायी जा सकती है, जो कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के माध्यम से पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यालय के संबंधित अधिकारियों को सूचना प्राप्त हो सकेंगी तथा चापाकल मरम्मति यथाशीघ्र सुनिश्चित की जायेगी।

अपनी शिकायत 9939186845 No. पर Whats app के जरिये भी भेज सकते हैं।

!!जल बचाओं, जीवन बचाओं !! !!बूंद – बूंद अनमोल, पलामू !!

(रामेश्वर गुप्ता)
कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 349309 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

## जुलूस में डीजे पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध : थानेदार

**लातेहार।** मनिका थाना परिसर में बुधवार को बीडीओ संदीप कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी सरहुल ईद व रामनवमी पूजा में किसी प्रकार से कोई व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लेकर बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यो ने अपना विचार व्यक्त किया। इस दौरान प्रखंड प्रशासन को शांति समिति के सदस्यों ने ध्यानआकृष्ट करते हुए बताया कि मनिका थाना से महज दो सौ मीटर दूर सरना स्थल है। वहां पर सरहुल के दिन आदिवासी समाज के लोग अपने देवी देवताओ की पूजा करते हैं। उक्त स्थल को जाने वाला रास्ता को मनिका सीओ द्वारा व्यक्तिगत लाभ के नियत से रास्ते की बंदोबस्ती कर दी गई है।अंचल की इस लापरवाही से पूजा पाठ के दौरान अराजकता की स्थिति बन सकती है। बीडीओ व थानेदार ने इस मामले को अपने स्तर से देखने की बात कही। बैठक में थानेदार शशि कुमार ने कहा कि ईद, सरहुल, रामनवमी पूजा को लेकर प्रखंड प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। रामनवमी पूजा में डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है।

## सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति सिंदुआरी के अध्यक्ष बने संजय


**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के सिंदुआरी गांव में रामनवमी पूजा को ले ग्रामीणों की शिव मंदिर परिसर में बुधवार को बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता ब्रजेश कुमार सिन्हा ने किया की। बैठक में सर्वसम्मति से सार्वजनिक रामनवमी पूजा समिति सिंदुआरी का गठन किया गया। गठित समिति में संजय तिवारी को अध्यक्ष,चमारी प्रसाद दांगी को उपाध्यक्ष,ब्रजेश कुमार सिन्हा को सचिव,श्रवण कुमार दांगी को सह सचिव,मनोज कुमार दांगी व संदीप कुमार दांगी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। निरंजन दुबे,राजू दांगी,अजय कुमार,सीताराम कुमार, राजू कुमार दांगी,बैजनाथ दांगी,संजय कुमार,सतीश कुमार दांगी,पंकज कुमार यादव,दयाकुमार यादव,कैलाश यादव,शंकर साव, बिक्रम कुमार दांगी, विजय दांगी,सुबोध कुमार चौबे,रजनीकांत चौबे को सदस्य बनाया गया। कमेटी गठन के बाद रामनवमी महापर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया गया।

# जिला स्थापना दिवस की तैयारियां पूरा करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

■ **सुबह प्रभात फेरी, शहीद स्मारक पर माल्यार्पण व पेंटिंग प्रतियोगिता का होगा आयोजन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** जिला स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी 4 अप्रैल को जिला स्थापना दिवस को भव्य तरीके से मनाने की रूपरेखा तैयार की गयी। उपायुक्त ने कहा कि जिला स्थापना दिवस का आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। इसके लिए सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे। बैठक में जिला स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन को लेकर विस्तार से चर्चा कर रणनीति तय की गयी। जिला स्थापना दिवस पर सुबह प्रभात फेरी निकालने का



निर्णय लिया गया। इसके बाद जिला के जन प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों द्वारा कारगिल पार्क में स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण किया जाएगा। इस अवसर पर पेंटिंग, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। जिला खेल स्टेडियम में क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा। जिला स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वसम्मति से रक्तदान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में तय किया गया कि शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य, नाटक और संगीत की प्रस्तुति होगी। बैठक के दौरान जिला स्तर पर विकास मेला आयोजित करने पर भी सहमति बनी। विकास मेले में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही लाभार्थियों को संपत्ति का वितरण किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर जिला स्थापना दिवस की तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जिले के प्रबुद्ध नागरिक, मीडिया प्रतिनिधि एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### झामुमो प्रखंड कमेटी के अध्यक्ष बने प्रदीप गंझू



**बालूमाथ।** केंद्रीय समिति के निर्देश पर जिला संयोजक लाल मोतिनाथ साहदेव के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड सहित कई प्रखंडों में झारखंड मुक्ति मोर्चा का पुनर्गठन किया गया। बालूमाथ प्रखंड में अध्यक्ष के रूप में प्रदीप गंझू को बनाया गया है। उपाध्यक्ष मो. सरफराज राजेंद्र उरांव, सचिव कपिलदेव उरांव, संगठन सचिव ललू उरांव, हरी साव, कोषाध्यक्ष के रूम में मो. मुस्तताक को मनोनीत किया गया है। बता दें कि प्रदीप गंझू को बालूमाथ प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा अध्यक्ष बनाये जाने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

### 87 स्कूलों के प्रधानाध्यापक के बिच टैबलेट का वितरण

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को शिक्षा विभाग की ओर से प्रखंड क्षेत्र के 87 विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों के बीच प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान द्वारा टेबलेट वितरित किया गया। इस अवसर पर एमआईएस समन्वयक नीतीश कुमार ने बताया कि इस टेबलेट का उपयोग शिक्षकों को अपनी व छात्रों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, विद्यालय संबंधित अन्य कार्यों के ऑनलाइन माध्यम से करने में सहूलियत होगी। टेबलेट वितरण के साथ शिक्षकों को इसके संचालन के बारे में भी पूर्ण रूप से जानकारी दी गई। बताया कि विभाग की ओर से 87 टेबलेट दिया गया है। शेष बचे हुए टेबलेट का वितरण भी जल्द कर दिया जाएगा। मौके पर विभिन्न विद्यालय के प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद थे।

### नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाने का निर्णय

**बारियातू।** प्रखंड के मुख्यालय स्थित कांडरका नदी के समीप बारीखाप में नीलांबर पीतांबर स्थल मे 28 मार्च को नीलांबर पीतांबर की शहादत दिवस मनाने को लेकर प्रखंड अध्यक्ष बहादुर गंझू की अध्यक्षता में समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस हर्षोउल्लास व शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर चर्चा की गई। अध्यक्षता कर रहे बहादुर गंझू ने बताया कि प्रखंड के नौ पंचायत के सभी गावं से ढोल नगाड़े के साथ कार्यक्रम समारोह में शामिल होंगे। समारोह के मुख्य अतिथि लातेहार विधायक प्रकाश राम शामिल होंगे। समिति की ओर से समारोह में अधिक से अधिक लोगों को आने की अपील की है। मौके पर मोहन कुमार गंझू,जुगेशवर गंझू,अशोक गंझू, जगदीश गंझू,रामलाल गंझू, तेजू गंझू, गुड़न गंझू, चरकु गंझू,विनोद गंझू,निरंजन गंझू,दीपक गंझू, ब्रजेश गंझू, रामा गंझू सहित कई लोग मौजूद थे।

# जमीन पर जबरन कब्जा कर बनाया घर, पीड़ित महिला न्याय के लिए दर-दर भटक रही है

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार के सदर प्रखंड के मनन चोटाग में एक विवादास्पद मामले ने तूल पकड़ लिया है, जहां एक व्यक्ति ने जमीन पर जबरन कब्जा कर घर बना लिया है। पीड़ित महिला मालती चौधरी का कहना है कि इस भूमि पर उनके कानूनी अधिकार थे, लेकिन बिना किसी अनुमति के इस पर अवैध रूप से निर्माण कार्य कर लिया गया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद भी प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।पीड़ित महिला मालती चौधरी ने सदर एसडीओ और अंचलाधिकारी मामले की जांच और न्याय की मांग करते हुए जल्द से जल्द कार्रवाई की अपील की थी लेकिन वहां से भी निराशा हाथ लगी।

### पुलिस व उपायुक्त से नहीं मिला न्याय, पीड़ित परिवार ने की उच्च अधिकारियों से गुहार

सदर प्रखंड की रहने वाली मालती चौधरी के पीड़ित परिवार न्याय की तलाश में दर-दर भटकने को मजबूर है। परिवार का आरोप है कि उन्होंने जमीन से संबंधित मामले को लेकर कई बार पुलिस और उपायुक्त से शिकायत की, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। पूरे मामले पर अनुमंडल कार्यालय के द्वारा जांच प्रतिवेदन पत्रांक 103 /27/05/2024 के अनुसार उक्त स्थल पर पुरानी मिट्टी का घर तोड़कर मकान का निर्माण किया जा रहा है।

### दोनों पक्षों के कागजों की जांच कर कार्रवाई की जायेगी : सीओ

लातेहार सदर सीओ देवाशीष टोप्पो ने कहा कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर पीड़ित पक्ष द्वारा आवेदन दिया गया है, तब मामले में दोनों पक्षों के कागजों की जांच की जाएगी। अगर कोई दोषी पाया जाता है तो उन पर कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।

### क्या है मामला

लातेहार के सदर प्रखंड के मनन चोटाग के रहने वाली मालती चौधरी ने रैयती जमीन से अवैध कब्जा हटाने की माँग को लेकर पिछले पाँच वर्षों से न्याय की आस में कभी ज़िले के उपायुक्त तो कभी पुलिस अधीक्षक के कार्यालय के चक्कर लगा रही है। लेकिन उनकी फरियाद किसी ने नहीं सुनी। ज़िले के सदर प्रखंड के प्लॉट नंबर-6/1100 जो मेरे पिता को बंदोबस्ती नंबर-626/1950-1951 में प्राप्त था। जिसका आरएएस० खाता संख्या 160,प्लॉट-418,2037 रकबा 10 डिसिमल है। जिस पर संजय सोनी द्वारा गलत तरीके से कब्जा कर मकान बनाया जा रहा है।

## पीएम श्री विद्यालय में परीक्षाफल का प्रकाशन, विद्यार्थियों में हर्ष

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में बुधवार को परीक्षाफल प्रकाशन सह शिक्षक अभिभावक गोष्ठि का आयोजन किया गया। मौके पर छात्रों में काफी उत्साह देखा गया। छात्र-छात्राएं अपने साथ ग्रेजुएट हैट में स्कूल पहुंचे थे और परीक्षाफल प्रकाशन के बाद हैट उछाल कर अपनी उपलब्धियों की खुशियां मनायी। छात्रों के अभिभावकों ने प्राचार्य शैलेंद्र प्रताप के इस पहल की सराहना की। कहा कि प्राचार्य के इस पहल से छात्रों में एक नयी उत्साह व उर्जा का संचार हुआ है। छात्रों को बाल्यकाल से ही शिक्षा के महत्व के बारे में पता चल पायेगा। कई छात्र-छात्राओं ने बताया कि जब उन्हें स्कूल से ग्रेजुएट हैट बनाने का निर्देश मिला तो वह मोबाइल में ग्रेजुएट हैट के बारे में जानकारी ली। ग्रेजुएट हैट का मतलब है कड़ी मेहनत के बाद सफलता हासिल करना। मौके पर प्राचार्य ने बताया कि बुधवार को प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों का परीक्षाफल प्रकाशन किया गया। उन्होंने छात्रों को मोबाइल, टीवी व सोशल मीडिया से दूर रहने की बात कही। आज प्राइमरी कक्षाओं के छात्रों का परीक्षाफल का प्रकाशन किया गया।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक के समीप कोल वाहन की चपेट में एक बाइक के आने से बाइक चालक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल चालक को ग्रामीणों की मदद से निजी चिकित्सालय में इलाज कराया गया। घायल बाइक चालक गिद्धौर चंदाबांध के लक्ष्मण दांगी बताया जा रहा है। बताया जाता है कि स्कूटी बाइक से लक्ष्मण सब्जी लेने बाजार आया था। इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे कोल वाहन की चपेट में बाइक के आने से सवार घायल हो गया।

## झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बने नवीन

**महुआडांड़।** झामुमो प्रखंड अध्यक्ष के रूप में बुधवार को नवीन प्रकाश तिर्की का चयन सर्वसम्मति से किया गया। कमेटी में उपाध्यक्ष मोहम्मद सहजाद आलम, नवीन तिग्गा, सचिव यहिया अंसारी,संगठन सचिव सुमन तिग्गा, सुरजदेव राम, कोषाध्यक्ष अमरदीप टोप्पो के नाम का चयन किया गया है। नए प्रखंड कमेटी बनने पर सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को सभी लोगों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में लातेहार जिला संयोजक प्रमुख लाल मोतीनाथ शाहदेव, 20 सूत्री उपाध्यक्ष अरूण कुमार दुबे, पूर्व जिला सचिव शमशुल होदा, केंद्रीय सदस्य सह जिला 20 सूत्री सदस्य मो. मुस्तकीम, इश्तियाक खान उर्फ पप्पन, पूर्व केन्द्रीय सदस्य महिला मोर्चा अनिता मिंज, पूर्व युवा जिला सचिव परवेज आलम, पूर्व सदर सह समाजसेवी परवेज आलम, पूर्व जिलापरिषद सदस्य इग्नेशिया केरकेट्टा,पूर्व मुखिया ब्रिजनिया कुजूर पूनम गिद्ध, दयावंती तिर्की,पूर्व युवा प्रखंड अध्यक्ष सैफ अली, पूर्व युवा उपाध्यक्ष प्रवीन कुजूर,राजू कुजूर अली असगर, रोजन मियां,लक्ष्मण जायसवाल,शमशाद अंसारी, जावेद अख्तर, मनव्वर आलम, समेत अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## आरओ में पेयजल व्यवस्था नहीं रहने से लोगों को हो रही परेशानी

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय में दो आरओ लगा है, लेकिन पेयजल की सुविधा नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना पड़ रहा है। प्रखंड सह अंचल में कार्य के लिए दूर-दूर सुदूरवर्ती गांव से अपने कार्य के लिए कार्यालय आते हैं। बढ़ते गर्मी के कारण लोगों को अधिक प्यास लगती है। हालांकि प्रखंड कार्यालय में आने वाले लोगों के लिए पहला व दूसरे फ्लोर मे पानी पीने के लिए आरओ व फ्रिजर की व्यवस्था की गई है, परन्तु पानी नहीं रहने के कारण लोगों को काफी परेशानी होती है। बारियातू प्रखंड क्षेत्र में नौ पंचायत के 56 गांव के ग्रामीण अपने-अपने विभागीय कार्य के लिए प्रखंड मुख्यालय आते हैं। पानी की सुविधा नहीं रहने के कारण प्यास बुझाने के लिए प्रखंड कार्यालय के बाहर पानी की तलाश करना पड़ता है। ऐसे में चिलचिलाती गरमी मे दूर दराज से आए लोगों को क्या परेशानी होता होगा यह बात सहज समझ सकते हैं। ग्रामीणों ने प्रखंड प्रशासन से प्रखंड कार्यालय मे लगे आरओ मे पेयजल सुविधा व्यवस्था कराने की आग्रह किया है।

# शांति समिति की बैठक में रामनवमी व ईद आपसी भाईचारे से मनाने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना परिसर में बुधवार को मुस्लिम धमार्लंबियों का माहे रमजान ईद,सरहुल, हिंदुओं का महापर्व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायत में स्थित ईदगाह में ईद की नमाज अदा करने की समय व स्थान पर चर्चा की गई। बताया गया कि मुस्लिम धमार्लंबियों का त्यौहार चांद दिखने के 31 या एक अप्रैल को मनाया जाएगा। हिन्दुओं का महापर्व रामनवमी प्रखंड के विभिन्न पंचायत में छह अप्रैल को झंडा जुलूस निकाला जाएगा। प्रखंड मुख्यालय व बरटा में सात अप्रैल को झंडा जूलुस व झांकी निकाली जाएगी। बैठक में उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों से सौहार्द व भाईचारे के साथ ईद व महा रामनवमी पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने का आह्वान किया गया। किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने पर प्रखंड व थाना प्रशासन से सीधा संपर्क करने को कहा गया। किसी भी स्थिति में अफवाह पर ध्यान नहीं देने की भी अपील की। बैठक में प्रमुख, बीडीओ राहुल देव, सीओ अनंत शयनम विश्वकर्मा, सदर इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता, पुलिस अवर निरीक्षक सुनील सिंह, रंजय सिंह, मुखिया निर्मला देवी, जेएमएम मनोज कुमार वर्मा, महादेव दांगी, महेंद्र राम, दांगी कुशवाहा समाज के जिला कोषाध्यक्ष देवनारायण दांगी, कमलेश रजक, चमारी प्रसाद दांगी, महावीर दांगी, मुकेश कुमार साव, सहित थे।

## रामनवमी पूजा शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**कुंदा (चतरा)।** थाना परिसर में रामनवमी पूजा को लेकर बुधवार को सीओ दीपक मिश्रा की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने किया। बैठक मे उपस्थित लोगों ने रामनवमी पर्व को लेकर अपने-अपने सुझाव को रखा। थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। किसी भी स्थिति में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। रामनवमी पूजा के दौरान शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में स्थानीय लोग,रामनवमी पूजा कमेटी व जनप्रतिनिधिओं ने रामनवमी पूजा के दौरान सुरक्षा और शांति बनाए रखने में सहयोग करने की बात कही। थाना प्रभारी ने कहा कि पर्व के दौरान किसी को भी अप्रिय सूचना मिले तो इसकी सूचना तुरंत कुंदा पुलिस को दे।

## धीरज साहू को चतरा का पर्यवेक्षक बनाये जाने पर बधाई दी



**हेरहंज।** प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष लाडले खान ने पूर्व राज्यसभा सांसद व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता धीरज प्रसाद साहू को चतरा जिला कमेटी के पर्यवेक्षक बनाए जाने पर बधाई दी। लाडले खान ने कहा कि धीरज प्रसाद साहू का अनुभव और नेतृत्व चतरा जिला कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। यह नियुक्ति पार्टी के प्रति उनके समर्पण और निष्ठा का प्रमाण है। हेरहंज प्रखंड कांग्रेस परिवार ने इस अवसर पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी और मजबूत होगी। इस खुशी के मौके पर प्रखंड के सभी कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

# स्वास्थ्य आरोग्य दूतों को किया गया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** विद्यालय स्वास्थ्य व कल्याण कार्यक्रम (एसएचडब्लूपी) के तहत लातेहार जिले के सभी 9 प्रखंडों से पांच-पांच उत्कृष्ट विद्यालयों के उत्कृष्ट 90 आरोग्य दूतों को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग व शिक्षा विभाग के समन्वय एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज (सी- 3) के तकनीकी सहयोग से जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के तत्वावधान में आयोजित किया गया। विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम(एसएचडब्लूपी) के तहत सम्मान समारोह में सभी प्रखंडों से उत्कृष्ट कार्य कर रहे पांच पांच विद्यालयों एवं उसी विद्यालयों के दोनों आरोग्य दूतों शिक्षकों को वित्तीय वर्ष (2024- 2025) में उत्कृष्ट कार्य के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू, ,जिला आरसीएच पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक गौरव कुमार, जिला आयुष्मान प्रबंधक डॉ. रुद्र देव द्वारा 90 आरोग्य दूत शिक्षकों को सम्मानित किया गया। उक्त मौके पर




जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम साहू ने इस कार्यक्रम के सभी मॉड्यूल को महत्वपूर्ण बताते हुए सभी विद्यालय में अच्छे से लागू करने पर शिक्षको का धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रिंस कुमार द्वारा विस्तार से इस कार्यक्रम के बारे में बगाया गया की विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम की झारखंड में शुरूआत 2020 से हुआ है, जिसमे भारत सरकार के कुल 11 मॉड्यूल और साथ में राज्य सरकार के 5 मॉड्यूल है, जिसको विद्यालय स्तर पर लागू आरोग्य दूत के द्वारा किया जाता है। साथ ही इसके फायदे के बारे में बताया गया। अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा बच्चों को और शिक्षक को इस कार्यक्रम को पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए सुझाव दिया गया। साथ ही बच्चों से अनुशासन में रहने और सकारात्मक सोच के साथ रहने, समाज का अच्छे परिकल्पना आदि के बारे में विस्तार से बताया। जिससे इस महत्वपूर्ण कार्य का उद्देश्य पूरा हो सके। सभी आरोग्य दूत को विद्यालय स्तर पर लागू कराने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी प्रतिभागी का गणमान्य अतिथि द्वारा आरोग्य दूतों का उत्साह वर्धन किया गया। दोनों विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर बेहतर कार्य करने के बारे में भी बताया गया। आयुष्मान भारत पहल के अन्तर्गत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (झारखंड शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्) और झारखंड स्वास्थ्य मिशन (राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम कोषांग), झारखंड़ सरकार के संयुक्त प्रयास एवं सेंटर फॉर कैटलाइंजिग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम राज्य के सभी 24 जिलों में मौजूद सभी मध्य, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों (वर्ग 6 से 12 तक) में संचालित है। मौक पर स्वास्थ्य विभाग से सभी प्रखण्ड से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, जिला/प्रखण्ड कार्यक्रम प्रबंधन इकाई तकनीकी सहयोगी, संस्था सेंटर फॉर कैटालजिंग चेंज (सी -3) के कार्यक्रम पदाधिकारी, ट्रेनर एवं कार्यालय कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।



## जिला परिवहन कार्यालय, गढ़वा

**JIMMS Portal में सूचीबद्ध गढ़वा जिले से पंजिकृत वाहनों के स्वामियों के लिए आवश्यक सूचना :-**

एतद द्वारा सूची मे अंकित सभी वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि जिला परिवहन कार्यालय में पंजिकृत वैसे वाहन जिनका दुरूरती प्रमाण पत्र एवं पथकर की वैद्यता कालबाधित हो चुकी है तथा JIMMS Portal में सूचीबद्ध है, का असुरक्षित/अवैध खनन क्षेत्रों में परिचालन किया जा रहा है। सूची निम्न प्रकार है :-

| Sl NO | Vehicle Number | Engine Number | Chassis Number | Fitness Validity | Tax Validity | Registered At |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | JH14F0209 | ISBEXXXX42213 | MAT5XXXX25857 | 30-Nov-23 | 27-Nov-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 2 | JH14A6003 | 697TXXXX34616 | 3731XXXX24682 | 23-Jan-23 | 16-Oct-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 3 | JH14B8167 | 3100XXXX348F3 | HZQSXXXX2053S | 21-Feb-14 | 22-Feb-13 | GARHWA, Jharkhand |
| 4 | JH14C5012 | 3100XXXX024F3 | EZQSXXXX119SM | 03-Sep-15 | 09-Sep-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 5 | JH14D5813 | B591XXXX41913 | MAT4XXXX11675 | 22-Jun-23 | 09-Jul-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 6 | JH14G9785 | KEPZXXXX22251 | MB1HXXXXK0557 | 16-Feb-22 | 02-Jul-21 | GARHWA, Jharkhand |
| 7 | jh14j4301 | B5.6XXXX24390 | MAT7XXXX04271 | 10-Mar-25 | 10-Jun-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 8 | Jh14b9855 | B591XXXX47206 | MAT4XXXX07311 | 27-Jul-23 | 03-Jul-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 9 | Jh14b9856 | B591XXXX47286 | MAT4XXXX07296 | 27-Jul-23 | 03-Jul-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 10 | NL01K4305 | 11M6XXXX10465 | MAT4XXXX35810 | 19-Jan-22 | 08-Sep-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 11 | JH14C0256 | B591XXXX46803 | MAT4XXXX07304 | 27-Jul-23 | 20-Jun-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 12 | JH14C0255 | B591XXXX47537 | MAT4XXXX07379 | 27-Jul-23 | 20-Jun-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 13 | JH14D7720 | B591XXXX86161 | MAT4XXXX30470 | 19-Apr-24 | 20-Jun-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 14 | jh14d5517 | B591XXXX19007 | MAT4XXXX01296 | 14-Sep-23 | 19-Apr-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 15 | JH14A4979 | 70B6XXXX48495 | 3965XXXX05086 | 09-Jan-23 | 18-Mar-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 16 | JH14G1551 | ISB5XXXX81304 | MAT4XXXX10322 | 25-Oct-23 | 19-Mar-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 17 | JH14H8034 | 3.3LXXXX09306 | MAT7XXXX09550 | 18-Feb-23 | 09-May-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 18 | JH14F1352 | S325XXXX23175 | 9265XXXX57729 | 19-Mar-20 | 15-Jan-19 | GARHWA, Jharkhand |
| 19 | JH14D8646 | S35MXXXXE1433 | S35MXXXXE1433 | 07-Jan-17 | 07-Jan-20 | GARHWA, Jharkhand |
| 20 | jh14f8707 | HAPZXXXX26366 | MB1NXXXXZ3616 | 11-Apr-23 | 24-Apr-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 21 | JH14B9748 | S324XXXX09394 | 9192XXXX52420 | 15-Jul-14 | 15-Jul-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 22 | CG04HV4756 | 51D8XXXX21453 | MAT4XXXX04986 | 26-Jun-22 | 22-Feb-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 23 | JH14D4530 | B591XXXX29920 | MAT4XXXX06907 | 04-Jul-23 | 25-Dec-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 24 | JH14A3883 | 50J6XXXX25315 | 3881XXXX31745 | 08-Feb-23 | 18-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 25 | JH14A4381 | PY30XXXX38458 | PY51XXXX10925 | 28-Jul-08 | 07-Aug-07 | GARHWA, Jharkhand |
| 26 | NL01N2201 | EAFZXXXX11132 | MA1UXXXX48127 | 21-Feb-24 | 14-Feb-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 27 | JH14C7672 | B591XXXX71494 | MAT4XXXX04838 | 14-Jan-24 | 23-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 28 | JH14H4415 | LMEZXXXX13304 | MB1GXXXXJ4015 | 29-Sep-23 | 30-Nov-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 29 | JH14J4361 | 497SXXXX05539 | MAT4XXXX04630 | 19-Jul-24 | 11-Nov-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 30 | JH14D9069 | S325XXXX05859 | 9212XXXX42837 | 13-Nov-16 | 21-Nov-15 | GARHWA, Jharkhand |
| 31 | UP64T1947 | 497SXXXX04750 | MAT4XXXX02606 | 11-Dec-21 | 23-Jan-21 | GARHWA, Jharkhand |
| 32 | JH14G6130 | 3100XXXX850F3 | DZJSXXXX214S3 | 26-Mar-21 | 29-Oct-19 | GARHWA, Jharkhand |
| 33 | JH14B8169 | 3100XXXX091F3 | DZQSXXXX0563S | 22-Feb-14 | 22-Feb-13 | GARHWA, Jharkhand |
| 34 | JH14C5806 | E310XXXX05888 | B309XXXX95734 | 01-Dec-15 | 01-Dec-14 | GARHWA, Jharkhand |
| 35 | JH14J9271 | B6.7XXXX78364 | MAT7XXXX26602 | 03-Feb-24 | 18-Jul-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 36 | JH14J3393 | B6.7XXXX78451 | MAT7XXXX26569 | 03-Feb-24 | 18-Jul-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 37 | JH14J0351 | 497SXXXX13600 | MAT4XXXX07267 | 24-Mar-23 | 10-Aug-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 38 | JH14H1777 | TMM4XXXX93232 | MA1HXXXX10644 | 18-Jul-23 | 06-Jul-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 39 | JH14J1331 | B6.7XXXX90749 | MAT7XXXX03190 | 22-Feb-24 | 22-May-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 40 | JH14J2950 | B6.7XXXX76197 | MAT8XXXX26269 | 04-Jan-24 | 02-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 41 | JH14J8624 | B6.7XXXX79090 | MAT8XXXX26205 | 04-Jan-24 | 02-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 42 | JH14J4155 | B6.7XXXX78409 | MAT8XXXX17640 | 04-Jan-24 | 02-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 43 | JH14J7941 | B6.7XXXX76201 | MAT8XXXX26290 | 04-Jan-24 | 02-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 44 | JH14J0617 | B6.7XXXX78584 | MAT8XXXX00772 | 04-Jan-24 | 02-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 45 | JH14J0577 | MHPZXXXX11110 | MB1JXXXXN4249 | 01-Jan-24 | 21-Dec-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 46 | JH14B9966 | 697TXXXX07923 | MAT3XXXX07837 | 08-Feb-23 | 03-Aug-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 47 | JH14E6233 | B591XXXX38991 | MAT4XXXX21178 | 19-Oct-23 | 04-May-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 48 | JH14H3592 | B591XXXX51997 | MAT4XXXX11294 | 19-Aug-23 | 19-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 49 | JH14C8262 | 3100XXXX559F3 | JZQSXXXX173SM | 05-Dec-15 | 05-Dec-20 | GARHWA, Jharkhand |
| 50 | JH14G5988 | 81H8XXXX13156 | MAT4XXXX19184 | 19-Jan-23 | 25-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 51 | JH14C5346 | B591XXXX74714 | MAT4XXXX05762 | 22-Jul-22 | 01-Jan-21 | GARHWA, Jharkhand |
| 52 | JH14E8612 | B591XXXX20123 | MAT4XXXX11939 | 19-Oct-23 | 04-Feb-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 53 | JH14G3809 | 81L8XXXX39027 | MAT4XXXX27182 | 19-Jan-23 | 03-Feb-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 54 | JH14G5890 | 81L8XXXX39043 | MAT4XXXX27291 | 19-Jan-23 | 03-Feb-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 55 | JH14E7980 | B591XXXX38563 | MAT4XXXX21159 | 19-Oct-23 | 20-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 56 | JH14E0967 | B591XXXX42839 | MAT4XXXX21502 | 19-Oct-23 | 04-May-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 57 | JH14G9880 | 81K8XXXX26987 | MAT4XXXX25348 | 19-Jan-23 | 03-May-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 58 | JH14G7150 | 81H8XXXX12431 | MAT4XXXX19196 | 19-Jan-23 | 26-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 59 | JH14G4851 | 81K8XXXX32574 | MAT4XXXX25352 | 19-Jan-23 | 03-May-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 60 | JH14G4074 | 81A8XXXX48261 | MAT4XXXX13287 | 19-Jan-23 | 25-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 61 | JH14G2850 | 81H8XXXX12499 | MAT4XXXX19204 | 19-Jan-23 | 25-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 62 | JH14G1437 | 81H8XXXX12454 | MAT4XXXX19203 | 19-Jan-23 | 25-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 63 | JH14G0673 | 81L8XXXX38868 | MAT4XXXX27342 | 18-Jan-25 | 03-Nov-24 | GARHWA, Jharkhand |
| 64 | JH14G2669 | 91C8XXXX68362 | MAT4XXXX06054 | 03-Aug-23 | 29-Dec-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 65 | JH14D2423 | B591XXXX23734 | MAT4XXXX02758 | 22-Feb-24 | 23-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 66 | JH14G7303 | 3100XXXX244F3 | AYASXXXX377S3 | 05-Dec-20 | 22-Dec-18 | GARHWA, Jharkhand |
| 67 | JH14E1374 | 3100XXXX519F3 | EYASXXXX083S3 | 06-Jan-20 | 01-Dec-19 | GARHWA, Jharkhand |
| 68 | JH14F5558 | S325XXXX93308 | 9260XXXX36303 | 22-Feb-20 | 11-Dec-19 | GARHWA, Jharkhand |
| 69 | JH14D6325 | B591XXXX86818 | MAT4XXXX30469 | 21-Dec-24 | 29-Sep-24 | GARHWA, Jharkhand |
| 70 | JH14B8880 | B591XXXX03811 | MAT3XXXX10146 | 05-Aug-22 | 02-Aug-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 71 | JH14E8932 | FTEZXXXX08304 | MB1GXXXXM9319 | 06-Apr-18 | 03-Aug-21 | GARHWA, Jharkhand |
| 72 | JH14F7431 | ISBEXXXX45879 | MAT4XXXX32536 | 22-Jun-24 | 12-Feb-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 73 | JH14E8242 | B5.9XXXX77808 | MAT4XXXX04807 | 22-Jun-24 | 06-Mar-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 74 | JH14D7329 | B591XXXX87950 | MAT4XXXX16794 | 14-Jan-24 | 11-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 75 | JH14C8247 | 3100XXXX622F3 | EZQSXXXX120SM | 12-Dec-15 | 12-Dec-17 | GARHWA, Jharkhand |
| 76 | JH14B6786 | B591XXXX58228 | MAT4XXXX28192 | 21-Dec-22 | 27-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 77 | JH14E6584 | B591XXXX83806 | MAT4XXXX06818 | 30-Sep-23 | 29-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 78 | JH14E9627 | B591XXXX39036 | MAT4XXXX21481 | 19-Oct-23 | 20-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 79 | JH14E6196 | B591XXXX52606 | MAT4XXXX24850 | 08-Dec-23 | 22-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 80 | JH14E4888 | B591XXXX53640 | MAT4XXXX25264 | 08-Dec-23 | 22-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 81 | JH14E2064 | B591XXXX41121 | MAT4XXXX21517 | 29-Nov-23 | 04-Feb-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 82 | JH14E9460 | B591XXXX50316 | MAT4XXXX23932 | 08-Dec-23 | 06-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 83 | JH14E9886 | B591XXXX40597 | MAT4XXXX21107 | 19-Oct-23 | 20-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 84 | JH14B8762 | B591XXXX17287 | MAT4XXXX37856 | 15-Jan-22 | 23-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 85 | JH14B8763 | B591XXXX17167 | MAT4XXXX37868 | 15-Jan-22 | 23-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 86 | JH14E6606 | B591XXXX40121 | MAT4XXXX21358 | 19-Oct-23 | 20-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 87 | JH14D3215 | B591XXXX92118 | MAT4XXXX19049 | 05-Oct-23 | 04-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 88 | JH14B4654 | B591XXXX86180 | MAT4XXXX02414 | 26-Jan-23 | 24-Feb-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 89 | JH20A6944 | 697DXXXX06030 | 4051XXXX04224 | 18-Jan-24 | 29-Mar-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 90 | JH14E8100 | B591XXXX61132 | MAT4XXXX27981 | 14-Jan-24 | 05-Apr-22 | GARHWA, Jharkhand |
| 91 | JH14D6061 | B591XXXX88782 | MAT4XXXX01004 | 14-Jan-24 | 26-Feb-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 92 | JH14D3051 | 60G6XXXX95800 | 3965XXXX17579 | 02-Feb-22 | 25-Jan-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 93 | JH14E4620 | B591XXXX17309 | MAT4XXXX11987 | 30-Nov-23 | 15-Mar-23 | GARHWA, Jharkhand |
| 94 | JH14D7102 | EVEZXXXX06062 | MB1GXXXXK4396 | 22-Feb-24 | 16-Jan-24 | GARHWA, Jharkhand |
| 95 | JH14D4180 | B591XXXX72210 | MAT4XXXX25100 | 06-Mar-22 | 14-Mar-22 | GARHWA, Jharkhand |

उपर्युक्त सूची मे अंकित वाहन के वाहन स्वामियों को सूचित किया जाता है कि आप अपने वाहन का दुरूरती प्रमाण पत्र एवं पथकर सूचना प्रकाशन के तिथि से 07 दिनों के अंदर अद्यतन कराना सुनिशिचित करेंगे अन्यथा मोटरवाहन अधिनियम 1988 की सुसंगत धाराओं के तहत आपके विरूध कारवाई की जाएगी।

जिला परिवहन पदाधिकारी
गढवा

PR 349302 Transport (24-25)_D

# जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन

## ई-पॉश मशीन (4जी), धान अधिप्राप्ति, ई-केवाईसी आदि बिंदुओं का दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** खाद्य, सार्वजनिक, वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के निदेश पर मंगलवार को नया नगर भवन, लोहरदगा में जिला आपूर्ति कार्यालय की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन विधायक डॉ रामेश्वर उरांव, जिप अध्यक्ष रीना कुमारी, डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, डीएसओ ज्ञान शंकर जायसवाल समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक ने कहा कि पहले हमारे देश में बहुत से ऐसे गरीबों की संख्या काफी अधिक थी जिन्हें राशन नहीं मिलता था। कई परिवारों का नाम खाद्य सुरक्षा योजनाओं में नहीं था। केंद्र सरकार लाल और पीला राशन कार्ड से राशन दे रही थी लेकिन अब तक कई परिवार वंचित थे। वर्तमान सरकार के पिछले कार्यकाल में मैंने बतौर विभागीय मंत्री रहते हुए हरा राशन कार्ड की योजना लायी जिससे छूटे हुए परिवार अच्छादित हुए। झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत परिवार के प्रत्येक सदस्य को पांच किलो अनाज मिलता है। देश में अधिकतर राज्यों में सिर्फ अनाज दिया जाता है जबकि झारखण्ड में चावल, गेहूं, चना दाल भी दिया जाता है। मैंने सरकार को प्रति परिवार को सोयाबीन दिये जाने का भी प्रस्ताव दिया है। अगर यह योजना लागू हो जाती है तो प्रत्येक परिवार को चावल/गेहूं, दाल और सोयाबीन के रूप में एक सब्जी मिल सकेगी।



### मात्र दस रुपए में धोती/लुंगी व साड़ी

एक व्यक्ति को भोजन के साथ-साथ कपड़ों की भी आवश्यकता होती है। हमारी सरकार वर्ष में दो बार प्रति परिवार को धोती/लुंगी व साड़ी उपलब्ध करा रही है। इसके लिए मात्र दस रुपए कार्डधारक से लिया जा रहा है। इतनी कम कीमत पर राज्य सरकार लोगों के तन ढंकने का कार्य कर रही है।

### किसानों को धान अधिप्राप्ति के लिए करें प्रेरित

अभी सरकार किसानों को 2300 रुपए प्रति क्विंटल और 100 रुपए बोनस के रूप में कुल 2400 रुपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान कर रही है। आप छूटे हुए किसानों को अपना धान लैम्पस में जमा कर इस योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही वैसे किसानों की भी जांच करें जो असामान्य मात्रा में अपना धान लैम्पस को देते हैं।

कार्यक्रम में अपर समाहर्ता जितेंद्र मुण्डा, विधायक प्रतिनिधि नीशीथ जायसवाल, जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, जिला सहकारिता पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी समेत सभी प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी, सभी मार्केटिंग अफसर, राशन डीलर व अन्य उपस्थित थे।

**●जरूरतमंद लोग राशन कार्ड से अभी भी वंचित: रीना कुमारी**

जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने कहा कि अभी भी कई जरूरतमंद लोगों का राशन कार्ड नहीं बन पाया है। सरकार की ओर से सुविधा दी जा रही है लेकिन लोग वंचित हैं। सभी राशन डीलर ऐसे लोगों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ें। उनकी समस्याओं का समाधान करें।

**●रोटी, कपड़ा और मकान जिला प्रशासन की प्राथमिकता में : उप विकास आयुक्त**

उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता में है। अनाज और धोती/लुंगी व साड़ी आपूर्ति विभाग द्वारा दिया जा रहा है, वहीं, ग्रामीण विकास विभाग की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना व अबुआ आवास योजना लोगों को दिया जा रहा है। प्रत्येक व्यक्ति को सशक्त बनाना है। धान अधिप्राप्ति में सौ प्रतिशत उपलब्धि हासिल करना है। बिचौलिए किसानों से काफी कम मूल्य पर धान खरीद लेते हैं। किसानों को अपना धान लैम्पस में भी बेचने के लिए प्रेरित करें। जो योग्य हैं उन्हें खाद्य सुरक्षा योजनाओं से जोड़ें। पीवीटीजी डाकिया योजना को लाभुक को सौ प्रतिशत अच्छादित करें।

**●21-27 मार्च तक चलेगा ई-केवाईसी सप्ताह: डीएसओ**

जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञान शंकर जायसवाल ने बताया कि सभी कार्डधारियों व उनके परिवार के सदस्यों का ई-केवाईसी किया जा रहा है। इसके लिए विशेष ई-केवाईसी सप्ताह मनाया जा रहा है जो 27 मार्च तक सभी प्रखण्डों में चलेगा। सभी किसानों को धान अधिप्राप्ति के लिए प्रेरित करें। किसानों को धान अधिप्राप्ति की राशि समय से भुगतान किया जा रहा है। प्रशिक्षण में ई-पॉश मशीन (4जी), धान अधिप्राप्ति, ई-केवाईसी आदि बिंदुओं का प्रशिक्षण दिया गया।

---

### प्रकृति पर्व सरहुल के अवसर पर आयोजित हुई शोभायात्रा



**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम में प्रकृति पर्व सरहुल के मौके पर बुधवार को पहान पुजार की अगुवाई में सामूहिक शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा से पूर्व आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार प्रकृति पर्व सरहुल पर साल वृक्ष की पूजा की गई। वही पूजन अनुष्ठान के दौरान समाज के कल्चर को अपनाते हुए पूरे विधिविधान के साथ विभिन्न रूप से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय सरना समिति जिला इकाई की अगुआई में सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी छात्र संघ, राजी पड़हा समिति व अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिल कर जिला सरहुल मनाया जाता है। एक दूसरे को त्यौहार की बधाई दी जाती है। वही स्थानीय पाहन के द्वारा बताया गया कि प्राकृतिक की पूजा पूर्वजों के समय से चला आ रहा है। जिसे प्रकृति की पूजा से क्षेत्र में निवेश करने वाले सभी का सहयोग मिलता है। सरहुल पर्व के दौरान किसी प्रकार का कार्य नही किया जाता है। विशेष कर खेत में हल चलना, खोदाई का कार्य करना सहित अन्य प्रकार के कार्य पूर्ण रूप से बंद रहता है। मौके पर बंधनु पाहन, पुजार वासदेव भगत, समाजसेवी उदय उराँव, अजेल उराँव प्रकाश उराँव, रंथु उराँव, रविन्द्र उराँव, अदरा भगत, संदीप उराँव सुकेश्वर भगत सहित समस्त आदिवासी समुदाय के गणमान्य लोग शामिल थे।

---

## लोहरदगा में जिला विकास समन्वय की बैठक आयोजित



नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए और विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। जिसमे मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन बढ़ाने के लिए योजनाओं की पूर्णता में वृद्धि करने और प्रत्येक गांव में योजनाओं का औसत बढ़ाकर सात से दस तक ले जाने का निर्देश दिया गया। आवास योजनाओं में लाभुकों की जांच हो जाने के उपरांत चरणबद्ध उन्हें किश्त की राशि का भुगतान किए जाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत कुष्ठ रोगियों, सांप काटने, कुत्ता द्वारा काटे जाने, फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम, मोतियाबिंद रोगियों का इलाज आदि की समीक्षा की गई। आइटीडीए अंतर्गत धुमकुड़िया, बिरसा आवास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, वन अधिकार अधिनियम, आवास विद्यालयों की मरम्मति व उनका जीर्णोद्धार, मुख्यमंत्री पशुधन योजनाओं की समीक्षा की गई और निर्देश दिए गए। भवन निर्माण विभाग द्वारा नया समाहरणालय भवन को हैंडओवर कराने की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई, सभी प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

---

### हजारीबाग में मंगलवारी जुलूस पर पथराव एक अमानवीय कुकृत्य: रितेश कुमार

**कैरो (लोहरदगा)।** प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 26 अप्रैल बुधवार को अपराह्न 1:00 बजे कैरो महाबीर मंडल अध्यक्ष कृष्णा साहू के अध्यक्षता में क्षेत्रीय बैठक आहुत की गई। बैठक में कैरो, उतका, खन्डा, नरौली, गजनी, चाल्हो, महुवरी, सढ़ाबे, टाटी, खरता, हनहट, हुदु, सुकुरहुटू इत्यादि 30 गांवो के महाबीर मंडल प्रतिनिधियों ने आगामी 07 अप्रैल दशमी को भरत-मिलाप शोभायात्रा कार्यक्रम मे बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की बात कही। बैठक में केंद्रीय महाबीर मंडल के अध्यक्ष विपुल तमेडा, एवं लोहरदगा जिला विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार को कैरो महाबीर मंडल पदाधिकारियों ने अंग वस्त्र

---

## राज्य स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन में लोहरदगा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**लोहरदगा।** निदेशक, झारखण्ड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण, रांची के निदेशानुसार प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत राज्य स्तरीय कुकिंग कॉम्पिटिशन 2025 का आयोजन दिनाँक 24.03.2025 को हजारीबाग में किया गया। प्रतियोगिता में राज्य के सभी 24 जिलों के रसोइया सह सहायिकाओं द्वारा अपनी पाक कला का प्रदर्शन सीमित संसाधनों से किया गया। उक्त कॉम्पिटिशन का मुख्य उद्देश्य रसोईया सह सहायिकाओं में गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करने, मोटा अनाज जैसे मिलेट, रागी, मडुवा, कोदो, गोंदली आदि का व्यापक उपयोग, सीमित साधनों में बच्चों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने, भोजन बनाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाने, मध्याह्न भोजन के प्रति रसोईया सहायिकाओं में प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने, समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री के उपयोग हेतु कार्रवाई आदि सुनिश्चित करना है। मध्याह्न भोजन योजना अंतर्गत नवाचार को बढ़ाना है। ताकि छात्रों को पोषक तत्वों से भरपूर भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित किया जा सके। प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर विजेता (प्रथम) और उपविजेता (द्वितीय) प्रतिभागियों सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में सभी रसोइयों ने सभी आवश्यक सामग्रियों के साथ उक्त कॉम्पिटिशन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित किया। राज्य स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में जिला लोहरदगा के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा के कुक्स द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त कर जिला का नाम पूरे राज्य में लाया गया। द्वितीय राजकीकृत प्राथमिक विद्यालय, कुटमु, लोहरदगा (सुमन उराँव और टीम)। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष कुटमु विद्यालय के कुक्स द्वारा बनाये गए रागी लड्डू को पूरे राज्य स्तर पर मध्याह्न भोजन के मीनू में शामिल किया गया। जो लोहरदगा के लिए गौरव की बात है। उपविजेता को रु 5000.00 की प्रोत्साहन राशि, मोमेंटो और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सभी प्रतिभागी रसोईया सह सहायिकाओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कमना किये। विजेता टीम को जिला शिक्षा अधीक्षक, लोहरदगा अभिजीत कुमार द्वारा बुके देकर सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर प्रभारी, अभिषेक भारती, जिला ऑपरेटर, कुंदन कुमार सहित सभी कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

---

## शांति व सौहार्द के साथ सभी लोग मिल कर त्यौहार मनाये : सीओ



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के सभी पंचायत में शांति व सौहार्द के साथ सरहुल, ईद और रामनवमी मनाने को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से अंचल क्षेत्र को छः जोन में बांटा गया है। जिस निमित सरहुल,ईद और रामनवमी का त्यौहार शांति पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अंचल क्षेत्र के सभी छः जोन में अंचलाधिकारी की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधि और ग्रामीणों के साथ शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। उसी क्रम में बुधवार को अंचल क्षेत्र के सेरेंगहातु और सेन्हा पंचायत में शांति समिति का बैठक आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में अंचलाधिकारी मोदस्सर नजर मंसूरी व एस आई मनीष कुमार महतो ने जन प्रतिनिधि व ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सरहुल,ईद और रामनवमी का त्यौहार को सभी लोग शांति व सद्भाव के साथ आपसी सहयोग से मिल जुल कर मनायें और प्रशासन का सहयोग करें। पर्व त्यौहार की जाति विशेष समुदाय का नही होता है। पर्व त्यौहार सभी का होता है। जिसे सभी लोग भेद भाव को भूल कर शांति पूर्वक मनायेंगे तो बेहतर होगा। पर्व त्यौहार के दौरान यदि कोई व्यक्ति गलत अफवाह फैला कर या सोशल मीडिया के माध्यम से गलत संदेश का दुष्प्रचार कर शांति भंग करने का कोशीश करता है तो उस पर सख्त और कठोर कानूनी करवाई किया जायेगा।

---

### सनातन संस्कृति महासम्मेलन एवं 51 कुंडीय राष्ट्र उत्थान महायज्ञ शुरू

**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम पतराटोली में 6 दिवसीय सनातन संस्कृति महासम्मेलन और 51 कुंडीय राष्ट्र उत्थान महायज्ञ का श्री गणेश हुआ। प्रथम दिन सैकड़ों लोगों ने यज्ञ कुंडों में प्रज्वलित अग्नि में वैदिक मंत्रों के साथ आहुतियां अर्पित की। इस महायज्ञ में सम्मिलित होने के लिए सुबह से ही लोहरदगा और ग्रामीण क्षेत्रों के वासी उमड़ पड़े, ज्योंहि आहुतियों का क्रम प्रारंभ हुआ स्वाहा की पवित्र सामूहिक ध्वनि से सारा यज्ञ पंडाल गूंज उठा। यज्ञ कुंड में विशेष रुप से निर्मित यज्ञ सामग्री से आहुति दी जा रही है। छः दिन चलने वाले इस यज्ञ उत्सव में प्रतिदिन महाभंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। 30 मार्च नववर्ष प्रतिपदा को भव्य कलश यात्रा के साथ इस आयोजन का महायज्ञ के साथ समापन किया जाएगा। भारतीय संस्कृति में यज्ञ का बहुत बड़ा महत्व है।

---

नववर्ष प्रतिपदा को लेकर विश्व हिंदू परिषद और जय श्री राम समिति ने कसी कमर

## बाबूलाल , आदित्य साहू और प्रदीप वर्मा से मिलकर नववर्ष तथा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का दिया निमंत्रण

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** विश्व हिन्दू परिषद और जय श्री राम समिति ने आगामी नववर्ष प्रतिपदा को भव्य तरीके से मनाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दिया है। दोनो हिन्दू संगठनों ने इसको लेकर भाजपा के प्रदेश स्तरीय नेताओं और सनातन धर्म से जुड़े लोगों को निमंत्रण देना शुरू कर दिया है। इस क्रम में मांडर विधानसभा प्रभारी भाजपा के रिपुसूदन साहू, विश्व हिंदू परिषद अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, सेन्हा प्रखंड के भाजपा कार्यकर्ता नवल साहू ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद आदित्य साहू, प्रदीप वर्मा तथा भारतीय किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू से उनके आवास तथा कार्यालय में मिलकर 30 मार्च को श्रीराम समिति द्वारा आहुत नववर्ष शोभायात्रा तथा केंद्रीय महावीर



मंडल के नेतृत्व में 7 अप्रैल को निकलनेवाली नववर्ष तथा रामनवमी शोभा यात्रा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। जिसमें उपरोक्त सभी भाजपा नेता ने कार्यक्रम में शामिल होने हेतु आश्वासन दिया तथा बातचीत के क्रम में उन्होंने हम सभी से यह आशा व्यक्त किया कि लोहरदगा जिला में सभी हिन्दू संगठन एक साथ मिलकर सनातन समाज को आगे बढ़ाने तथा मजबूती के लिये काम करेंगी। उपरोक्त सभी ने अलग अलग विजन के साथ सनातन संगठनों के होने का उद्देश्यों पर भी प्रकाश डाला तथा हम सभी सनातन समाज के लोगों को धर्म के प्रति निःस्वार्थ समर्पित रहने तथा कार्य करने का आह्वान किया। उपरोक्त दायित्ववान जनप्रतिनिधियों से मिलकर विहिप अध्यक्ष रितेश कुमार तथा श्रीराम समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल ने कहा कि हमे जिस विश्वास के साथ दायित्व मिला है। उसपर खरा उतरने का हर प्रयास करेंगे तथा आपने आशीर्वाद स्वरुप जो हमें प्रेरित वाक्य दिये हैं तथा जो आशा जतायी है उसे आत्मिक आलिंगन के साथ सदैव प्रेरणा बनाकर सनातन समाज को आगे बढ़ाने तथा सुरक्षित रखने का शत प्रतिशत कोशिश करूंगा।

---

### घाघरा में रामनवमी जुलूस न निकलना दुर्भाग्यपूर्ण : अनिल उरांव

**लोहरदगा।** बुधवार को जय श्रीराम समिति की बैठक सदर प्रखंड के हेंदलासो गांव में पंचायत अध्यक्ष सूरज लाल की अध्यक्षता में की गई। आयोजित बैठक में समिति के जिला पदाधिकारी मौजूद रहे ' बैठक में मुख्य रूप से नववर्ष विक्रम संवत को लेकर चर्चा हुई, साथ ही घाघरा में रामनवमी जुलूस न निकाले जाने को लेकर चिंता जाहिर की ' जिला कार्यकारी अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा 70 सालों से निकाली जा रही परंपरा का रुकना सही नहीं है। प्रशासन और सरकार की यह जिम्मेवारी है किसी की भी आस्था को ठेस न पहुंचे और आपसी सहमति से रामनवमी जुलूस निकालने का प्रयास करें।

---

### पढ़ाई के साथ साथ सामाजिक संस्कार को भी जानना चाहिए : राधा तिर्की

**सेन्हा-लोहरदगा ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएम श्री कस्तुरबा विद्यालय सेन्हा और केजिबिवी पेशरार द्वारा संयुक्त रूप से कल्चरल कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की और विशिष्ट अतिथि सेन्हा प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी, पेशरार प्रखंड प्रमुख सीता देवी, विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उरांव, मुखिया धनवाज उरांव द्वारा शुभारम्भ किया गया। केंद्रीय शिक्षा नीति के तहत कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सेन्हा को पीएम श्री विद्यालय के रूप में मान्यता मिलने पर भारत श्रेष्ठ भारत के तहत छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कल्चरल कार्यक्रम आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि जिप सदस्य राधा तिर्की ने सम्बोधित करते हुए कहा की पढ़ाई के साथ सांस्कृति कल्चरल को जानना सीखना आवश्यक है। देश के अलग अलग राज्यों में भिन्न भिन्न तरह का खान पान और रहन सहन और बोली भाषा तथा सामाजिक सांस्कृति कल्चरल है। जिसे सीख कर हम सभी को अपनाना चाहिये। समाजिक कल्चरल के द्वारा ही शिक्षा का महत्व बढ़ता है।

---


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,लोहरदगा**
(E- Mail – ID – rdsd.lohardaga@rediffmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लोहरदगा अन्तर्गत आमंत्रित अल्पकालीन ई– निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – RDD/SD/LOHARDAGA/E-11/2024-25 PR No. 349151 Lohardaga (24-25)#D को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
लोहरदगा

PR 349236 (Lohardaga)24-25*D


---

केरल पंचायती राज मॉडल की फंड, फंक्शन और फंक्शनरीज तकनीकी जानकारी ली

# लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष ने केरल पंचायती राज मॉडल का किया अध्ययन

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी ने केरल पंचायती राज मॉडल की फंड, फंक्शन और फंक्शनरीज तकनीकी की जानकारी प्राप्त करने के लिए तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर केरल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने केरल की पंचायती राज व्यवस्था की अत्याधुनिक तकनीकों और सुविधाओं का अध्ययन किया और झारखण्ड में भी इसे लागू करने की संभावनाओं पर विचार किया। जानकारी हासिल करने के पश्चात सकुशल लोहरदगा वापस लौट आये हैं। केरल में तीन दिवसीय आवासीय शैक्षणिक भ्रमण के लिए झारखण्ड से 17 जिलों के जिला परिषद अध्यक्ष केरल गये थे। लोहरदगा से जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी भी भ्रमण टीम में शामिल रहीं। उन्होंने जानकारी दी कि पंचायती राज व्यवस्था का



### केरल पंचायती राज मॉडल की विशेषताएं

केरल की पंचायती राज व्यवस्था में ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद शामिल हैं। इन संस्थाओं को संविधान के 73वें संशोधन के माध्यम से संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ है। केरल में पंचायती राज व्यवस्था काफी बेहतर है और वहां के जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर योजना निर्माण और फंड का इस्तेमाल में तकनीकी और भौतिक रूप से कोई कठिनाई नहीं होती है।

केरल मॉडल है। केरल में पंचायती राज व्यवस्था काफी बेहतर है और वहां के जनप्रतिनिधियों को योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर योजना निर्माण और फंड का इस्तेमाल में तकनीकी और भौतिक रूप से कोई कठिनाई नही होती है। रीना कुमारी ने इससे पहले केरल के इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के जरिये 3 दिनों तक शैक्षणिक भ्रमण के लिए रवाना होने के दौरान केरल पंचायती राज की तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने की बात कही थी। उन्होंने साझा करते हुए कहा कि तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सफल रहा। साथ ही झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था के जिले में कमान संभाल रहे जिला परिषद अध्यक्ष तकनीकी रूप से केरल मॉडल का लाभ अपने इलाके में भी पहुंचाने में अहम भूमिका निभायेंगी। रीना कुमारी ने कहा कि झारखण्ड के पंचायती राज व्यवस्था में भी केरल मॉडल को लागू करने से ग्रामीण इलाकों के लोग लाभान्वित हो सकते हैं। इससे झारखण्ड की पंचायती राज व्यवस्था में सुधार हो सकता है और ग्रामीण विकास को बढ़ावा मिल सकता है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण में झारखण्ड के 17 जिला परिषद अध्यक्ष में रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, बोकारो, रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, दक्षिण सिंहभूम, सरायकेला खरसावां, लातेहार, गढ़वा, गोड्डा, साहेबगंज, पाकुड़ के जिला परिषद अध्यक्ष शामिल रहे। कहा केरल की पंचायती राज व्यवस्था की अत्याधुनिक तकनीकों सुविधाओं से सुव्यवस्थित अवयव को झारखण्ड पंचायती राज व्यवस्था में भी होना चाहिए, जिससे लक्ष्य के सापेक्ष झारखण्ड पंचायती राज व्यवस्था कायम होने के साथ-साथ झारखण्ड के ग्रामीण इलाकों के लोग लाभान्वित हो सके।

---


**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED**
**CIN: U40108JH2013SGC001704**
Regd. Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi – 834002, JH
Phone: 0651-2400804 Website: www.jusnl.in
Office of the : General Manager Transmission Zone – IV, Medininagar (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj/ e-mail : gmtzdal@gmail.com

**e-Tender Notice**

e-Tender in two parts i.e. technical (Part–I) and Financial (Part–II) is invited from reputed, capable, experienced and financially sound contractors for the under mentioned work:-

| Sl. No. | e-N.I.T. No. | Description of works | Completion Period | e-tender fee (Rs.) (non-refundable) including GST 18% | E. M. Deposit (Rs.) | Estimated Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 608/PR /JUSNL/ 2024-25 | Construction of Store Shed (Size 30'0"x84'0") with office room at 132/33 kV, GSS, Garhwa Road. | 06 Months | 5900/- | 88500/- | 44,12,436.00 |

| | |
|---|---|
| Availability of Tender Documents on e-Tender website | 28.03.2025 at 12:00 PM |
| Start Date & Time of upload of BID | 28.03.2025 at 12:00 PM |
| End date and time of upload of BID | 18.04.2025 Up to 04:00 PM |
| BID Opening date for Technical Part (Part -I) | 19.04.2025 at 04:30 PM |
| BID Opening date for Price Part | Will be communicated later on |
| Tender Inviting Authority and address for communication | General Manager, Transmission Zone -IV, Medininagar, Bypass Road, Sudna, Near Sinchai Vibhag, Medininagar – 822101, Jharkhand |

1. e-Tender document and BOQ including terms & conditions, tender specification can be downloaded from website http://jharkhandtenders.gov.in. Any details / clarification required in this regard can also be obtained from the office of the undersigned during office hours. Please contact 9835768602 for any enquiry.
2. The bids will be received through electronic tendering mode only.
3. Bidder shall deposit tender fee & EMD as mentioned above through online mode as per rules of e-tendering portal.
4. If there is sudden announcement of holiday by Govt. or Nigam on the date of opening of tender/ last date of submission of hard copy of bid then the next working day will be considered.
5. No claim shall be entertained on account of disruption of internet services being used by bidders. Bidders are advised to upload their bids well in advance to avoid last minute technical snag.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 349301 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)#D

# भरनो में फिर जंगली हाथियों का आतंक, दो घरों को किया क्षतिग्रस्त





**नवीन मेल संवाददाता**

**भरनो (गुमला)।** भरनो प्रखंड में जंगली हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हाथियों द्वारा ग्रामीणों के घरों और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, जिससे लोग दहशत में हैं।

ताजा घटना मंगलवार देर रात की है, जब एक जंगली हाथी ने भरनो प्रखंड के दुम्बो भगतटोली गांव में भारी तबाही मचाई। हाथी ने ग्रामीण कर्मा उरांव और डोमन उरांव के मिट्टी के घरों को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की सूचना पाकर बुधवार सुबह पंचायत मुखिया जयराम उरांव एवं उपमुखिया हीरामुनि उरांव प्रभावित परिवारों के घर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पीड़ितों को वन विभाग से उचित मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

हालांकि, घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी गई है, लेकिन अब तक कोई भी वनकर्मी गांव नहीं पहुंचा है। इसको लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। पीड़ित परिवारों ने वन विभाग से तत्काल मुआवजा देने और उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है।

स्थानीय प्रशासन और वन विभाग की लापरवाही के कारण ग्रामीण खुद को असहाय महसूस कर रहे हैं। क्षेत्र में हाथियों के आतंक को रोकने और प्रभावित परिवारों को राहत देने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है।

## समाप्त हुआ 25 दिवसीय ब्यूटिशियन प्रशिक्षण समापन



**चैनपुर।** चैनपुर के डी समवाय कुरूमगढ, 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल गुमला के द्वारा आयोजित 25 दिवसीय ब्यूटिशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह प्रशिक्षण 32वीं वाहिनी गुमला के कमांडेंट राजेश सिंह के निर्देशन में 28 फरवरी 2025 से 25 मार्च 2025 तक संचालित किया गया।प्रशिक्षण में कुरूमगढ क्षेत्र के विभिन्न गांवों की कुल 25 महिला लाभार्थियों को प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे वे ब्यूटिशियन के क्षेत्र में दक्षता प्राप्त कर सकें और अपने जीवन में आत्मनिर्भर बनने की दिशा में कदम बढ़ा सकें।समापन कार्यक्रम में अनेक गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से अपूर्व आनंद,वी के चेतन,सतीश कुमार, सीताराम मुंडा और कृष्णा उरांव शामिल थे।

## बेवजह लोगों को अभियुक्त ना बनाएं पुलिस : रविंद्र सिंह



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा (गुमला)।** घाघरा पुलिस की कार्यप्रणाली से नाराज होकर घाघरा केंद्रीय महावीर मंडल घाघरा के द्वारा इस बार रामनवमी नहीं मानने का निर्णय लिया गया है। इसके बाद केंद्रीय महावीर मंडल गुमला के पदाधिकारी मंगलवार को घाघरा पहुंचे और केंद्रीय महावीर मंडल के सदस्यों के साथ बैठक की। सदस्यों ने बताया कि पिछले वर्ष दुर्गा पूजा से पूर्व चंदा के दौरान चाकूबाजी की घटना हुई थी, जिसमें बेवजह जो लोग बचाने के लिए सामने आए थे उनका नाम भी अभियुक्त के रूप में दिखाया गया है। साथ ही पुलिस बेवजह परेशान करती है। घाघरा थाना की कार्यशैली से नाराज होकर हमने यह कदम उठाया है और 70 वर्षों में यह पहली बार होगा जब घाघरा में जुलूस नहीं निकाला जाएगा। वही, सभी लोगों ने एक स्वर में घाघरा थाना प्रभारी को हटाने की मांग की। केंद्रीय महावीर मंडल के पदाधिकारी ने कहा कि दो दिन के बाद गुमला में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक है जिसमें पूरे मामले को रखा जाएगा और प्राचीन काल से चली आ रही परंपरा को किसी कीमत पर हम बंद होने नहीं होने देंगे बल्कि जो भी दोषी अधिकारियों है, उनपर कार्रवाई होनी चाहिए।

## ग्वालियर में आयोजित सेकंड बारगेनिंग फुटबॉल लीग में 14 सदस्य टीम हुई रवान



**नवीन मेल संवाददाता**

**घाघरा (गुमला)।** ग्वालियर में आयोजित होने वाली सेकंड बारगेनिंग फुटबॉल लीग में शामिल होने के लिए घागरा प्रखंड के रन्हें स्थित चिल्ड्रन एकेडमी प्लस टू विद्यालय के अंडर 13 बालक वर्ग के 14 सदसीय टीम खेल शिक्षक मनोज साहू राष्ट्रीय रेफरी के अगुवाई में हुए रवाना । उक्त मैच 28 मार्च से 30 मार्च तक अलग-अलग राज्यों के साथ होगा । जिसमें लीग के आधार पर चिल्ड्रन एकेडमी के खिलाड़ियों को 6 मैच अलग-अलग राज्यों के साथ खेलना है।सीआरपीएफ डीआईजी रविंद्र भगत, विधायक प्रतिनिधि संजीव उरांव, खेल प्रेमी सुशील टोप्पो, समाजसेवी शिवकुमार भगत, अनिरुद्ध चौबे इत्यादि लोगों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए खेल के लिए रवाना किया ।

## जिला शिक्षा पदाधिकारी ने की जांच, नियुक्ति प्रक्रिया और विकास कार्यों की समीक्षा



**पालकोट (गुमला)।** पंपापुर इंटर महाविद्यालय, पालकोट में जिला शिक्षा पदाधिकारी गुमला कविता खलखो और प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने बुधवार, 26 मार्च 2025 को जांच अभियान चलाया। वे सुबह 10:40 बजे महाविद्यालय पहुंचे और संस्थान से जुड़े विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की। जांच के दौरान अधिकारियों ने वर्ष 2024 में विषयवार व्याख्याताओं एवं कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित मूल कागजातों का निरीक्षण किया। इसके अलावा, महाविद्यालय के विकास एवं संचालन से संबंधित मुद्दों पर प्राचार्य महोदय से विस्तृत वार्ता हुई। इस दौरान सभी शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महाविद्यालय में उपस्थित रहे। अधिकारियों की जांच और समीक्षा को लेकर शिक्षण संस्थान में विशेष सतर्कता और गंभीरता देखी गई। महाविद्यालय के प्रशासनिक और शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं सुचारू बनाने पर बल दिया गया।

## बुमटेल निवासी 45 वर्षीय व्यक्ति ने सल्फास का किया सेवन, रिम्स रेफर

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बुमटेल निवासी 45 वर्षीय अमृत कुजूर ने मंगलवार की अपराह्न 4 बजे सल्फास खा लिया। इसके बाद परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर ले गए जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक व्यक्ति श्रीनगर में पारा शिक्षक के पद पर कार्यरत है। वही उसकी पत्नी सीकरी गांव में शिक्षिका है। पत्नी गुमला शहर के दाउदनगर में अपने बच्चों के साथ रहती है। जबकि पति बुमटेल गांव में ही रहता है। घटना की सूचना पर उसकी पत्नी स्कूल से सीधे सदर अस्पताल पहुंची हालांकि घटना के असली कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

## गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तिगरा से की गोवंशीय पशुओं की जब्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**जारी।** जारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर तिगरा गांव से एक पिकअप वाहन में लदे 6 गोवंशीय पशुओं को जप्त किया है। इस कार्रवाई के दौरान पशु तस्कर और वाहन का चालक मौके से फरार हो गए।थाना प्रभारी आदित्य कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि छत्तीसगढ़ की ओर से एक पिकअप वाहन में गोवंशीय पशुओं को तस्करी के लिए लोहरदगा ले जाया जा रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापामारी दल का गठन किया। जैसे ही पुलिस ने वाहन की ओर बढ़ना शुरू किया, तस्करों को भनक लग गई और वे वाहन छोड़कर फरार हो गए।पुलिस ने जप्त किए गए 6 गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों के बीच जिम्मेनामा पर वितरण कर दिया। थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि गौ तस्करों को सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि पुलिस इस मुद्दे पर सख्त कार्रवाई कर रही है और गौ तस्करों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।पुलिस की यह कार्रवाई तस्करी के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे यह संदेश जाता है कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस हर जरूरी कदम उठाने के लिए तत्पर है।

# चैनपुर प्रखंड में संचालित पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र का निरीक्षण

## सरकार की योजनाओं का गांव-गांव पहुंचाने का प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड में संचालित प्रज्ञा केंद्र का सोमवार को निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का आयोजन डिजी ग्राम के मैनेजर मनोज सतपति एवं प्रखंड कॉडिनेटर रवि प्रसाद द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने प्रज्ञा केंद्र की संचालक वीएलई (विलेज लेवल एंटरप्रेन्योर) से मुलाकात की और केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।मनोज सतपति ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अब गांव के हर एक कोने तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पंचायत भवन के माध्यम से आम नागरिकों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे अपने ग्राम पंचायत में बिना किसी परेशानी के सेवाएं प्राप्त कर सकें।इस अवसर पर भ्रमण करते हुए उन्होंने वीएलई से बातचीत की और प्रज्ञा केंद्र की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी ली। उन्होंने आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए ताकि केंद्र की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी और परिणामदायक बनाया जा सके।इस निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि सरकार की योजनाएं अब बेहद सक्रियता से ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच रही हैं। ग्रामीणों को इस प्रक्रिया का लाभ तेजी से मिल रहा है, जिससे उनकी जीवनस्तर में सुधार हो रहा है।आगामी दिनों में प्रज्ञा केंद्र में और भी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जाएगा, जिससे स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, और रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हो सके। स्थानीय निवासियों ने भी इस कदम का स्वागत किया है और वे इससे सबसे अधिक लाभान्वित होने की उम्मीद कर रहे हैं।इस प्रकार का निरीक्षण और योजनाएं निश्चित रूप से चैनपुर प्रखंड के विकास में महत्वपूर्ण साबित होंगी।

### उपायुक्त ने नगर परिषद की समीक्षा बैठक में जताई कड़ी नाराजगी

# लापरवाह कर्मियों पर होगी कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने बुधवार को नगर परिषद कार्यालय में विभिन्न योजनाओं एवं नगर क्षेत्र की समस्याओं की गहन समीक्षा बैठक की। इस दौरान बिना स्वीकृति के अनुपस्थित कर्मियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि सभी कर्मी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें, अन्यथा सख्त कदम उठाए जाएंगे।

**●योजनाओं की समीक्षा में मिली लापरवाही, उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश**

बैठक में उपायुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ढटअ - शहरी), राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (ठवछट) और स्वच्छ भारत मिशन (रइट) सहित अन्य योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की। उन्होंने नगर क्षेत्र में शहरी गरीबों की संख्या मात्र 100 दिखाए जाने पर गहरी असंतोष जताई और निर्देश दिया कि सभी रिपोर्ट जमीनी सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की जाएं, न कि केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित रहें। इसके अलावा, 386 स्वयं सहायता समूहों से केवल 250 के क्रेडिट लिंकेज की धीमी प्रगति पर भी उपायुक्त ने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने निर्देश दिया कि शेष सभी रलत्र्क्का क्रेडिट लिंकेज शीघ्र पूरा किया जाए और अब तक द्वितीय क्रेडिट लिंकेज प्राप्त करने वाले मात्र 53 लाभार्थियों की संख्या में वृद्धि हो।

बैठक में उपायुक्त ने योजना से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, नगर परिषद क्षेत्र में सफाई, स्ट्रीट लाइट और अन्य नागरिक समस्याओं के निवारण के लिए एक अलग हेल्पलाइन शुरू करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए और नागरिकों को उचित समाधान मिलना चाहिए।

**●शिकायतों की ऑन-द-स्पॉट जांच, फील्ड विजिट के निर्देश**

उपायुक्त ने नगर परिषद क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं के समाधान की वास्तविकता जांचने के लिए मौके पर ही आवेदकों को रैंडम कॉल कर कार्यों की स्थिति जानी। उन्होंने कहा कि शिकायत निवारण हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के राजस्व संग्रहण एवं बंदोबस्ती की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, बिजली और अन्य आवश्यक सेवाओं की नियमित निगरानी की जाए और समस्याओं का त्वरित समाधान हो। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने निर्देश दिया कि अगले माह पुनः नगर परिषद की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने त्योहारों को देखते हुए नागरिक सुविधाओं को सुचारू बनाए रखने एवं जल-बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान के लिए अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

## गोविंदपुर पंचायत के रुद्रपुर गांव में चोरों ने दो घरों से 7 बकरियां उड़ाई

**जारी।** जारी थाना क्षेत्र में बीती रात गोविंदपुर पंचायत के रुद्रपुर गांव में अज्ञात चोरों ने दो घरों से कुल 7 बकरियों की चोरी कर ली। गांव के निवासियों के लिए चिंता का विषय बन गया है।रुद्रपुर गांव के निवासी एब्रीन केरकेट्टा और इग्नासियूस केरकेट्टा ने बताया कि उन्होंने अपनी बकरियों को घर के अंदर बांध रखा था। लेकिन रात में चोरों ने घर का दरवाजा तोड़कर बकरियों को चुरा लिया। सुबह जब एब्रीन ने बकरियों को निकालने के लिए दरवाजा खोला तो उनकी आंखें आश्चर्य में बदल गईं। उन्होंने देखा कि उनकी 6 बकरियां गायब थीं, जबकि इग्नासियूस की एक बकरी भी चोरी हो चुकी थी।ग्रामीणों ने बताया कि यह घटना अकेली नहीं है, बल्कि पिछले कुछ दिनों से अज्ञात चोरों द्वारा बकरियों की चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और चिंता की लहर बन गई है। जब इस मामले की सूचना जारी थाना को दी, तो पुलिस ने अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।


## वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची

### सर्वसाधारण के लिए सूचना

उपरोक्त महिला थाना काण्ड सं0-28/2024, दनिांक-10-04-2024 धारा-323/313/376(2)(द)/506 भा0द0वि0 के प्राथमिक अभियुक्त विश्वनाथ शर्मा, पिता–तुलसी ठाकुर, सा0–इटखोरी, पो0–इटखोरी, थाना–इटखोरी, जिला–चतरा (झारखण्ड) का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है।

**Court of Smt. A.M Ranchi** Schedule XLIII-High court(M) 31C, [Old Criminal Process No. 4]
PROCLAMATION REQUIRIND THE APPEARANCE OF
A PERSON ACCUSED [Form No. 4 Schedule II Act 2 1974]
महिला थाना काण्ड सं0-28/2024
(Section 82 of the Code of Criminal Procedure.) process 82 crpc

1. नाम व शिल पता चूंकि मेरे पास नालिश की गई है(1)
विश्वनाथ शर्मा, पिता–तुलसी ठाकुर, सा0–इटखोरी, पो0–इटखोरी, थाना–इटखोरी, जिला–चतरा (झारखण्ड)
2. किया है या करने का उस पर
शुवहा है। जो व–मुजिब दफा मजमूअए तावीरात हिन्द
के सजा के लायक है (2) महिला थाना काण्ड सं0-28/2024, दनिांक-10-04-2024
3. नाम विश्वनाथ शर्मा, पिता–तुलसी ठाकुर, सा0–इटखोरी, पो0–इटखोरी, थाना–इटखोरी, जिला–चतरा (झारखण्ड)
और व–तामील वारन्ट गिरफ्तारी जो बाद अर्जा जारी
हुआ वा यह कैफियत दी गई है कि (3) **वर्तमान थाना–महिला थाना, जिला–रॉंची** जब
4. फरार हुआ है या रूपोश है ताके वारन्ट मजकुर उसपर पाये नहीं जाते है और चूंकि ब–तशफ्फी हमारे साबित किया
जरी न हो सके।
गया है कि (3) जब
5. मोकाम। सा0–इटखोरी, पो0–इटखोरी, थाना–इटखोरी, जिला–चतरा (झारखण्ड)
फरार मजकुर इसलिए बजरिये इस के इश्तिहार दिया जाता है कि
धारा-323/313/376(2)(n)/506 भा0द0वि0 मजकुर साकिन
ब–मोकाम(5)
6. इस अदालतव रूबरू मेरे। अ–हजुर(6)
ब–तारीख माह नालिश–मजकुर
करे जवाब देही के लिए हाजिर हो
आज तारीख 18 माह 11 सन्
**Court of Smt. A.M Ranchi**

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिक अभियुक्त विश्वनाथ शर्मा, कहीं मिलते / दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्याल **Court of Smt. A.M Ranchi** के न्यायालय में इसकी सूचना दें या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी जानकारी दें

पुलिस उपाधीक्षक, हटिया, रॉंची। –9431706143
महिला थाना प्रभारी, रॉंची। –9431709009

पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची

PR 349307 (Police)24-25*D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/25/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | परिमान विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड लातेहार पंचायत भुसूर में जिलास्तरीय पुस्तकालय का निर्माण। | 4,77,72,074 | 9,55,500 | 10000 | 12 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 07.04.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– दिनांक 07.04.2025 से दिनांक 21.04.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –23.04.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.349259 Rural Development(24-25):D



## समाहरणालय, लातेहार (जिला भू-अर्जन शाखा)

### –ःइच्छा की अभिव्यक्तिः–

भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 की धारा 4 एवं झारखण्ड भू–अर्जन नियमावली 2015 के नियम 6 के आलोक में जिला लातेहार अन्तर्गत **परियोजना–नार्थ धादु (पश्चिमी भाग) कोयला खनन, अंचल–बालुमाथ** में सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन कराने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक–54 दिनांक–17.02.2025 के द्वारा S.I.A..(सामाजिक समाघात निर्धारण) व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफाफा में दिनांक–05.03.2025 तक मांग किया गया, जिसमें 01(एक) S.I.A. एजेंसी से प्राप्त व्यय प्राक्कलन को कमिटी के द्वारा दिनांक–10.03.2025 को खोला गया, किन्तु अहर्ता पूरी नहीं हाने के फलस्वरूप कमिटि द्वारा निविदा को अस्वीकृत करते हुए पुनः निविदा प्रकाशन करने का निर्णय लिया गया।

सामाजिक समाघात निर्धारण हेतु राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग झारखण्ड, रॉंची के पत्रांक–619 / नि0रा0 दिनांक–24.08.2022 के द्वारा चिन्हित S.I.A. इकाईयों को सूचित किया जाता है कि उक्त परियोजना का S.I.A. व्यय प्राक्कलन, कार्य अनुभव सहित बंद लिफाफा में दिनांक–**12.04.2025** को समय–05:00 बजे शाम तक **जिला भू–अर्जन कार्यालय, लातेहार पिन कोड़–829206 (झारखण्ड)** में आमंत्रित किया जाता है। जिसे दिनांक–15.04.2025 को समय–11:00 बजे पूर्वाहन में उपायुक्त, लातेहार के समक्ष बंद लिफाफा खोला जायेगा। न्यूनतम व्यय प्राक्कलन पाये जाने पर S.I.A. करने हेतु कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

राजस्व भूमि संबंधी विवरणी

| क्र0 सं0 | अंचल का नाम | मौजा का नाम | थाना सं0 | रकबा (एकड़ में) | टिप्पणियॉं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बालूमाथ | सेमरसोत | 207 | 35.03 | |
| 2. | बालूमाथ | हेमपुर | 208 | 215.83 | |
| 3. | बालूमाथ | चितरपुर | 210 | 44.28 | |
| 4. | बालूमाथ | नवाडीह | 211 | 193.27 | |
| 5. | बालूमाथ | धादु | 212 | 87.60 | |
| 6. | बालूमाथ | भैसादोन | 213 | 277.56 | |
| कुल योग– | | | | 853.57 | |

कुल रकबा–345.441 हेक्टेयर (लगभग)

ह0 / –
उपायुक्त, लातेहार

PR 349260 Land Reforms(24-25)#D



## कार्यालयः- जिला अभियंता, लातेहार

### अति अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 24/2024-25 (6th call)

1.कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड चन्दवा पंचायत बरवाटोली ग्राम बेलंगा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 55,50,000 | 1,11,000 | 10,000 | 09 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 28.03.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–05.04.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–07.04.2025 अपराहन 02:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– **6205276661**
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में BCD/RCD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार

PR 349263 Rural Development(24-25).D

सुप्रभात

जब हम दूसरों को ईश्वरीय शांति देकर उन्हें प्रसन्न बनाने के आनंद से भर जाते हैं, तब हम जानेंगे कि ईश्वर हमारे माध्यम से स्वयं को व्यक्त कर रहे हैं। - श्री श्री परमहंस योगानंद

विचार प्रवाह

## संपादकीय

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 के दशहरा पर्व पर हुई थी और संघ अपनी स्थापना के 100 वर्ष इस वर्ष दशहरा में पूर्ण कर लेगा। राजनीतिक गतिविधियों से दूर एक सांस्कृतिक संगठन के रूप में संघ की स्थापना भारतीय समाज में राष्ट्रीयता का भाव जागृत कर समाज के बीच समरसता स्थापित करने के लक्ष्य को लेकर हुई थी। इन 100 वर्षों के अपने कार्यकाल में संघ ने हिंदू समाज को एकजुट करने में सफलता तो हासिल कर ही ली है साथ ही विशेष रूप से समाज की सज्जन शक्ति में राष्ट्रीयता का भाव पैदा करने में सफलता अर्जित की है। संघ के अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं जो समाज के बीच जाकर देश के आम नागरिकों में राष्ट्र भावना का संचार करते हैं एवं समाज के बीच समरसता का भाव पैदा करने का प्रयास करते हैं। संघ द्वारा स्थापित की गई शाखाओं की कार्यपद्धति पर आज विश्व के अन्य कई देशों में शोध कार्य किए जाने के बारे में सोचा जा रहा है कि किस प्रकार संघ द्वारा स्थापित इन शाखाओं से निकला हुआ स्वयंसेवक समाज परिवर्तन में अपनी महती भूमिका निभाने में सफल हो रहा है और पिछले लगातार 100 वर्षों से इस पावन कार्य में संलग्न है। 14 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक (44 दिन) प्रयागराज में लगातार चले एवं सफलतापूर्वक संपन्न हुए महाकुंभ के मेले में पूरे विश्व से 66 करोड़ से अधिक हिंदू धर्मावलम्बियों ने पवित्र त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगाई। इतनी भारी संख्या में हिंदू समाज कभी भी किसी महान धार्मिक आयोजन में शामिल नहीं हुआ होगा । इस महाकुंभ में समाज एकजुट दिखाई दिया, न किसी की जाति, न किसी का मत, न किसी के पंथ का पता चला। बस केवल सनातनी हिंदू हैं, यही भावना समस्त श्रद्धालुओं में दिखाई दी। संघ द्वारा आज पूरे विश्व में भी अन्य देशों में निवासरत भारतीय मूल के हिंदू समाज के नागरिकों को भी एक सूत्र में पिरोए जाने का प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य संघ के स्वयंसेवकों द्वारा संघ की शाखा में प्राप्त प्रशिक्षण के बाद किया जाता है। संघ द्वारा संचालित शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 के 73,117 से बढ़कर वर्ष 2025 में 83,129 हो गई है। इन शाखाओं के लगने वाले स्थानों की संख्या भी वर्ष 2024 में 45,600 से बढ़कर 51,710 हो गई है। विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना जगाने के उद्देश्य से विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए विद्यार्थी संयुक्त शाखाएं भी देश के विभिन्न भागों में लगाई जाती हैं। प्रौढ़ व्यवसायी शाखाओं की संख्या 14 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ वर्ष 2024 में 8,241 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,397 हो गई है एवं बाल शाखाओं की संख्या भी वर्ष 2024 में 9,284 से बढ़कर वर्ष 2025 में 9,864 हो गई है। बाल शाखाओं में छोटी उम्र के बालकों को शामिल किया जाता है। उक्त वर्णित शाखाओं के माध्यम से आज संघ का देश के कोने कोने में विस्तार सम्भव हुआ है। संघ की दृष्टि से देश भर में कुल खंडों की संख्या 6,618 है। इनमें से शाखायुक्त खंडों की संख्या वर्ष 2024 में 5,868 थी जो वर्ष 2025 में बढ़कर 6,112 हो गई है।

> *संघ के अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु शाखाओं में देश की युवा पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जगाकर ऐसे स्वयंसेवक तैयार किए जाते हैं।*

# रंगमंच के बिना जीवन अधूरा

## विश्व रंगमंच दिवस विशेष 27 मार्च 2025



विश्व रंगमंच दिवस हर वर्ष 27 मार्च को मनाया जाता है। यह दिवस रंगमंच की महत्ता, उसकी सामाजिक भूमिका और सांस्कृतिक योगदान को रेखांकित करने के लिए समर्पित है। रंगमंच केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह समाज को आईना दिखाने, विचारों को प्रकट करने और बदलाव लाने का एक प्रभावी माध्यम है।

विश्व रंगमंच दिवस की शुरुआत 1961 में "इंटरनेशनल थिएटर इंस्टीट्यूट" द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य रंगमंच को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहित करना था। हर वर्ष इस दिन विश्व प्रसिद्ध रंगकर्मी एक संदेश देते हैं, जिसमें रंगमंच की भूमिका और उसकी दिशा पर विचार किया जाता है। इस वर्ष 2025 में रंगमंच ने सामाजिक और डिजिटल परिवर्तन के साथ अपने स्वरूप को और अधिक समृद्ध किया है। कई नए नाटक एवं प्रयोगात्मक प्रस्तुतियां आई हैं जो समाज के ज्वलंत मुद्दों पर केंद्रित हैं। विशेष रूप से पर्यावरण, युवा सशक्तिकरण, डिजिटल तकनीक और पारंपरिक रंगमंच का मिश्रण देखने को मिला है।

रंगमंच केवल एक कला नहीं, बल्कि जीवन को देखने का एक दृष्टिकोण भी है। यह व्यक्ति के आत्मविश्वास, संवाद कौशल, भावनात्मक अभिव्यक्ति और सहानुभूति को विकसित करता है। यह समाज को विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक मुद्दों को समझने में मदद करता है। अब सवाल यह है कि युवा पीढ़ी को रंगमंच से क्यों जुड़ना चाहिए? सृजनात्मकता एवं आत्म-अभिव्यक्ति – रंगमंच युवाओं को अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने का अवसर देता है। नेतृत्व और टीम वर्क – एक नाटक को प्रस्तुत करने के लिए टीम भावना आवश्यक होती है, जिससे नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। सामाजिक जागरूकता – रंगमंच के माध्यम से युवा विभिन्न सामाजिक मुद्दों से परिचित होते हैं और उनका समाधान खोजने की प्रेरणा प्राप्त करते हैं। संवाद कौशल एवं आत्मविश्वास – अभिनय से संवाद कौशल में सुधार होता है, जो किसी भी पेशे में आवश्यक होता है। दूसरा सवाल है कि समाज में रंगमंच का दायित्व और सुधार की क्या संभावनाएं हैं, तो बताना चाहुंगा कि रंगमंच समाज में नैतिकता, करुणा और न्याय जैसे मूल्यों को बढ़ावा देता है। यह न केवल मनोरंजन बल्कि सामाजिक परिवर्तन का भी माध्यम है। शिक्षा में सुधार – नाटकों को शिक्षा प्रणाली में जोड़ने से बच्चों की कल्पनाशीलता और सोचने की क्षमता में वृद्धि होगी। समाज में सकारात्मक बदलाव – नाटक जातिवाद, भेदभाव, हिंसा और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता फैलाने का एक सशक्त साधन हो सकता है।

संस्कृति का संरक्षण – पारंपरिक रंगमंच की विधाओं जैसे रामलीला, नौटंकी, कठपुतली, यक्षगान, कुचिपुड़ी, नाचा, छाउ, लौंडा नाच, भवाई जैसे लोकनाट्यों को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। हमारे धर्मग्रंथों में भी रंगमंच और नाटक की महत्ता को स्वीकार किया गया है। महाभारत में यक्ष प्रश्न के संवाद और कई घटनाएं नाटकीयता से भरी हैं, जो जीवन के गहरे संदेश देती हैं। भगवद गीता स्वयं श्रीकृष्ण का एक महान संवाद-नाट्य है, जिसमें उन्होंने अर्जुन को धर्म और कर्म का बोध कराया। रामायण में रामलीला, जो आज भी भारत में प्रचलित है, रंगमंच का एक प्रमुख उदाहरण है। नाट्य शास्त्र (भरत मुनि द्वारा रचित) को रंगमंच का सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है, जिसमें अभिनय, मंच सज्जा और नाट्य संरचना के नियम बताए गए हैं। राष्ट्र निर्माण में भी रंगमंच का बहुत बड़ा योगदान है। रंगमंच समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभा सकता है। देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता – नाटक स्वतंत्रता संग्राम, भारतीय संस्कृति और देशभक्ति की भावना को उजागर कर सकते हैं। शिक्षा और सामाजिक सुधार – बाल विवाह, भ्रष्टाचार, पर्यावरण संरक्षण जैसे मुद्दों पर नाटक जागरूकता फैलाने का कार्य कर सकते हैं। नवाचार एवं रोजगार – रंगमंच के क्षेत्र में न केवल कलाकार बल्कि तकनीशियन, लेखक, निर्देशक, संगीतकार आदि के लिए भी रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। तीसरा सवाल युवाओं को रंगमंच से कैसे जोड़ा जाए? विद्यालयों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों में नाट्य विभाग की स्थापना एवं नाट्य मंचन अनिवार्य करना चाहिए। सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों द्वारा नाट्य कार्यशालाओं का आयोजन। लोकप्रिय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रंगमंच के कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार। राज्य सरकारों को स्थानीय प्रशिक्षित कलाकारों एवं लोक कलाकारों को मंच और अवसर प्रदान कराने की पहल करनी चाहिए। "रंगमंच सिर्फ एक मंच नहीं, यह जीवन का प्रतिबिंब है।" भारतीय रंगमंच का प्राचीनतम और सर्वाधिक प्रतिष्ठित ग्रंथ नाट्यशास्त्र को माना जाता है। इसमें रंगमंच, अभिनय, नाट्य संरचना, रस, भाव और मंच-सज्जा के विभिन्न पहलुओं का विस्तार से वर्णन किया गया है। इसमें कई बहुमूल्य श्लोक हैं जो रंगमंच की महत्ता को दर्शाते हैं। नाट्यशास्त्र में उद्धत एक श्लोक से उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया गया है कि "न तज्ज्ञानं न तच्छिल्पं न सा विद्या न स कला।
नासौ योगो न तत्कर्म नाट्येऽस्मिन यन्न दृश्यते॥"

(नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 116) अर्थात नाट्य में ऐसा कोई ज्ञान, कला, शिल्प, विद्या, योग या कर्म नहीं है जो इसमें प्रदर्शित न किया गया हो। रंगमंच जीवन के हर पक्ष को समाहित करता है। "धर्म्यमर्थ्यं च काम्यं च विविधान्श्चोपदेशकान्। लोकस्य सर्ववृत्तार्थं नाट्यमेतत्करिष्यति॥"
(नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 107) कहा गया है कि नाट्य धर्म, अर्थ, काम और उपदेश से परिपूर्ण होगा तथा यह लोक के समस्त आचरणों को दर्शाएगा। नाट्य का प्रभाव समाज पर क्या पड़ता है इस संदर्भ में नाट्यशास्त्र में जो श्लोक उद्धत है "सहितं गीतेन वादित्रैः पुष्टं व्याख्यानभूषितम्। रम्यं दृष्टिप्रसादं च श्रव्यं च सुखदं तथा॥" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 125) अर्थात संगीत, वाद्ययंत्रों और संवादों से युक्त नाट्य, दृश्य एवं श्रवण दोनों के लिए आनंददायक होता है और इसे देख-सुनकर मन को प्रसन्नता मिलती है। वहीं रस की उत्पत्ति और प्रभाव के बारे में कहा गया है "विभावानुभावव्यभिचारी संयोगाद्रसनिष्पत्तिः।" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 6, श्लोक 31) रस की उत्पत्ति विभाव (उत्प्रेरक तत्व), अनुभाव (प्रतिक्रिया) और व्यभिचारी भाव (संवेदनशीलता) के संयोग से होती है। जबकि नाट्य के द्वारा समाज में सुधार लाया जा सकता है जिसका वर्णन नाट्य शास्त्र के इस श्लोक से प्रतिपादित होता है। "नाट्यं भिन्नरुचेर्जनस्य बहुधाप्येकं समाराधनम्।" (नाट्यशास्त्र, अध्याय 1, श्लोक 112) अर्थात विभिन्न रुचियों वाले लोगों के लिए नाटक एक समान रूप से आनंद देने वाला माध्यम है। यह सभी के लिए है और समाज को एक सूत्र में बांधता है। यह विश्व रंगमंच दिवस नाट्यशास्त्र की महत्ता को और अधिक बढ़ा देता है। शास्त्र में लिखित ये श्लोक यह दर्शाते हैं कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को शिक्षित करने, संस्कृति को संरक्षित करने और जीवन के विविध रंगों को प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम है। नाट्य को एक समग्र कला के रूप में स्वीकार किया गया है, जो संगीत, नृत्य, अभिनय और संवाद के माध्यम से दर्शकों को रसास्वादन कराता है। रंगमंच केवल कला नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने का एक माध्यम है। यह एक ऐसा मंच है जो समाज की समस्याओं को उजागर करता है, व्यक्ति के व्यक्तित्व का निर्माण करता है और सामाजिक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विश्व रंगमंच दिवस हमें इस बात का स्मरण कराता है कि रंगमंच के बिना जीवन अधूरा है, क्योंकि यह समाज का प्रतिबिंब है और हमें सोचने, समझने सुधरने और सुधारने की प्रेरणा देता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**डॉ दीपक प्रसाद**
रंगकर्मी, निर्देशक
सहायक आचार्य

# बाबू जी के बाबू साहब

बाबू जी सरकारी दफ्तर में बाबू थे, लेकिन घर में साहब। उनके कमरे में सरकारी फाइलों से ज़्यादा उनकी हेकड़ी जमा रहती थी। सरकारी कुर्सी की घिसाई और घर की चटाई में ज़मीन-आसमान का फ़र्क था, लेकिन बाबू जी की शान में कोई कमी नहीं थी। दफ्तर में बाबू कहलाने वाले घर में बाबू साहब बन जाते। चाय ठंडी होने से पहले हड़कंप मच जाता, और अगर रोटी गोल न बनी तो गृहस्थी का चक्का सीधा पातालगामी हो जाता। "भूख तो मज़दूरों को लगती है, हम तो सरकारी आदमी हैं, इंतज़ार की तमीज़ रखो!"ऐसा कहकर वो थाली सरका देते। बाबू जी की मेज़ पर जितने कागज़ थे, उससे ज़्यादा उस पर पड़े दाग थे। कुछ स्याही के, कुछ रिश्वत के, कुछ पान के, और कुछ जमीर के। उनका मानना था कि फाइलें जितनी देर चलेंगी, जेब उतनी देर गरम रहेगी। अफ़सर का मूड देखकर फाइल आगे बढ़ाने की कला में वो ऐसे पारंगत थे जैसे दूधवाला पानी मिलाने में। "देखिए साहब, ये सरकारी काम है, झटपट नहीं हो सकता। अब भगवान का मंदिर बनाने में भी सालों लग जाते हैं!" बाबू जी जब किसी को अटकाने पर आते, तो गंगा भी उलटी बह सकती थी, पर फाइल नहीं। घर में बेटा जब पूछता "पापा, रिश्वत क्या होती है?" तो बाबू जी की आंखों में ज्ञान का प्रकाश चमक उठता। "बेटा, ये वही मिठाई है जो भगवान को चढ़ाते हैं, और फिर खुद ही खा लेते हैं!" बहू ने जब कहा कि ईमानदारी से जीने में मज़ा है, तो बाबू जी ने ठहाका लगाया "अरे बहू, ईमानदारी में मज़ा नहीं, मज़दूरी होती है!" घर के आदर्श कुछ इस तरह थे कि भगवान भी माथा पीट लें। माँ को जब कभी मनमानी करनी होती, तो कहतीं "बाबू जी से पूछ लो," और बाबू जी जब बहाने बनाते, तो कहते "अरे भाई, सरकार से पूछ लो!" रिटायरमेंट के दिन जब दफ्तर में मिठाई बांटने की बारी आई, तो बाबू जी ने गला साफ किया "भाइयों, जीवनभर फाइलें सरकाईं, अब पैर सरकाने की बारी है!" लेकिन मज़ा तब आया जब साहब ने भाषण दिया9"हमारे बाबू जी, ईमानदारी की मिसाल हैं!" पूरा दफ्तर ठहाके लगा रहा था, लेकिन बाबू जी मुस्कुरा रहे थे। रिश्वत में मिले घड़ी को देखकर बोले "समय सच में बदल गया है!" घर लौटे तो सोचा कि अब परिवार के साथ वक़्त बिताएंगे, लेकिन परिवार ने तो पहले ही रिटायरमेंट ले रखा था। बेटा मल्टीनेशनल में था, बहू अपनी दुनिया में और पोता टचस्क्रीन पर व्यस्त। "बाबू जी, अब आपकी पुरानी कहानियाँ मत सुनाइए," पोते ने कहा। बाबू जी को पहली बार एहसास हुआ कि घर की कुर्सी सरकारी कुर्सी से भी ज्यादा असहाय होती है। दफ्तर में रिश्वत लेकर जो फाइलें सरकाईं, अब घर में चप्पल सरक रही थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

अलग बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा**

# जलवायु परिवर्तन पर देश में नई नीति की जरूरत


भारतीय रिजर्व बैंक के मार्च बुलेटिन में प्रकाशित अध्ययन में एक गंभीर चिंता जताई गई है, जो देश में वर्षा के वितरण में तेजी से आ रहे बदलाव और खाद्यान्न फसलों पर इसके असर से जुड़ी है। अध्ययन कहता है कि भारतीय कृषि अब भी काफी हद तक मॉनसून पर निर्भर है। आधुनिक सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जलवायु परिवर्तन से बेअसर रहने वाले नई किस्मों के बीज तैयार होने से राहत तो मिली है मगर मॉनसनी बारिश अब भी निर्णायक होती है। दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के दौरान होने वाली वर्षा खरीफ सत्र में कृषि उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। वर्षा का तरीका बदलने या सूखे जैसी स्थिति से फसल उगाने का चक्र बिगड़ जाता है और कीटों एवं पौधों से जुड़ी बीमारियों की समस्या भी बढ़ जाती है। पर्याप्त और समान वर्षा होने से कृषि उत्पादकता बढ़ जाती है। मॉनसून में अच्छी बारिश रबी सत्र के अनुकूल होती है। मिट्टी में पर्याप्त नमी रहने और जलाशयों में पानी का स्तर अधिक रहने से गेहूं, सरसों और दलहन जैसी फसलों की बुआई के लिए आदर्श स्थिति तैयार होती है। खरीफ सत्र में मोटे अनाज, तिलहन, दलहन और चावल की उपज में सालाना वृद्धि के आंकड़े देखें तो जिस साल दक्षिण पश्चिम मॉनसून सभी फसलों के लिए बेहतर रहा उस साल उत्पादन भी ज्यादा रहा लेकिन अतिवृष्टि ने मक्के और तिलहन की उपज बिगाड़ी। अध्ययन में कहा गया है कि उत्पादन इस बात पर भी निर्भर करता है कि मॉनसूनी बारिश कब आती है। उदाहरण के लिए जून और जुलाई में कम बारिश मक्का, दलहन और सोयाबीन के लिए खासतौर पर नुकसानदेह होती है क्योंकि मिट्टी में नमी कम होने के कारण बुआई अटक जाती है और पौधों की शुरुआती बढ़वार पर भी असर पड़ता है।

इसी तरह कटाई के समय अत्यधिक वर्षा से तिलहन उत्पादन घट जाता है। पिछले साल मॉनसून में शानदार वर्षा और सटीक ठंड रहने से चालू वित्त वर्ष में फसलों का उत्पादन बेहतर रहने की उम्मीद है। अनुमान है कि पिछले साल के मुकाबले खरीफ का उत्पादन 7.9 प्रतिशत और रबी का 6 प्रतिशत बढ़ सकता है। भारतीय मौसम विभाग ने 2025 के लिए मॉनसून के अनुमान जारी नहीं किए हैं मगर विश्व मौसम विज्ञान संगठन का अनुमान है कि भारत में इस साल वर्षा सामान्य या इससे अधिक हो सकती है। ध्यान रहे कि जलवायु परिवर्तन के कारण बारिश के पैटर्न में आने वाले बदलाव कृषि उत्पादन पर ज्यादा असर डाल सकते हैं। मौसम की अतिरंजना अब अनोखी बात नहीं रह गई है। भारत में पिछले साल 365 में से 322 दिन मौसम की अति दिखी थी। इससे देश में 4.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में लगी फसलें प्रभावित हुईं। 2023 में 318 दिन मौसम ऐसा रहा था। जब तक इन प्रतिकूल परिस्थितियों से निपटने के लिए बहु-आयामी नीति नहीं अपनाई जाती है तब तक ऐसी घटनाएं बढ़ती ही रहेंगी।

पिछले साल कम और असमान वर्षा के कारण गर्म हवा और बाढ़ की 250 घटनाएं सामने आईं। जलवायु परिवर्तन की वजह से बढ़ते तापमान और बाढ़ के कारण फसलों का उत्पादन घटने और इनमें पोषक तत्व कम होने का खतरा बढ़ता जा रहा है। बदलती परिस्थितियों को देखते हुए जलवायु के अनुकूल कृषि कार्यों की तरफ कदम बढ़ाना आवश्यक हो गया है। कृषि में जलवायु परिवर्तन सहने की क्षमता रखने तौर-तरीके, नालियों की प्रणाली में सुधार, बाढ़ एवं सूखा प्रबंधन और तकनीक अपनाकर कृषि क्षेत्र में क्षमता एवं टिकाऊपन बढ़ाया जा सकता है। लंबे अरसे के लिए जल प्रबंधन पर भी हमें सतर्क रहना होगा। जैविक या रसायन रहित कृषि के बजाय प्राकृतिक कृषि को प्रोत्साहित करना होगा। इससे अलग-अलग मियाद वाली विविध फसलों से किसानों की आय ही नहीं बढ़ती बल्कि मिट्टी की गुणवत्ता भी बढ़ती है। कुल मिलाकर भारत को जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने और अनुकूल रणनीति अपनाने के लिए काम करना होगा।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**राकेश दुबे**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

मंत्रों से अभिषिक्त हैं, राम तुम्हारे वाण।
क्यों न मिला कलिकाल में, मारीचों से त्राण।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**

# कैसे रुकेगा राजनीति का अपराधीकरण ?

हमारे देश के राजनेताओं में दिन-प्रतिदिन नैतिकता कम होती जा रही है। कई बड़े नेता आए दिन विवादास्पद बयान देखकर चर्चाओं में बने रहते हैं। वहीं, बहुत से निर्वाचित विधायकों, सांसदों, मंत्रियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों पर आपराधिक मामले दर्ज हो रहे हैं। जिससे राजनीति के क्षेत्र में काम करने वालों की छवि खराब हो रही है। देश की राजनीति में आज अपराध का इतना घालमेल हो गया है कि पता ही नहीं चलता कि कौन-सा जनप्रतिनिधि अपराधी है और किसकी छवि स्वच्छ है। अपराधी प्रवृत्ति के लोगों के नेता बनने से जहां राजनीति दागदार हुई है। वहीं, नेताओं की जनता की दूरी भी बढ़ने लगी है। मौजूदा समय में राजनीति, व्यवसाय बन चुकी है। राजनीति में वही लोग सफल होते हैं जो या तो बड़े नेताओं के परिवार से हैं या फिर बहुत पैसे वाले हैं। राजनीति के क्षेत्र में अब सेवा, संगठन, वफादार कार्यकर्ताओं का कोई महत्व नहीं रह गया है। राजनीति पूरी तरह पैसों की चकाचौंध में लिप्त हो गई है। एक समय था जब धरातल पर काम करने वाला पार्टी कार्यकर्ता आगे चलकर जनप्रतिनिधि बनता था। जमीन से उठकर आगे आने वाला नेता आम जनता से जुड़ा रहता था और वह जनता के सुख-दुख से वाकिफ होता था। इसलिए वह आमजन के हित में काम करता था। मगर अब लोग पैसे के बल पर पैराशूट से उतरकर राजनीति करने लगे हैं। पैसे के बल पर चुनाव जीत जाते हैं। इसलिए उन्हें आमजन की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं रहता है। ऐसे नेता पांचसितारा संस्कृति के वाहक होते हैं। ऐसे नेता राजनीति में आने के लिए पहले खूब पैसा खर्च करते हैं और जब किसी पद पर पहुंच जाते हैं तो जमकर भ्रष्टाचार कर पैसा कमाते हैं। ऐसे लोगों के कारण ही आज राजनीति समाज सेवा की बजाय व्यवसाय बन गई है।

1971 के लोकसभा चुनाव में झुंझुनू सीट पर देश के सबसे बड़े औद्योगिक घराने के कृष्ण कुमार बिड़ला को हराने वाले शिवनाथ सिंह गिल को मैंने 1998 से 2003 में विधायक के रूप में देखा है। वह अपने क्षेत्र से जयपुर जाते या अपने घर से विधानसभा जाते हमेशा सरकारी बस का ही उपयोग करते थे। कभी निजी गाड़ियों से नहीं घूमते थे। इसी के चलते उन्होंने राजनीति में 50 साल लंबी पारी खेली थी। वह ईमानदार थे इसीलिए ईमानदारी से रहते थे। आज हम देखते हैं कि राजनीतिक दलों के छोटे-छोटे कार्यकर्ता भी कई लाख रुपये की महंगी गाड़ियों में घूमते हैं। पार्टी का कोई नेता उनसे यह नहीं पूछता है कि इतनी महंगी गाड़ियां खरीदने के लिए पैसे कहां से आते हैं। सबको पता है कि राजनीति में आज छुटभैया नेता भी सत्ता की दलाली में पैसा कमा रहे हैं। दलाली के पैसों में बड़े नेताओं का भी हिस्सा होता है। इसीलिए उनकी तरफ कोई अंगुली नहीं उठाता है। चुनाव सुधार पर काम करने वाले गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट में सामने आया है कि देश के 45 प्रतिशत विधायकों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इस संगठन ने देश के 28 राज्यों और विधानसभा वाले तीन केंद्र शासित प्रदेशों के कुल 4123 विधायकों में से 4092 के चुनावी हलफनामे का विश्लेषण किया है। जिसमें आंध्र प्रदेश के सबसे ज्यादा 174 में से 138 यानी 79 प्रतिशत विधायकों ने जबकि सिक्किम में सबसे कम 32 में से सिर्फ एक विधायक 3 प्रतिशत ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं। तेलुगु देशम पार्टी के सबसे ज्यादा 134 विधायकों में से 115 यानी 86 प्रतिशत पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। उक्त रिपोर्ट से पता चला कि 1861 विधायकों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इसमें 1205 पर हत्या, हत्या की कोशिश, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध जैसे गंभीर आरोप हैं। रिपोर्ट के अनुसार 54 विधायकों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत हत्या के आरोप हैं। वहीं, 226 पर धारा 307 और भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 के तहत हत्या की कोशिश के आरोप हैं। इसके अलावा 127 विधायकों पर महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामले दर्ज हैं। इनमें 13 पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 376 और 376 (2)(द) के तहत बलात्कार का आरोप है। धारा 376 (2)(द) एक ही पीड़ित के बार-बार यौन उत्पीड़न से संबंधित है। एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की रिपोर्ट के अनुसार 543 लोकसभा सदस्यों में से 251 (46 प्रतिशत) के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज हैं। उनमें से 27 को दोषी ठहराया गया है। रिपोर्ट के अनुसार लोकसभा में चुने जाने वाले आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे उम्मीदवारों की यह सबसे बड़ी संख्या है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**


देश की बात



**रमेश सर्राफ धमोरा**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# कटेरी के फूलों से खांसी, अस्थमा और लिवर समेत कई रोगों का इलाज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कटेरी वैसे तो एक कांटेदार पौधा है, लेकिन यह इंसानी शरीर के लिए रामबाण से कम नहीं है। इसमें खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा जैसी तमाम बीमारियों को ठीक करने की अद्भुत क्षमता है। इसे आयुर्वेद में औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। कटेरी के पौधे को कंटकारी या भटकटैया भी कहते हैं। इस पौधे के फूल स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी होते हैं। कटेरी खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए बहुत लाभकारी है। कटेरी के फूल गले की सूजन और खराश को कम करते हैं। आयुर्वेद में गंजेपन के लिए कटेरी का प्रयोग अच्छा उपाय माना जाता है। इसके अलावा चरक संहिता और सुश्रुत संहिता में कटेरी के सैकड़ों स्वास्थ्यवर्धक गुणों का वर्णन किया गया है।

चरक संहिता के अनुसार, कटेरी को खांसी के इलाज के लिए आयुर्वेदिक दवा के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। कटेरी की जड़ में बलगम को बाहर निकालने वाले गुण होते हैं। कटेरी के फूलों का चूर्ण शहद के साथ मिलाकर खाने से खांसी दूर होती है। चूर्ण को आधा से 1 ग्राम खाया जाता है।

चरक संहिता के अनुसार, कटेरी पित्त और कफ की वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए उपयोगी है। इसके सेवन से पाचन में सुधार होता है, यकृत को स्वस्थ रखा जाता है, और शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है। यह पित्त के अत्यधिक उत्पादन को नियंत्रित करता है, शरीर के तापमान को संतुलित करता है, और रक्त को शुद्ध करता है, जिससे त्वचा की समस्याएं जैसे मुंहासे और एक्जिमा में राहत मिलती है।

**● सिरदर्द से ज्यादा परेशान हैं, तो कटेरी का काढ़ा बनाकर पी लें, इसके सेवन से सिरदर्द से राहत मिलती है**

एक शोध के अनुसार, कटेरी में एंटी-अस्थमैटिक गुण मौजूद होते हैं, जो अस्थमा के लक्षणों को कम करने में बहुत मदद करते हैं। इसका इस्तेमाल सांस लेने में दिक्कत जैसी समस्याओं में भी राहत देता है। इसके अलावा, कटेरी के फूल गले की सूजन और खराश को कम करने में बहुत सहायक माने जाते हैं। काढ़ा बनाकर गरारा करने से गला साफ हो जाता है।

अगर आप सिरदर्द से ज्यादा परेशान हैं, तो कटेरी का काढ़ा बनाकर पी लें। इसके सेवन से सिरदर्द से राहत मिलती है। इसके अलावा, कटेरी के फूलों का रस माथे पर लगाने से सिरदर्द से राहत मिलती है।

पेट दर्द में भी कटेरी बहुत लाभदायक है। पेट दर्द से आराम के लिए कटेरी के फूल के बीजों का सेवन करने की सलाह दी जाती है। पेट दर्द से आराम के लिए बीजों को पीसकर, उसे छाछ में मिलाकर सेवन करें।

लिवर संबंधी समस्याओं के लिए भी कटेरी का सेवन बहुत फायदेमंद बताया जाता है। कटेरी लिवर के लिए बहुत अच्छा टॉनिक होता है। कटेरी के फूलों से बने काढ़े का सेवन करने से लिवर की सूजन और इन्फेक्शन की समस्या से राहत मिलती है।

खांसी, बुखार, अस्थमा, सिरदर्द, पेट दर्द, लिवर और त्वचा संबंधी समस्याओं के लिए कटेरी का सेवन करने से पहले आयुर्वेदिक चिकित्सक से सलाह लेना जरूरी है। इस्तेमाल करने से पहले सलाह जरूर लें, क्योंकि कटेरी के काढ़ा का अधिक मात्रा में सेवन करने से उल्टी की शिकायत हो सकती है।

# महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में 60 जगहों पर छापेमारी

## सीबीआई की छत्तीसगढ़, मप्र, पश्चिम बंगाल और दिल्ली में दबिश

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बुधवार को महादेव बुक ऑनलाइन सट्टेबाजी घोटाले की जांच में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के भोपाल, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और दिल्ली में 60 स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान राजनेताओं, वरिष्ठ नौकरशाहों, पुलिस अधिकारियों, महादेव बुक के प्रमुख पदाधिकारियों और मामले में संदिग्ध अन्य लोगों से जुड़े ठिकानों पर तलाशी ली गई। केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने आज इस संबंध में जानकारी दी। यह मामला रवि उप्पल और सौरभ चंद्राकर द्वारा प्रवर्तित एक ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच महादेव बुक के अवैध संचालन से संबंधित है, जो वर्तमान में दुबई में रहते हैं। तलाशी के दौरान डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य पाए गए और उन्हें जब्त कर लिया गया। तलाशी जारी है। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर आज सुबह सीबीआई ने छापेमारी की। सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी छापेमारी की। सीबीआई जांच से पता चला है कि प्रमोटरों ने कथित तौर पर अपने अवैध सट्टेबाजी नेटवर्क के सुचारू और निर्बाध संचालन को सुनिश्चित करने के लिए लोकसेवकों को 'सुरक्षा धन' के रूप में पर्याप्त मात्रा में भुगतान किया। शुरुआत में मामला आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) रायपुर द्वारा दर्ज किया गया। बाद में मामले को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा वरिष्ठ सार्वजनिक अधिकारियों और अन्य आरोपी व्यक्तियों की भूमिका की व्यापक जांच के लिए सीबीआई को सौंप दिया गया।



**● डिजिटल और दस्तावेजी साक्ष्य जब्त किए गए**

### छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर सीबीआई का छापा, पुलिस और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झड़प

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल के रायपुर के सरकारी और भिलाई के निजी आवास पर आज सुबह सीबीआई ने छापा मारा। इसकी भनक मिलते ही कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचने लगे। बंगले के चारों ओर बैरिकेट्स लगाकर पुलिस को तैनात किया गया है। इस दौरान कॉलोनी में रहने वाले एक कांग्रेस कार्यकर्ता और पुलिस के बीच झड़प हो गई। बताया जा रहा है कि वह बघेल सर्मथकों को लेकर घर के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के रोकने पर वह गुस्से में आकर तू-तू मैं-मैं में उतर आया। बताया गया है कि सीबीआई ने भूपेश के कई सहयोगियों और करीबियों के घरों पर भी धावा बोला है। भिलाई में ही विधायक देवेंद्र यादव के घर पर भी सीबीआई की टीम पहुंची है। इसके अलावा पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा, आईपीएस अभिषेक पल्लव के भिलाई निवास, आईपीएस आरिफ शेख, पूर्व रायपुर आईजी और वरिष्ठ आईपीएस आनंद छाबड़ा के शांति नगर सरकारी आवास पर सीबीआई के अधिकारियों ने छापा मारा है।

## गाजियाबाद : तंदूर में रोटी बनाते समय थूकने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के थाना टीला मोड़ क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक व्यक्ति द्वारा तंदूर में रोटी बनाते समय उस पर थूकने की घटना प्रकाश में आई है। यह मामला तुलसी निकेतन चौकी क्षेत्र के गगन विहार इलाके का है।



पुलिस कंट्रोल रूम ने घटना की सूचना मिलते ही तुरंत एक टीम को मौके पर भेजा, जहां जांच के दौरान पुष्टि हुई कि एक व्यक्ति रोटी बनाते समय अनुचित कृत्य कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गगन विहार निवासी मनीष के यहां 25-26 मार्च की रात माता का जागरण आयोजित किया गया था। इस धार्मिक आयोजन के दौरान भोजन की व्यवस्था की गई थी, जिसके लिए तंदूर में रोटी बनाने के लिए शावेज को बुलाया गया था। शावेज पेशे से तंदूर में रोटी बनाने का कार्य करता है। जब वह तंदूर में रोटी बना रहा था, तभी किसी व्यक्ति ने उसे रोटी पर थूकते हुए देख लिया और इसका वीडियो बना लिया। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया। जैसे ही इस घटना की सूचना पुलिस को मिली, तत्काल थाना टीला मोड़ की टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि वायरल वीडियो में दिख रहा व्यक्ति शावेज ही है, जो तंदूर में रोटी बनाते समय उस पर थूक रहा था। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी शावेज को हिरासत में ले लिया। इस पूरे मामले में थाना टीला मोड़ में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस मामले की विस्तृत जांच में जुटी हुई है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जाएगी। इस घटना पर सहायक पुलिस आयुक्त, शालीमार गार्डन, कमिश्नरेट गाजियाबाद, सलोनी अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा कि इस तरह की घटनाओं को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ विधिक प्रक्रिया पूरी की जा रही है। दूसरी तरफ, इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा देखने को मिल रहा है। लोग इस कृत्य की निंदा कर रहे हैं और आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

## एसएसबी ने 30 बोरा यूरिया खाद के साथ दो नेपाली तस्करो को किया गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** एसएसबी के बरहरवा पोस्ट के जवानों ने बुधवार की अहले सुबह गश्त के दौरान रेगनिया गांव के समीप पिलर संख्या 369/06 से पचास मीटर दूरी पर भारत से तस्करी कर नेपाल ले जा रहे तीस बोरा यूरिया खाद और पांच साइकिल के साथ दो नेपाली तस्कर को पकड़ा है। उक्त तस्कर की पहचान नेपाल के सिमरौंनगढ थाना क्षेत्र के डाट गांव निवासी विनोद मुखिया और कृष्णदेव मुखिया,जो दोनों पिता- पुत्र बाप बेटा बताये गये हैएसएसबी जवानो को देख कर मौके से तीन तस्कर भागने में सफल रहे। इसकी जानकारी देते एसएसबी के उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह राठौर ने बताया कि इन दिनो यूरिया तस्करो की बढी गतिविधियो के मद्देनजर सीमा पर चौकसी बढा दी गई।गश्ती टीम में उप निरीक्षक रामकृष्ण ओझा ,मुख्य आरक्षित भूपेश कुमार,सामान्य आरक्षित गजनीश सिंह व सिकंदर शामिल रहे।

## देशवासियों को 'राम' भी चाहिए, 'रोटी' भी चाहिए: नित्यानंद राय

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने बुधवार को कहा कि देशवासियों को 'राम' भी चाहिए और 'रोटी' भी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दोनों काम कर रहे हैं। उन्होंने इस क्रम में बिहार के सीतामढ़ी में भव्य सीता मंदिर निर्माण की भी बात दोहराई। पटना में पत्रकारों से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण भी कराया और रोजगार देकर रोटी भी दी, जिसके कारण देश से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए।उन्होंने आगे कहा, "भगवान राम के बिना मां सीता कहां और मां सीता के बिना भगवान राम कहां? केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीता मईया के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर निर्माण की घोषणा की है। पुनौरा धाम में भव्य मंदिर बनेगा और राम की अयोध्या में भव्य मंदिर और सीता मां के जन्मस्थान पर भव्य मंदिर हमारे सनातन संस्कृति को मजबूत करेगा।

## पंजाब में कराई जाएगी 'ड्रग जनगणना' मान सरकार ने बजट में किया ऐलान

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार राज्य में पहली बार ड्रग जनगणना करवाएगी। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बुधवार को विधानसभा में आम आदमी पार्टी सरकार का चौथा बजट पेश करते हुए यह ऐलान किया। इस गणना के माध्यम से पंजाब सरकार राज्य के हर घर में नशा करने वाले व्यक्ति की पहचान करेगी और यह पता लगाएगी कि वह कब से और किस तरह का नाश कर रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इस गणना के माध्यम से राज्य में नशा करने वाले लोगों का डाटा एकत्र करके उन्हें नशे से बाहर निकालने की योजना बनाई जाएगी। पंजाब सरकार ने ड्रग जनगणना करवाने के लिए 150 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान रखा है। राज्य में यह गणना इसी साल शुरू करवाई जाएगी।सीमा पार से हो रही नशा तस्करी के मुद्दे को बजट में उठाते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब में 50 किलोमीटर का एरिया बीएसएफ के अधीन आता है इसलिए पंजाब सरकार सीमावर्ती क्षेत्र के लिए 5000 होमगार्ड कर्मचारियों की भर्ती करेगी। यह होमगार्ड कर्मचारी बीएसएफ के लिए सेकेंड लाइन सिक्योरिटी का काम करेंगे। पंजाब की पाकिस्तान से सटी सीमा पर एंटी ड्रोन प्रणाली विकसित करने के लिए बजट में 110 करोड़ रुपये का प्रावधान रखा गया है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि पंजाब सरकार ने एक मार्च 2025 से युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान शुरू किया है, जिसके तहत महज एक माह के भीतर राज्य में 2136 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पंजाब पुलिस ने इस अभियान के तहत 3816 ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है।

## आरा रेलवे स्टेशन पर पिता-पुत्री की हत्या के बाद सनकी युवक ने खुद को भी गोली मारी

**आरा।** बिहार के आरा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म पर मंगलवार शाम एक सनकी युवक ने पहले दो लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी और फिर बाद में खुद को भी गोली मार ली। तीनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। गोली चलने के बाद कुछ समय के लिए रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी रही। पुलिस प्रथम दृष्टया इस घटना के पीछे प्रेम प्रसंग को कारण मानकर जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि आरा रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को फुट ओवर ब्रिज से अनिल कुमार अपनी बेटी आयुषी उर्फ जिया के साथ प्लेटफॉर्म नंबर 2 की ओर जा रहे थे। तभी एक युवक वहां पहुंचा और पिता-पुत्री को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। तीनों की मौके पर ही मौत हो गई है। गोली की आवाज सुनकर प्लेटफॉर्म पर भगदड़ मच गई। रेलवे पुलिस और स्थानीय प्रशासन भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल पर ही तीनों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान अनिल कुमार (55), उनकी बेटी जिया कुमारी (18) और आरोपी युवक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के असनी गांव निवासी अमन कुमार (22) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि पिता अनिल अपनी पुत्री को छोड़ने रेलवे स्टेशन पहुंचे थे जो दिल्ली जाने वाली थी। फिलहाल, घटना के पीछे की वजह साफ नहीं हो पाई है। हालांकि, पुलिस प्रथम दृष्टया इसे प्रेम प्रसंग से जोड़कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है तथा पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना स्थल पर जिला पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी और रेलवे पुलिस भी पहुंच गई है।

## मैं जब भी सदन में खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को स्पीकर पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जब भी लोकसभा में अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता हूं, तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। दरअसल, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि सदन के आचरण और मर्यादा का पालन करें, कुछ घटनाएं सदन के लिहाज से ठीक नहीं थीं। जिसके बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, "एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया है, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। मैं एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन से बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, ''लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है, लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है। यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं कहना चाहता था कि बहुत अच्छा है, महाकुंभ मेला हुआ। मैं बेरोजगारी के बारे में कुछ कहना चाहता था। लेकिन, मुझे नहीं बोलने दिया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# देश में सभी संस्थाओं को साथ मिलकर काम करना है : जगदीप धनखड़

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने आज सदन में कहा कि देश में सभी संस्थाओं को एक साथ मिलकर काम करना है। जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर मिले जले नोटों की जांच ठीक से होनी चाहिए। उन्होंने सदन में यह टिप्पणी कल हुई सर्वदलीय बैठक की जानकारी देते हुए की। धनखड़ ने इस बैठक को सार्थक बताया।



उन्होंने कहा कि यह मुद्दा जनता के मन को झकझोर रहा है। बैठक में सदन के नेता और विपक्ष के नेता सहित राजनीतिक दलों के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। विस्तार में जाने की आवश्यकता नहीं है। विचार-विमर्श सर्वसम्मति से हुआ। यह चिंता को दर्शाता है। यह मुद्दा संस्थाओं के बीच का नहीं है। ऐसा नहीं है कि कार्यपालिका, विधायिका या न्यायपालिका एक-दूसरे के खिलाफ खड़ी हैं।

उन्होंने कहा कि सदन के नेता और विपक्ष के नेता अपने-अपने दलों और अन्य सभी संबंधित पक्षों से व्यापक परामर्श करेंगे। इसके बाद वे आगे के विचार-विमर्श के लिए उनके समक्ष आएंगे। सदन के नेता और विपक्ष के नेता दोनों ने अन्य लोगों के साथ अपने विचार साझा करने के बाद यही निष्कर्ष निकाला है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर भारी मात्रा में जले नोटों की जांच शुरू हो चुकी है। इस मामले पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कल सर्वदलीय बैठक आहूत की थी। हालांकि बैठक में इस मसले पर कोई समाधान नहीं निकल सका। अगले हफ्ते सदन में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है।

## कुणाल कामरा को नहीं मिली मोहलत, नया समन जारी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का नाम लिए बगैर उन पर किए गए विवादित टिप्पणी को लेकर स्टैंड-अप कमीडियन कुणाल कामरा की मुसीबतें बढ़ती जा रही हैं। मुंबई की खार पुलिस ने उनकी मोहलत की मांग को खारिज करते हुए बुधवार को दूसरा समन भेजा और पूछताछ के लिए हाजिर होने का निर्देश दिया। कुणाल कामरा को खार पुलिस ने समन भेज मंगलवार को 11 बजे हाजिर होने के लिए कहा था, लेकिन कामरा हाजिर नहीं हुए और हाजिर होने के लिए एक हफ्ते का समय मांगा था। पुलिस ने उनकी मांग को खारिज कर नया समन भेजा है। खार पुलिस ने हैबिटेट स्टूडियो से जुड़े कई लोगों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया।

## मीरा-भायंदर के अवैध दरगाह पर चलेगा बुलडोजर

**मुंबई।** मुंबई के सटे मीरा भयंदर में स्थित एक अवैध दरगाह पर बुलडोजर चलने की संभावना जताई जा रही है। यह मुद्दा पहले मुंबई नगर निगम के परिषद में उठाया गया था, और अब इसे लेकर व्यापक चर्चा चल रही है। भाजपा एमएलसी निरंजन दावखरे ने बताया कि यह अवैध दरगाह 2003 से उत्तन इलाके में स्थित है। उन्होंने कहा कि संबंधित ट्रस्ट ने इस दरगाह के साथ अपने संबंधों से इनकार किया है और पत्र लिखकर यह बताया है कि इस संरचना से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन ने इस पर रिपोर्ट तैयार की है, जिसमें कहा गया है कि यह संरचना एक खतरनाक स्थान पर स्थित है, जो मुंबई और ठाणे के बीच है और यहां अवैध गतिविधियों का होना संभव है। निरंजन दावखरे ने आगे कहा कि इस मुद्दे पर कई बार अदालत में जनहित याचिका दायर की गई थी, लेकिन अब यह मामला गंभीर हो गया है।

# पटना में वक्फ बिल के खिलाफ मुस्लिम संगठनों के विरोध-प्रदर्शन में लालू और तेजस्वी शामिल

**एजेंसी। पटना**

वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और देशभर के प्रमुख धार्मिक और सामाजिक मुस्लिम संगठनों ने बुधवार को पटना के गर्दनीबाग में धरना दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के लोग भी पहुंचे। राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू यादव और विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव भी धरना स्थल पहुंचे और इन संगठनों का पुरजोर समर्थन करने की घोषणा करते हुए बिल के विरोध करने की बात कही। इस विरोध में इमारत-ए-शरिया जैसे संगठनों के साथ-साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता भी शामिल हुए। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के साथ ही तेजस्वी यादव ने केंद्र सरकार के इस बिल को असंवैधानिक करार देते हुए कहा कि हम आखिरी दम तक इस बिल का विरोध करेंगे। यह




बिल मुसलमानों के अधिकारों का हनन करने वाला है। तेजस्वी यादव ने लालू यादव की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस उम्र में भी ये यहां पहुंचे हैं, यह बताता है कि ये इस बिल के विरोध में हैं। तेजस्वी यादव ने कहा कि हमारे नेता लालू यादव आपके साथ खड़े होने के लिए धरना स्थल पर आए हैं। चाहे हमारी पार्टी सत्ता में हो या नहीं हो, लेकिन हम लोग इस बिल का विरोध करते रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने बुधवार को विधानसभा और विधान परिषद में वक्फ संशोधन बिल का विरोध किया है। हम लोग इस बिल को गैर संवैधानिक और अलोकतांत्रिक मानते हैं। कुछ लोग देश को तोड़ने की साजिश कर रहे हैं और उनकी पार्टी इस कानून को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

इस धरने में विभिन्न मुस्लिम संगठनों से जुड़े लोग भी शामिल हुए। धरना स्थल पर पहुंचे लोगों ने भाजपा समेत एनडीए के उन राजनीतिक दलों के खिलाफ भी नाराजगी जताई, जिन्होंने बिल का समर्थन किया है। बिहार के कई जिलों से भी लोग यहां पहुंचकर इस धरने में शामिल हुए।

## पाकिस्तान : सिंधु नहर परियोजनाओं के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन में दरार, पीपीपी ने जताया विरोध

**सिंध।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) भी सिंधु नदी पर छह नई नहरें बनाने की सरकार की योजना के विरोध में आ गई है। इन नहरों के निर्माण के विरोध में सिंध प्रांत में लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। एक रैली को संबोधित करते हुए, पीपीपी के सिंध अध्यक्ष निसार अहमद खुहरो ने कहा कि उनके विरोध के अगले चरण में प्रांत के सभी तालुकाओं में धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। खुहरो ने धमकी दी कि अगर केंद्र सरकार परियोजना को रद्द नहीं करती है तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर देंगे। पाकिस्तान के प्रमुख समाचार पत्र द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने खुहरो के हवाले से कहा, "जब तक संघीय सरकार चोलिस्तान और अन्य नहरों के निर्माण की योजना को वापस नहीं ले लेती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।" गठबंधन में बढ़ते आंतरिक संघर्ष और विरोधाभासी रुख के बीच, पीपीपी-सिंध के अध्यक्ष ने पाकिस्तानी सरकार की आलोचना की और इसे 'तानाशाही संघीय सरकार' करार दिया।

## मिस्र और स्पेन ने गाजा में इजरायली सैन्य अभियान को किया खारिज



**काहिरा (आईएएनएस)।** मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल-फतह अल-सीसी और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा पट्टी में चल रहे इजरायली सैन्य अभियानों को खारिज कर दिया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ ने मिस्र के राष्ट्रपति कार्यालय के एक बयान के हवाले से बताया कि दोनों नेताओं ने मंगलवार को फोन पर बातचीत की, जिसमें उन्होंने गाजा में तत्काल युद्ध विराम की आवश्यकता, इजरायली जमीनी घुसपैठ को समाप्त करने और मानवीय सहायता की आपूर्ति को सुनिश्चित करने की बात की।

## अमेरिका और इजरायली लक्ष्यों पर किए मिसाइल और ड्रोन हमले

**सना (आईएएनएस)।** यमन के हूती विद्रोही समूह ने बुधवार को कहा कि उसने लाल सागर में एक अमेरिकी



विमानवाहक पोत और इजरायल के शहर तेल अवीव में 'सैन्य ठिकानों' पर हमले किए हैं। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरिया ने अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा, "पिछले कुछ घंटों में हमारे बलों ने लाल सागर में अमेरिकी युद्धपोतों को निशाना बनाते हुए मिसाइल और ड्रोन हमले किए, इसमें यूएसएस हैरी एस. ट्रूमैन विमानवाहक पोत भी शामिल है।

## रियाद में यूक्रेन और अमेरिका के बीच वार्ता खत्म, काला सागर में नौवहन व ऊर्जा केंद्रों की सुरक्षा पर फोकस

**रियाद (आईएएनएस)।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद में यूक्रेनी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच वार्ता का एक और दौर खत्म हो गया। समाचार एजेंसी शन्हिुआ के अनुसार, यह वार्ता सोमवार को रियाद में रूसी और अमेरिकी प्रतिनिधियों के बीच 12 घंटे से ज्यादा समय तक चली बैठक के बाद हुई। मंगलवार को व्हाइट हाउस ने अपनी वेबसाइट पर एक बयान प्रकाशित किया, जिसमें रविवार और मंगलवार के बीच यूक्रेन के साथ हुई दो दौर की वार्ता के परिणामों की सूची दी गई।

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने चुनाव व्यवस्था में बदलाव लाने को जारी किया आदेश

# ट्रंप ने भारत की चुनाव प्रणाली को कहा आदर्श

बोले, अमेरिका 'बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा' को लागू करने में विफल रहा

**वाशिंगटन (आईएएनएस)**

### निष्पक्ष चुनाव संवैधानिक गणराज्य के लिए जरूरी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस पर भी जोर दिया कि 'धोखाधड़ी, त्रुटियों या संदेह से अछूते स्वतंत्र, निष्पक्ष और ईमानदार चुनाव हमारे संवैधानिक गणराज्य को बनाए रखने के लिए जरूरी हैं।' राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी कहा, अमेरिकी नागरिकों का यह अधिकार कि उनके मतों की सही तरीके से गणना की जाए और उन्हें बिना किसी अवैध छेड़छाड़ के सारणीबद्ध किया जाए, चुनाव के वास्तविक विजेता का निर्धारण करने के लिए महत्वपूर्ण है।



राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी चुनाव प्रणाली में बदलाव लाने की बात कही है। इसके लिए उन्होंने एक आदेश जारी किया है। इसमें चुनाव संचालन के तरीके में बदलाव की बात कही गई है। इस आदेश में मतदाताओं से उनकी अमेरिकी नागरिकता को साबित करने और यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि चुनाव के दिन तक केवल मेल-इन या पोस्टल बैलेट मतपत्र ही गिने जाएं। इसके अलावा, गैर-अमेरिकी नागरिकों को कुछ चुनावों में दान करने से भी रोकने का प्रस्ताव है। ट्रंप ने भारत और ब्राजील जैसे देशों के चुनाव प्रथाओं का उदाहरण दिया और तर्क दिया कि अमेरिका 'बुनियादी और आवश्यक चुनाव सुरक्षा' को लागू करने में विफल रहा है, जो पहले से ही कई विकसित और विकासशील देशों में मानक बन चुके हैं। उन्होंने कहा, भारत और ब्राजील मतदाता पहचान को बायोमेट्रिक डाटाबेस से जोड़ रहे हैं, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका नागरिकता के लिए काफी हद तक स्व-सत्यापन पर निर्भर है। इसके अलावा, ट्रंप ने अमेरिका में मतपत्र प्रसंस्करण के असंगत दृष्टिकोण की आलोचना की। उन्होंने जर्मनी और कनाडा जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा, जर्मनी और कनाडा में मतों की गणना करते समय कागज के मतपत्रों की आवश्यकता होती है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में कई तरीके हैं, जिनमें अक्सर बुनियादी सुरक्षा का अभाव होता है। उन्होंने अमेरिकी चुनावों के लिए एक अधिक सुरक्षित और समान मतदान प्रणाली की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यकारी आदेश में मेल-इन मतदान के मुद्दे पर भी ध्यान दिया गया। ट्रंप ने डेनमार्क और स्वीडन जैसे देशों का उदाहरण दिया, जहां मेल-इन मतपत्रों को केवल उन लोगों तक सीमित रखा जाता है, जो व्यक्तिगत रूप से मतदान नहीं कर सकते। इसके अलावा, वे देर से आने वाले मतपत्रों को स्वीकार नहीं करते, चाहे उनमें डाक टिकट हो या न हो।

ट्रंप ने कहा, अब कई अमेरिकी चुनावों में डाक से सामूहिक मतदान होता है, जिसमें कई अधिकारी बिना डाक टिकट वाले मतपत्र या चुनाव के दिन के बाद प्राप्त मतपत्र स्वीकार करते हैं। यह कार्यकारी आदेश ट्रंप के अमेरिकी चुनावों की अखंडता को बहाल करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जिनके बारे में वह अक्सर दावा करते आए हैं कि वर्ष 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में कोई समझौता हुआ था।

### योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल

## योगी सरकार के 8 साल बेमिसाल गढ़े विकास के नए आयाम

**मेरठ (आईएएनएस)**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बीते आठ वर्षों के कार्यकाल में मेरठ में विकास के नए आयाम गढ़े हैं। किसानों, गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत अभूतपूर्व कार्य किए गए हैं। पहली बार लाखों किसानों को 'पीएम किसान सम्मान निधि योजना' का लाभ मिला। वहीं, गन्ना किसानों को रिकॉर्ड भुगतान किया गया है। प्रदेश सरकार ने मेरठ में पहले से पांच गुना अधिक निराश्रित महिलाओं को पेंशन दी है। साथ ही, 43 हजार से ज्यादा लाभार्थियों को 297 करोड़ रुपए का ऋण भी दिया है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत 848 परिवारों को घर मिले हैं। जबकि, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 30,369 लोगों के खुद के घर का सपना योगी सरकार के प्रयास से साकार हुआ है। मेरठ के 1.82 लाख परिवारों को योगी सरकार में स्वच्छ रसोई ईंधन उपलब्ध कराया गया है।

## पाकिस्तान में अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंतित चीन, मनाने में जुटी शरीफ सरकार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा (केपी) और बलूचिस्तान प्रांतों में सुरक्षा स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ऐसे में चीन ने एक बार फिर अपने नागरिकों की सुरक्षा पर गहरी चिंता व्यक्त की है। चीनी नागरिक वर्तमान में चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं में काम कर रहे हैं। बढ़ते खतरों के बीच, चीन में पाकिस्तान के राजदूत खलील हाशमी को दक्षिण चीन के हैनान प्रांत में आयोजित बोआओ फोरम फॉर एशिया (बीएफए) के वार्षिक सम्मेलन में इस्लामाबाद के 'सदाबहार दोस्त' को घरेलू सुरक्षा स्थिति के बारे में समझाने के लिए हताशाजनक प्रयास करते देखा गया।

हाशमी ने बोआओ में कहा, "मुझे लगता है कि हमारे दोनों देश सूचना साझा करने और मानक संचालन प्रक्रियाओं को विकसित करने के मामले में बहुत निकटता से काम करते हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि पाकिस्तान में काम करने वाले चीनी नागरिक सुरक्षित हैं।

## यूपी में शराब की दुकानों पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर, 'आप' ने सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने दावा किया कि राज्य में शराब की दुकानों पर 'एक के साथ एक फ्री' ऑफर दिया जा रहा है, जिससे भारी भीड़ उमड़ रही है और शराब की दुकानों पर मारामारी हो रही है। आतिशी ने भाजपा सरकार पर सीधा हमला बोलते हुए कई सवाल खड़े किए हैं। आतिशी ने पूछा कि क्या योगी सरकार इस योजना के जरिए उत्तर प्रदेश और आसपास के राज्यों के लोगों को शराबी बनाना चाहती है? उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा 'संस्कारी पार्टी' होने का दावा करती है, लेकिन अब वह खुद ही शराब को बढ़ावा देने का काम कर रही है। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या यह फैसला मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने खुद लिया है, या फिर इसमें भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सहमति भी शामिल है? अगर भाजपा इस फैसले से सहमत नहीं है, तो पार्टी के नेता इसके विरोध में कब सड़कों पर उतरेंगे।

## सूडान के नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों से संयुक्त राष्ट्र चिंतित

**संयुक्त राष्ट्र।** सूडान में नागरिकों पर लगातार हो रहे हमलों ने संयुक्त राष्ट्र को गहरी चिंता में डाल दिया है। इसमें उत्तरी दारफुर के बाजार पर हुआ घातक हवाई हमला भी शामिल है, जिसमें दर्जनों लोगों के मारे जाने की खबर है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा, "कल रात (सोमवार) उत्तरी दारफुर में, एल फशर से लगभग 40 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित एक बाजार पर हवाई हमले में दर्जनों लोगों के हताहत होने की खबर है।

## भीषण जंगल की आग मचा रही तबाही, फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश, पायलट की मौत

**उइसोंग (आईएएनएस)**



दक्षिण कोरिया में भीषण जंगल की आग तबाही मचा रही है। एक फायर फाइटिंग हेलीकॉप्टर बुधवार को दक्षिण-पूर्वी काउंटी उइसोंग में लगी भीषण आग को बुझाने के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में पायलट की मौत हो गई। कोरिया वन सेवा के अनुसार, हेलीकॉप्टर दोपहर 12:54 बजे सोल से लगभग 180 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित उइसोंग में एक पहाड़ पर गिर गया। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। इस बीच, बुधवार को अधिकारियों ने जानकारी दी कि दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में लगी भीषण आग में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है।

## नौसेना की शक्ति में जबरदस्त इजाफा करने वाली स्वदेशी सैम मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी। सोल**



नई दिल्ली, 26 मार्च (आईएएनएस)। भारत ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकली-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (सैम) का बुधवार को सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल प्रणाली भारतीय नौसेना की क्षमता और शक्ति में जबरदस्त इजाफा करेगी।

परीक्षण के दौरान इस अत्याधुनिक मिसाइल ने सभी तय परिस्थितियों का सामना करते हुए अपने लक्ष्य को पूरी सटीकता से निशाना बनाया। परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट किया। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, इस परीक्षण ने मिसाइल की विश्वसनीयता और सटीकता को प्रमाणित किया है। परीक्षण के दौरान सभी हथियार प्रणाली तत्वों को युद्धक कॉन्फिगरेशन में तैनात किया गया था। इन हथियार प्रणाली तत्वों में स्वदेशी रेडियो फ्रिक्वेंसी सीकर, मल्टी-फंक्शन रडार और वेपंस कंट्रोल सिस्टम शामिल थे। विशेषज्ञों का कहना है कि सभी प्रणालियों ने अपेक्षाओं के अनुसार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को आईटीआर चांदीपुर द्वारा विकसित विभिन्न रेंज उपकरणों द्वारा कैप्चर किए गए उड़ान डेटा से सत्यापित किया गया। मंत्रालय ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय नौसेना ने 26 मार्च को ओडिशा के चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से दोपहर करीब 12 बजे मिसाइल का परीक्षण किया। यह परीक्षण भूमि आधारित वर्टिकल लांचर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य के खिलाफ, बहुत निकट रेंज और निम्न ऊंचाई पर किया गया। इस परीक्षण ने मिसाइल प्रणाली की नियर-बाउंड्री-लो अल्टीट्यूड क्षमता को स्थापित किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस उपलब्धि पर डीआरडीओ, भारतीय नौसेना और रक्षा उद्योग को बधाई दी।

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस चीन के हैनान प्रांत पहुंचे

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस बुधवार शाम चीन के हैनान प्रांत पहुंचे। चीन में बांग्लादेश के राजदूत मोहम्मद नजमुल इस्लाम और हैनान के उप-राज्यपाल ने क्यूनगाई बोआओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया। यूनुस के कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, "मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस बुधवार को बांग्लादेश मानक समय के अनुसार शाम 4:15 बजे चीन के हैनान पहुंचे। बांग्लादेश के चीन राजदूत मोहम्मद नजमुल इस्लाम और हैनान प्रांत के उप-गवर्नर ने हैनान के क्यूनगाई बोआओ अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

## महरंग बलूच की गिरफ्तारी के खिलाफ बढ़ रही नाराजगी, बीएनपी-एम का मार्च निकालने का ऐलान

**एजेंसी। क्वेटा**

बलूचिस्तान नेशनल पार्टी-मेंगल (बीएनपी-एम) ने 28 मार्च को वाध से क्वेटा तक लंबे मार्च की घोषणा की। बलूच यकजेहती कमेटी (बीवाईसी) के सदस्यों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और 'अवैध' गिरफ्तारी के खिलाफ पार्टी ने यह ऐलान किया। गिरफ्तार लोगों में बीवाईसी की केंद्रीय आयोजक महरंग बलूच और सम्मी दीन बलूच भी शामिल हैं। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मार्च का नेतृत्व बीएनपी-एम के अध्यक्ष अख्तर मेंगल करेंगे।पार्टी के बयान के अनुसार, बीएनपी-एम की केंद्रीय कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान एक लंबा मार्च आयोजित करने का फैसला लिया गया। पार्टी ने बलूच महिलाओं पर पाकिस्तानी पुलिस की कार्रवाई की निंदा की।

बयान में कहा गया, "बीएनपी अपनी राजनीतिक जिम्मेदारियों को स्वीकार करते हुए औपचारिक रूप से अपने विरोध कार्यक्रम की घोषणा कर रही है। 26 मार्च को पूरे प्रांत में प्रेस क्लबों के सामने विरोध प्रदर्शन के बाद हड़ताल की जाएगी। 28 मार्च को पार्टी नेता अख्तर मेंगल के नेतृत्व में वाध से क्वेटा तक एक लंबा मार्च शुरू होगा।

### कहानी फिल्म जगत की

## मेलबर्न कॉन्सर्ट में देर से पहुंचने पर नेहा कक्कड़ ट्रोल



ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचने पर गायिका नेहा कक्कड़ की इंटरनेट पर आलोचना की गई। रेडिट पर शेयर किए गए एक वीडियो में नेहा रोती हुई और दर्शकों से माफ़ी मांगती हुई नज़र आईं। अब, प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है कि वह क्यों देर से पहुंची और रोईं। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में अपने कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचने पर गायिका नेहा कक्कड़ की इंटरनेट पर आलोचना की गई। रेडिट पर शेयर किए गए एक वीडियो में नेहा रोती हुई और दर्शकों से माफ़ी मांगती हुई नज़र आईं। अब, प्रशंसकों ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है कि वह क्यों देर से पहुंची और रोईं। गायक टोनी कक्कड़ अपनी बहन नेहा कक्कड़ के समर्थन में सामने आए हैं, जिन्हें मेलबर्न कॉन्सर्ट में लगभग तीन घंटे देरी से पहुंचने के लिए भारी आलोचना का सामना करना पड़ा था। मंगलवार शाम को इंस्टाग्राम पर टोनी ने एक रहस्यमयी पोस्ट साझा की।

### नेहा को स्टेज पर भावुक होते और रोते हुए देखा गया

इंस्टाग्राम पर सबसे ज़्यादा फॉलो की जाने वाली भारतीय गायिकाओं में से एक नेहा कक्कड़ ने तब सबका ध्यान खींचा जब उनके मेलबर्न कॉन्सर्ट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह रोती हुई नज़र आईं। गायिका कॉन्सर्ट के लिए तीन घंटे देरी से पहुंचीं, जिसके लिए दर्शकों ने उनकी आलोचना की और उन्हें बू किया। बाद में गायिका को स्टेज पर भावुक होते और रोते हुए देखा गया। अब ये वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं और इसके बाद नेहा के भाई और गायक और संगीतकार टोनी कक्कड़ ने सोशल मीडिया पर दो रहस्यमयी पोस्ट शेयर किए हैं।

**टोनी ने पोस्ट में जनता पर उठाए सवाल :** टोनी कक्कड़ ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। एक पोस्ट में लिखा है, 'कलाकारों को हद में रहना चाहिए लेकिन जनता का क्या? घटना का ज़िक्र न किया हो, लेकिन यह साफ़ है कि उन्होंने मेलबर्न के दर्शकों पर तंज कसा है।



### टोनी कक्कड़ की दूसरी पोस्ट

इस पोस्ट से कुछ समय पहले टोनी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक और पोस्ट शेयर की थी, जिसमें उन्होंने एक काल्पनिक स्थिति का ज़िक्र किया और पूछा कि जब किसी व्यक्ति को बिना उचित व्यवस्था के किसी शहर में आमंत्रित किया जाता है, तो इसके लिए किसे दोषी ठहराया जाएगा।




## वन प्रमंडल से एनओसी मिलने में हो रही देरी : नमन विक्सल कोंगाड़ी



**रांची।** नमन विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में बांसजोर प्रखंड में एक बोलबा प्रखंड में दो एवं ठेठेईगर प्रखंड में दो पथों के निर्माण कार्य को वन विभाग के आपति के कारण रोक दिया गया है। पथ निर्माण के कारण आवागमन एवं विकास के कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि बांसजोर प्रखंड में जामडोईर से डोंगापानी पीएमजीएसवाई पथ में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है। पथ निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। कोर्चेबहार पकरीटोली पथ से कोनपाला बागडाड़ पथ में वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा द्वारा अनापत्ति प्रदान कर दी गयी है। पथ निर्माण कार्य जल्द ही पूर्ण कर लिया जायेगा। चेटमल सरदारटोली बी०टी० रोड से छुरियाधाम पर्यटन स्थल दुमकी पंचायत भवन होते हुए ओडिशा बॉर्डर तक निर्माण कार्य के अनापत्ति के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी को प्रस्ताव भेजा गया है। अनापत्ति प्राप्त होने के उपरांत अग्रेतर कार्रवाई की जा सकेगी। बोलवा प्रखंड में किसी भी पथ में वन विभाग की अनापत्ति नहीं है।

### मुख्यमंत्री एकादश बनाम विधान सभा अध्यक्ष एकादश के बीच मैत्री क्रिकेट मैच

# खेल की परिपाटी को आगे बढ़ाया : हेमंत सोरेन

- *जीत का सेहरा मुख्यमंत्री एकादश की टीम ने पहनी*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा बजट सत्र 2025-26 गुरुवार को समाप्त हो जाएगा। बजट सत्र समाप्ति की पूर्व संध्या पर जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में विधान सभा के सदस्यों के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। इस मैच के लिए विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो ने दो टीमें बनाई थी। एक टीम का नाम मुख्यमंत्री एकादश और दूसरे का नाम विधान सभा अध्यक्ष एकादश थी।



एकादश क्रिकेट टीम के कप्तान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तो दूसरी क्रिकेट टीम विधान सभा अध्यक्ष एकादश के कप्तान विधान सभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो थे।

मुख्यमंत्री एकादश की टीम ने टॉस जीता और बल्लेबाली करने का फैसला किया। इस टीम ने 12 ओवर में 103 रन बनाकर विधान सभा अध्यक्ष एकादश की टीम के सामने जीत के लिए 104 रनों का लक्ष्य रखा। इस लक्ष्य को पूरा विधान सभा अध्यक्ष एकादश की टीम नहीं कर पाई और जीत का सेहरा मुख्यमंत्री एकादश की टीम को मिला।

### खेल में भी हुआ वार-प्रतिवार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नौ रन बनाकर जयराम महतो की गेंदबाजी पर आउट हो गए। वहीं मुख्यमंत्री के गेंदबाजी पर जयराम महतो आउट हो गया। खेल में भी वार-प्रतिवार देखने को मिला।

### इरफान अंसारी वाह : मुख्यमंत्री

इरफान अंसारी ने क्रिकेट में भी अपना जलवा बिखेरा, चौके और रनों की झड़ी लगा दी। फिल्डिंग भी अच्छी तरह से किए। उनको क्रिकेट खेलते देख मुख्यमंत्री ने तालाबजाकर कहाकर इरफान अंसारी वाह।

बल्लेबाजी में आउट नहीं हुए लेकिन उन्हें रोजा खोलना था, इसलिए फिल्डिंग के बीच ही मैदान छोड़े।

मैच जीतने के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि सत्र समाप्ति से पूर्व खेल का आयोजन करना परिपाटी रही है जिसे आगे बढ़ाने का कार्य किया गया है। वहीं विस अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने खेल को अभूतपूर्व बताया।

## न्यायिक पदाधिकारियों का ट्रांसफर, अधिसूचना जारी

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने अधिसूचना जारी कर राज्य के विभिन्न कोर्ट कई न्यायिक पदाधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। बोकारो में पदस्थापित चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट दिव्या मिश्रा को सिविल जज देवघर के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं खूंटी सीजीएम मनोरंजन कुमार को सिविल जज बोकारो, गोड्डा के चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट अर्जुन साव को खूंटी सिविल जज, लातेहार एसीजेएम शशिभूषण शर्मा को सिविल जज गोड्डा, एसीजीएम देवघर मीनाक्षी मिश्रा को सिविल जज लातेहार, गिरिडीह चीफ जुडिशियल मजिस्ट्रेट सौरभ कुमार गौतम को सिविल जज डालटनगंज, चाईबासा सीजीएम बिनोद कुमार को सिविल जज गिरिडीह, रांची के सिविल जज अक्षत श्रीवास्तव को सिविल जर्ज चाईबासा पदस्थापित किया गया है।

## चुनाव आयोग ने बीएलओ का पहला प्रशिक्षण शुरू किया

- *बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के बीएलओ का पहला बैच ले रहा है भाग*

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बुधवार को नई दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट (आईआईआईडीईएम) में चुनाव आयुक्त डॉ. विवेक जोशी के साथ बीएलओ के पहले बैच के प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। अगले कुछ वर्षों में प्रति 10 मतदान केंद्रों पर औसतन एक बीएलओ के साथ 1 लाख से अधिक बीएलओ को ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षित किया जाएगा। ये प्रशिक्षित बीएलओ विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स (एएलएमटी) की एक टुकड़ी का गठन करेंगे, जो देश भर में बीएलओ के पूरे नेटवर्क को मजबूत करेगा, जो 100 करोड़ मतदाताओं और आयोग के बीच पहला और सबसे महत्वपूर्ण इंटरफेस है।

यह अनूठा क्षमता निर्माण कार्यक्रम विभिन्न चरणों में जारी रहेगा, जिसमें सबसे पहले चुनाव वाले राज्यों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वर्तमान में, बिहार, पश्चिम बंगाल और असम के 109 बीएलओ इस 2 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, केरल, पुडुचेरी और तमिलनाडु के 24 ईआरओ और 13 डीईओ के साथ भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण की योजना बीएलओ को आरपी अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 और समय-समय पर जारी आयोग के निर्देशों के अनुसार उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों से परिचित कराने और उन्हें मतदाता सूचियों के त्रुटि मुक्त अद्यतन के लिए प्रासंगिक फॉर्म भरने की आवश्यकताओं से लैस करने के लिए बनाई गई है। उन्हें उनके काम में सहयोग के लिए डिजाइन किए गए आईटी अनुप्रयोगों से परिचित कराया जाएगा।

### हजारीबाग में विवाद, पथराव व गोलीबारी

# आपत्तिजनक गाने को लेकर हुई घटना : राधाकृष्ण किशोर

- *हिंदुओं के त्योहार पर पत्थरबाजी करने वाले कौन लोग : बाबूलाल मरांडी*
- *200 अनाम लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज*





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** हजारीबाग में विवाद, पथराव व गोलीबारी मामले में सदन में बुधवार को बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाया कि हिंदुओं के त्योहार पर पत्थरबाजी करने वाले कौन लोग हैं। उनके खिलाफ जांच हो कड़ी कारवाई की जाए। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने हजारीबाग के एसपी से घटना की जानकारी लेकर सदन के द्वितीय पाली में जवाब देने की बात कही।

सदन के द्वितीय पाली में सरकार के संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सदन में बताया कि मंगला जुलूस के दौरान हजारीबाग में आपत्तिजनक गाने को लेकर विवाद और पथराव हुआ। एडीजी की रिपोर्ट के अनुसार मंगला जुलूस के दौरान अशोक चौक पर आपत्तिजनक गाने को लेकर विवाद खड़ा हुआ। दंडाधिकारी ने मामले को शांत करने की पूरी कोशिश की, लेकिन मामला शांत होता नहीं दिखा तो दो राउंड हवाई गोली भी चलानी पड़ी।

### पांच मुस्लिम और पांच हिंदू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

प्रशासन ने एहतियात के तौर पर सड़कों पर गश्ती चौकसी बढ़ा दी है। अशोक चौक पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी ने पांच मुस्लिम और पांच हिंदू के विरुद्ध नामदज प्राथमिकी दर्ज की है।

इसके अलावा, 200 अनाम लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस बीच, भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि यह बैलेंस करने की कोशिश है, जबकि प्राथमिकी पत्थर चलाने वाले पर करवाई होनी चाहिए।

# राज भवन में माननीयों के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** षष्टम झारखंड विधानसभा के द्वितीय (बजट) सत्र- 2025 के सिलसिले में राज भवन में माननीयों के सम्मान में आयोजित रात्रि भोज में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री एवं विधायक तथा अधिकारी हुए सम्मिलित।



# स्वास्थ्य मंत्री और विभाग के अफसरों के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची/जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने बुधवार को विधानसभा में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखा। सभाध्यक्ष की अनुमति के बाद श्री राय ने विधानसभा में इस पर अपना संक्षिप्त वक्तव्य रखा। उन्होंने कहा कि विधानसभा में सभा-सदस्य के किसी प्रश्न का गलत और गुमराह करने वाला उत्तर देना सदन की अवमानना है तथा सभा-सदस्य के सही उत्तर जानने के अधिकार का हनन है। सरयू राय ने कहा कि 21 मार्च, 2025 को मेरे अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर में स्वास्थ्य मंत्री ने सदन को गुमराह किया और स्वास्थ्य विभाग में सही प्रतिवेदन होने के बावजूद उन्होंने प्रश्न के कंडिका-2 का गलत उत्तर दिया है। श्री राय के अनुसार, उनका प्रश्न झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल में निबंधक-सह-सचिव पद पर अनियमित तरीके से नियुक्ति करने के विषय में था। कंडिका-2 में उन्होंने पूछा था कि किसी फार्मासिस्ट का पंजीयन एक ही दुकान के लिए होता है, परन्तु राज्य सरकार ने वैसे व्यक्ति को फार्मेसी काउंसिल का सचिव-सह-निबंधक नियुक्त किया है, जिसका पंजीयन एक से अधिक स्थानों पर है। श्री राय के अनुसार, इस बारे में सहायक निदेशक (औषधि), दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल द्वारा निदेशक (औषधि), राज्य औषधि नियंत्रण प्रयोगशाला, झारखण्ड को प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट है कि उस व्यक्ति का अलग-अलग रजिस्ट्रेशन अलग-अलग स्थानों पर है तथा जांच में फार्मेसी द्वारा सहयोग नहीं किया गया और आवश्यक सूचनाएं नहीं दी गईं।

श्री राय ने कहा कि उनके प्रश्न के उत्तर में सरकार ने इस तथ्य को छिपाया है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इस बारे में स्वास्थ्य मंत्री को गुमराह किया है। इसी कारण से उन्होंने सदन पटल पर उनके प्रश्न का गलत और भ्रामक उत्तर रखा है। सदन में किसी सभा-सदस्य के प्रश्न का गलत और भ्रामक उत्तर देना विधानसभा की अवमानना है और सभा-सदस्य के विशेषाधिकार का हनन है।

सरयू राय ने कहा कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियम के अनुच्छेद 186 के तहत विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव रखा गया है। इसके बाद अनुच्छेद- 187, 188, 189 में विधानसभा में विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव रखने और स्वीकृति देने की प्रक्रिया का उल्लेख है। यह भी उल्लेख है कि यदि कम से कम 8 विधानसभा सदस्य इस प्रस्ताव के पक्ष में खड़े होते हैं तो विधानसभाध्यक्ष इस प्रस्ताव की स्वीकृति देंगे। विधानसभा में इस प्रस्ताव के पक्ष में भाजपा, जदयू, लोजपा और आजसू के सभी विधायक खड़े हो गए। इस पर सभाध्यक्ष ने कहा कि वे इस प्रस्ताव को देखेंगे और आगे विधिसम्मत कार्रवाई करेंगे।

### धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना का मामला

# एनओसी के कारण हुआ विलंब : सुदिव्य कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विधायक राज सिन्हा ने कहा कि वर्ष 2019 में 441 करोड़ रुपये की लागत से धनबाद शहरी जलापूर्ति योजना फेज-2 प्रारंभ की गई थी, जिसमे पिछले पांच वर्षों में 76 हजार घरों को पानी पहुंचाने के एवज में मात्र तीन हजार घरों तक ही शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए पानी कनेक्शन मिल पाया है,जिससे धनबाद घनी शहरी आबादी वाले क्षेत्र में पेयजल संकट उत्पन्न हो चुकी है। योजनान्तर्गत पाईप लाईन बिछाने का कार्य पिछले पांच वर्षों में 69.4 प्रतिशत हुआ है, जबकि संवेदक को 2023 में योजना पूर्ण करने के लिए समयावृद्धि भी दी गई तथा उपायुक्त, धनबाद ने मार्च 2025 तक काम पूरा करने का आदेश (डेडलाईन) भी दे चुके हैं। मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि धनबाद शहरी जलापूर्ति योजनाः फेज-2 अबतक कुल 5129 गृह जल संयोजन किया जा चुका है। मंत्री सुदिव्य ने कहा कि परियोजना की मूल पूर्णता तिथि 24 अक्टूबर, 2022 थी। कोविड-19 महामारी और एनएचएआई, डीवीसी एफसीआइएल से एनओसी प्राप्त होने में विलंब के कारण इस योजना के कार्यान्वयन में देरी हुई, इसलिए दिनांक 24 अक्टूबर, 2024 तक का प्रथम समय विस्तार मिला। अभी तक डीवीसी और एफसीआईएल जैसी केन्द्रीय एजेंसियों से एनओसी आप्राप्त है।

### झारखंड में चल रहीं विभिन्न सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति की हुई समीक्षा

# उपायुक्त सड़क निर्माण योजनाओं की प्रगति पर रखें नजर : मुख्य सचिव

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिया है कि वे राज्य में चल रहीं विभिन्न सड़क योजनाओं की लगातार मॉनिटरिंग करें। अगर किसी में कोई बाधा आ रही है, तो प्राथमिकता के आधार पर उसे दूर करें। जहां जरूरत हो, वहां संबंधित विभागों के साथ समन्वय करें और निर्बाध निर्माण का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि केंद्र से सड़क निर्माण परियोजनाओं को राज्य में लाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। एक बार स्वीकृति मिलने के बाद अगर ससमय निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो योजना निरस्त होने का भी खतरा रहता है। इसलिए, नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के सड़क निर्माण में आ रही बाधाओं का ससमय समाधान करें, ताकि आगे के लिए भी सड़क निर्माण की योजनाएं राज्य के लिए केंद्र से ली जा सके। वह बुधवार को राज्य में चालू और शुरू होनेवाली सड़क योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रही थीं।

मुख्य सचिव की समीक्षा के दौरान स्पष्ट हुआ कि सड़क निर्माण में सबसे बड़ी बाधा उस जमीन का मुआवजा भुगतान को लेकर है, जिसके कागजात नहीं मिल रहे हैं। इसका समाधान निकालते हुए निर्देश दिया गया कि वैसी जमीनों को सरकारी मानकर काम शुरू करें और बाद में कागजात के साथ दावा सामने आता है, तो उसका मुआवजा भुगतान करें। जहां मुआवजा भुगतान में देरी हो रही है, वहां कैंप लगाकर रैयतों को भुगतान करने को कहा गया। वहीं वन विभाग से जुड़े मसले को शीघ्र पर सुलझाने पर बल दिया गया। विधि व्यवस्था से बाधित कार्य को प्रशासनिक कुशलता से निपटाने का निर्देश दिया गया।

17.188 करोड़ से 503 किमी. की 15 सड़कों का निर्माण जारी

झारखंड में कुल 3,536 किमी सड़क नेशनल हाइवे है। नेशनल हाइवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया द्वारा 1,758 किमी. सड़क 52,476 करोड़ रुपये से निर्मित हो रही है, जिसमें से 13,993 करोड़ की लागत से 718 किमी. सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। 17.188 करोड़ रुपये से 503 किमी. की 15 सड़कों का निर्माण जारी है। 11,643 करोड़ से 273 किमी. की 8 सड़कों के निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं 9,623 करोड़ की लागत से 263 किमी. की 7 सड़कों का निर्माण डीपीआर और टेंडर प्रक्रिया में है। गौरतलब है कि झारखंड में प्रति एक लाख जनसंख्या पर नेशनल हाइवे की 8.62 किमी. सड़क है, जो पूरे भारत में 11 किमी. है। वहीं झारखंड में प्रति एक हजार स्क्वायर किमी. में नेशनल हाइवे 43.91 किमी. है, जबकि राष्ट्रीय औसत 40.2 है।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में संपन्न समीक्षा बैठक में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार, वन विभाग के सचिव अबु बक्कर सिद्धीख, राजस्व विभाग के सचिव चंद्रशेखर, एनएचएआइ के वरिष्ठ अधिकारी समेत संबंधित जिले के उपायुक्त वर्चुवल माध्यम से जुड़े थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**बदलते समय में तकनीकी रक्षता...**

पर्यवेक्षिकाओं एवं हेल्थ डेस्क कर्मियों को स्मार्टफोन दिया जा रहा है, ताकि आप अपने कार्यों को बेहतर तरीके से निभा सकें। इससे आप आंगनबाड़ी केंद्रों में संचालित गतिविधियों तथा कार्यों से संबंधित हर दिन की विवरणी और रिपोर्ट को आसानी से तैयार करने के साथ सुरक्षित भी रख सकेंगे। इसके जरिए आपके द्वारा किए गए कार्यों की रियल टाइम मॉनीटरिंग हो सकेगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि आज स्मार्टफोन की वजह से पूरी दुनिया मुठ्ठी में कैद सी हो गई है। आपके स्मार्टफोन में हर वह जानकारी उपलब्ध है, जिसको जानने की आपको इच्छा होती है। आज स्मार्ट फोन की वजह से हमारी जिंदगी का हर पल प्रभावित हो रहा है। आप घर में पर्स भूल सकते हैं, लेकिन स्मार्ट फोन छोड़ना नहीं भूलते। ऐसे में यह कहना लाजमी है कि हर चीज की तरह स्मार्ट फोन के भी सकारात्मक और नकारात्मक पहलू हैं। विशेषकर जिस तरह स्मार्टफोन के जरिए अपराध के विभिन्न स्वरूप सामने आ रहे हैं, वह काफी चिंता वाली बात है। ऐसे में यह आप पर निर्भर करता है कि आप किस रूप में स्मार्टफोन का इस्तेमाल करते हैं। अगर स्मार्टफोन का सुरक्षित तरीके से उपयोग करेंगे, तो इससे आपकी जिंदगी काफी आसान बन जाएगी। इसके उपयोग में सावधानी बरतना नितांत आवश्यक है। मौके पर मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के सचिव मनोज कुमार, निदेशक, सामाजिक सुरक्षा किरण पासी समेत कई अधिकारी तथा आंगनबाड़ी सेविकाएं एवं पर्यवेक्षिकाएं मौजूद थीं।

**हाईकोर्ट का जेएसएससी सीजीएल...**

को शॉर्टलिस्ट किया था। इसी बीच, परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों की सीबीआई जांच की मांग को लेकर राजेश कुमार एवं अन्य ने झारखंड हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। इस पर सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने 17 दिसंबर, 2024 को परिणाम प्रकाशित करने पर अगले आदेश तक रोक लगा दी थी। कोर्ट ने राज्य सरकार को पेपर लीक की शिकायत पर परीक्षा संचालन अधिनियम 2023 के तहत एफआईआर दर्ज करने और अनुसंधान कर इसकी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया था। इसके बाद झारखंड का अपराध अनुसंधान विभाग एफआईआर दर्ज कर जांच कर रहा है।

**रांची में भाजपा नेता की...**

ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनिल टाइगर की हत्या कर फरार हो रहे एक हत्यारे को एनकाउंटर कर धर दबोचा है। मिली जानकारी के अनुसार, हत्या के आरोपी को गांव वाले और पुलिस दोनों ही दौड़ा रही थी। इसी बीच पुलिस को निशाना बनाते हुए अपराधी ने फायरिंग की। पुलिस ने इसका जवाब फायरिंग से दिया। इसके बाद अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। अपराधी के पैर में गोली लगी है। घटना के दौरान प्रयोग में लाई गई बाइक को भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस हमलावर से पूछताछ कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सुभाष हत्याकांड में गिरफ्तार अपराधी ने अनिल टाइगर के संलिप्तता की बात कही है। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल और दूसरे पुलिस अधिकारी उससे पूछताछ कर रहे हैं। पूर्व में यह सूचना थी कि जमीन विवाद की वजह से अनिल टाइगर की हत्या की गई है, लेकिन पूछताछ में अन्य मामला सामने आ रहा है। जानकारी के अनुसार, घायल अपराधी का नाम रोहित वर्मा है और वह रांची के पुंदाग इलाके का रहने वाला है। गिरफ्तार अपराधी ने पूछताछ में कई खुलासे किए हैं। रांची के ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने कहा कि कांके में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या की घटना हुई है। पुलिस मामले की तफ्तीश कर रही है।

**आजसू में भी रह चुके थे अनिल टाइगर :** भाजपा के रांची ग्रामीण जिला महामंत्री एवं जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर राजनीतिक रूप से काफी सक्रिय थे। उन्होंने भाजपा से पहले आजसू के लिए सक्रिय राजनीति की थी। वे कांके के ही रहने वाले थे। अभी वे कोकर में चड्डा पेट्रोल पंप के पास रहते थे। दो दिन पहले ही अनिल टाइगर को कांके महावीर मंडल का अध्यक्ष बनाया गया था।

**भाजपा और आजसू का रांची बंद आज :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता और जिला परिषद के पूर्व सदस्य अनिल टाइगर की हत्या के विरोध में प्रदेश भाजपा ने गुरुवार (27 मार्च) को रांची बंद का आह्वान किया है। यह बंद रांची में बढ़ते अपराध एवं ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ बुलाया गया है। भाजपा ने आम नागरिक, व्यापारी वर्ग, राज्य के बुद्धिजीवी वर्ग ,सभी से ध्वस्त विधि व्यवस्था के खिलाफ बंद को पूर्ण समर्थन देने का आह्वान किया है। वहीं, अनिल टाइगर की नृशंस हत्या के विरोध में आजसू पार्टी ने भी रांची बंद का आह्वान किया है। आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय महतो ने यह घोषणा करते हुए कहा कि अनिल टाइगर ने राजनीतिक जीवन की शुरूआत आजसू से की थी और आजसू के जिलाध्यक्ष रह चुके थे। इधर, जदयू समेत कई संगठनों ने बंद का समर्थन किया है।

रांची में पुलिसिंग पूरी तरह फेल हो चुकी है। अपराधियों में पुलिस प्रशासन का खौफ समाप्त हो चुका है। इस घटना ने एक बार फिर से प्रमाणित कर दिया कि शहर में कोई सुरक्षित नहीं है।

**– संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री, भारत सरकार।**

झारखंड में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त है। आखिर कब तक झारखंड यूं ही गोलियों की आवाज में डूबता रहेगा?

**– सीपी सिंह, रांची विधायक।**

अनिल टाइगर की हत्या किए जाने से स्तब्ध हूं। प्रदेश में कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। यहां न जनप्रतिनिधि सुरक्षित हैं और न ही आम नागरिक।

**– बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष व प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा।**

राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। राज्य अपराधियों और माफिया के हवाले है। जब जनप्रतिनिधि ही सुरक्षित नहीं, तो आम जनता का भगवान ही मालिक है।

**– सुदेश महतो, केंद्रीय अध्यक्ष, आजसू पार्टी।**

**रामनवमी के मंगलवारी जुलूस पर...**

सिखा है और न तो यूपी सरकार से बुजडोजर का उपयोग कर कैसे इन्हें कंट्रोल में किया जाय ये भी नहीं सीखा है। झारखंड राज्य में अत्याचार तो हो ही रहा है। उन्होंने सदन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि कभी डीजे पर प्रतिबंध, ये साउंड बजेगा ये नहीं बजेगा इसपर प्रतिबंध, दोनों तरफ से केस करके बैलेंस करने का काम किया जाता है। पत्थर भी हमहीं खाएं, केस भी हमहीं सहें। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि मैं सदन के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मांग करता हूं कि झारखंड में हिंदुओं के त्यौहार में केंद्रीय बल पदस्थापित किया जाय। रामनवमी आगामी 6 अप्रैल 2025 को है अगर ऐसा नहीं नहीं हुआ तो जिस प्रकार झारखंड की सरकार चल रही है कोई बड़ा अनर्थ न हो जाय इसीलिए लोकहित में रामनवमी में झारखंड में सेंट्रल फोर्सेज का प्रतिनियुक्ति अवश्य किया जाय ।

**आज का मैच**

सनराइजर्स हैदराबाद Vs लखनऊ सुपर जायंट्स

दिनांक ▸ 27 मार्च गुरुवार | स्थान ▸ हैदराबाद | 7:30 बजे से

**IPL 2025-अंक तालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक |
|---|---|---|---|---|
| एसआरएच | 01 | 01 | 00 | 02 |
| आरसीबी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| पीके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| सीएसके | 01 | 01 | 00 | 02 |
| डीडी | 01 | 01 | 00 | 02 |
| एलएसजी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| एमआइ | 01 | 00 | 01 | 00 |
| जीटी | 01 | 00 | 01 | 00 |
| केकेआर | 01 | 00 | 01 | 00 |
| आरआर | 01 | 00 | 01 | 00 |

# कोलकाता ने राजस्थान को आठ विकेट से हराया




**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 सीजन का छठा मुकाबला डिफेंडिंग चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी के बारसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान टीम ने 152 रनों का टारगेट सेट किया। जवाब में केकेआर ने 2 विकेट गंवाकर 110 से ज्यादा रन बना लिए हैं। क्विंटन डिकॉक ने 36 गेंदों में फिफ्टी पूरी की। मैच में राजस्थान ने 9 विकेट गंवाकर 151 रन बनाए. टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने 28 गेंदों पर 33 रनों की पारी खेली। जबकि यशस्वी जायसवाल ने 24 गेंदों पर 29 रन बनाए। कप्तान रियान पराग ने 15 बॉल पर 25 रन जड़े। केकेआर टीम के लिए वैभव अरोड़ा, हर्षित राणा, मोईन अली और वरुण चक्रवर्ती ने 2-2 विकेट झटके। रहाणे ने कोलकाता की प्लेइंग-11 में एक बदलाव किया है. सुनील नरेन की तबीयत खराब है। उनकी जगह मोईन अली की एंट्री हुई है। दूसरी ओर राजस्थान के कप्तान रियान पराग ने भी एक बदलाव किया है। फजलहक फारूकी बाहर हैं। उनकी जगह वानिंदु हसारंगा की एंट्री हुई है।

इस सीजन में इन दोनों का ही यह दूसरा मैच है। दोनों टीमें अपना पहला मैच हार चुकी हैं। ऐसे में आज कोलकाता या राजस्थान, दोनों में से किसी एक का जीत का खाता खुलना तय है। नाइट राइडर्स को टूनामेंट के शुरूआती मैच में जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 7 विकेट से हार का सामने करना पड़ा, वहीं राजस्थान को सनराइजर्स हैदराबाद ने 44 रनों की करारी शिकस्त दी थी।




## नंबर 1 टी2ड ऑलराउंडर बने हुए हैं हार्दिक पांड्या

**दुबई।** भारत के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने अपना नंबर 1 टी2ड ऑलराउंडर स्थान बरकरार रखा है, जबकि अभिषेक शर्मा, नंबर 2 टी20 बल्लेबाज, और वरुण चक्रवर्ती, नंबर 2 टी20 गेंदबाज ने भी आईसीसी पुरुष टी2ड रैंकिंग में अपना स्थान हासिल किया है। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज जैकब डफी ने आईसीसी पुरुष टी20 गेंदबाजी रैंकिंग में महत्वपूर्ण छलांग लगाई है, जो चल रही पांच मैचों की श्रृंखला में पाकिस्तान के खिलाफ अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार शीर्ष पांच में शामिल हुए हैं। डफी माउंट माउंगानुई में 4/20 और ऑकलैंड में पिछले मैच में 1/37 के प्रभावशाली प्रदर्शन की बदौलत नवीनतम रैंकिंग अपडेट में सात पायदान चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। न्यूजीलैंड की पाकिस्तान पर 115 रनों की शानदार जीत में उनके योगदान ने हत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिससे सीरीज में 3-1 की बढ़त हासिल हुई।डफी न्यूजीलैंड के एकमात्र गेंदबाज नहीं हैं, जिनकी रैंकिंग में उछाल आया है। माउंट माउंगानुई में 3/25 के आंकड़े के साथ उनका साथ देने वाले जकारी फाउलकेस ने 26 पायदान की छलांग लगाकर 64वां स्थान हासिल किया है। इस बीच, पाकिस्तान के हारिस राउफ ने भी महत्वपूर्ण प्रगति की है, पिछले दो मैचों में से प्रत्येक में तीन विकेट लेने के बाद 11 पायदान ऊपर चढ़कर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। सीरीज में अपने लगातार प्रदर्शन के बाद अब्बास अफरीदी अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 36वें स्थान पर पहुंच गए हैं। नवीनतम रैंकिंग अपडेट में कई बल्लेबाजों ने भी महत्वपूर्ण लाभ हासिल किया है। माउंट माउंगानुई में 20 गेंदों में 50 रन बनाने वाले न्यूजीलैंड के फिन एलन दो पायदान ऊपर चढ़कर 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथी मार्क चैपमैन ने ऑकलैंड में 94 रनों की शानदार पारी खेलकर 51वें से 41वें स्थान पर पहुंचकर और भी बड़ी छलांग लगाई है।



## पीएम मोदी और खेल मंत्री ने सेपक टकरा टीम को दी बधाई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बिहार के पटना में पाटलिपुत्र स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा विश्व कप 2025 में भारतीय सेपक टकरा दल के शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी है। पीएम मोदी ने इस स्पर्धा में भारत के पहले स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचने के लिए पुरुष रेगु टीम की भी सराहना की। महिला टीम ने भी इस वर्ग में कांस्य पदक हासिल कर देश को गौरवान्वित किया। एक्स पर एक पोस्ट में, पीएम मोदी ने कहा, सेपक टकरा विश्व कप 2025 में शानदार खेल उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने के लिए हमारे दल को बधाई! दल ने 7 पदक जीते। पुरुष रेगु टीम ने भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक लाकर इतिहास रच दिया। उन्होंने कहा, यह शानदार प्रदर्शन वैश्विक सेपक टकरा क्षेत्र में भारत के लिए एक आशाजनक भविष्य का संकेत देता है। युगल वर्ग में, भारतीय महिला टीम ने म्यांमार के खिलाफ एक करीबी मुकाबले के बाद रजत पदक हासिल किया।

## भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था अर्जेंटीना विश्व कप के लिए रवाना



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** 22 भारतीय निशानेबाजों का पहला जत्था 13 सहायक कर्मचारियों के साथ अर्जेंटीना की राजधानी ब्यूनस आयर्स के लिए सुबह-सुबह रवाना हो गया। वे वर्ष के पहले अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ विश्व कप चरण में भाग लेंगे, जिसके लिए प्रतियोगिताएं 3 अप्रैल से शुरू होंगी। 35 निशानेबाजों का भारतीय दल निर्धारित समय पर सभी 15 पदक स्पधाओं में भाग लेगा, जिसमें 12 व्यक्तिगत और तीन मिश्रित टीम स्पधाएं शामिल हैं। पेरिस ओलंपिक में दो बार पदक जीतने वाली मनु भाकर एकमात्र एथलीट हैं, जिन्होंने दो व्यक्तिगत स्पधाओं में कट बनाया है। टीम के बाकी सदस्य 29 मार्च को रवाना होंगे, क्योंकि उनकी प्रतियोगिताएं टूनार्मेंट के अतिम चरण में शुरू होंगी।

कुछ अपवादों को छोड़कर, सभी निशानेबाजों ने 14 मार्च से दिल्ली में डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा आयोजित पिछले राष्ट्रीय शिविर में भाग लिया, ताकि दक्षिण अमेरिका में होने वाले दोहरे विश्व कप से पहले अंतिम तैयारी की जा सके, जिसमें ब्यूनस आयर्स में सीजन के पहले मैच के ठीक बाद पेरू के लीमा में दूसरा विश्व कप आयोजित किया जाएगा।

## विनेश को ओलंपिक रजत पदक विजेता के समान मिलेगा सम्मान

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने कुश्ती से राजनीति में आई कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ देने का फैसला किया है। यह निर्णय राज्य की खेल नीति के तहत लिया गया है। जिंद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने हाल ही में यह मुद्दा विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि हरियाणा सरकार की खेल नीति के अंतर्गत ओलंपिक रजत पदक विजेता को तीन प्रमुख लाभ दिए जाते हैं - चार करोड़ रुपये का नकद पुरस्कार, ग्रुप ए के तहत उत्कृष्ट खिलाड़ी की सरकारी नौकरी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक प्लॉट।

## जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया




**एजेंसी। मियामी**

छह बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने बुधवार (भारतीय समयानुसार) को 15वीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी के खिलाफ 6-2, 6-2 से जीत के साथ एटीपी मियामी ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

37 वर्षीय खिलाड़ी, जो अब अपने 100वें टूर-लेवल खिताब से तीन जीत दूर हैं, अब उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा।

यह 2019 के बाद से मियामी में जोकोविच की पहली उपस्थिति है। एटीपी के अनुसार, 2016 में क्रैंडन पार्क में खिताब जीतने के बाद से वह क्वार्टर फाइनल में नहीं पहुंचे थे। जोकोविच शुरूआती ब्रेक में पिछड़ गए और उन्हें समय उल्लंघन की चेतावनी दी गई। वह क्षण निर्णायक साबित हुआ, क्योंकि 40 बार के मास्टर्स 1000 विजेता ने वहीं से लय हासिल कर ली। चौथे वरीय खिलाड़ी ने लगातार नौ गेम जीतकर घाटे को भूस्खलन में बदल दिया, और अंततः एक घंटे और 23 मिनट के बाद अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की कर ली।

सेरेना विलियम्स और जुआन मार्टिन डेल पोत्रो (अर्जेंटीना के खिलाड़ी उनके बॉक्स में थे) के सामने जोकोविच ने शानदार प्रदर्शन किया।

जोकोविच ने अपने ऑन-कोर्ट साक्षात्कार में कहा, मैं स्टारस्ट्रक था! फर्स्ट डेलपो को देखना अद्भुत था, जाहिर तौर पर एक लंबे समय से दोस्त और प्रतिद्वंद्वी, उन्हें अपने आस-पास पाकर और बॉक्स से उनका समर्थन पाकर बहुत खुश था।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त कोयला भंडार मौजूद : केंद्रीय मंत्री

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के ताजा अनुमानों के अनुसार, इस वर्ष 1 मार्च तक भारत के पास कोयला और लिग्नाइट के क्रमशः 389.42 अरब टन और 47.29 अरब टन भंडार मौजूद हैं, जो देश की ऊर्जा की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त हैं। यह जानकारी बुधवार को सरकार द्वारा दी गई।

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि देश के मौजूदा कोयला भंडार का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है और देश की ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत हिस्सा कोयला से पूरा किया जा रहा है।

लिग्नाइट, जिसे भूरा कोयला भी कहा जाता है, एक प्रकार का कोयला है जिसमें अन्य प्रकार के कोयले की तुलना में कम कार्बन, कम ऊर्जा मूल्य और अधिक नमी होती है और इसलिए इसे अलग से सूचीबद्ध किया जाता है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार का ध्यान देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कोयले के घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर है। देश में वर्ष 2023-24 में अब तक का सबसे अधिक 997.826 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन दर्ज किया गया था, जो वर्ष 2022-23 के 893.191 एमटी से 11.71 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष 2024-25 में फरवरी 2025 तक देश के कोयला उत्पादन में 5.45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है और यह बढ़कर 929.15 एमटी हो गया है, जबकि 2023-24 की इसी अवधि में यह 881.16 मीट्रिक टन था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए देश में कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं, जिनमें कोयला ब्लॉकों के विकास में तेजी लाने के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा की जाने वाली नियमित समीक्षा भी शामिल है। इसके अतिरिक्त, कोयला सेक्टर के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस पोर्टल और कोयला ब्लॉक आवंटियों को विभिन्न अनुमोदन प्राप्त करने में सहायता के लिए प्रोजेक्ट मॉनिटर यूनिट ने कोयला खदानों के परिचालन में तेजी लाने में मदद की है।



देश की ऊर्जा जरूरतों का 55 प्रतिशत हिस्सा कोयला से पूरा किया जा रहा है।

## एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान समूहों में करना होगा : सीईओ




**नई दिल्ली(आईएएनएस)।** नीति आयोग के सीईओ, बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने बुधवार को कहा कि एमएसएमई के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान अलग-अलग नहीं, बल्कि समूहों में करना होगा। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए सुब्रह्मण्यम ने कहा कि आज के एमएसएमई आने वाले समय में बड़े उद्यम बनेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार भी सूक्ष्म उद्यम को लघु उद्यम में, लघु उद्यम को मध्यम और मध्यम को बड़े उद्यम में बनने में मदद कर रही है।

नीति आयोग के सीईओ ने एमएसएमई के सामने आने वाली तीन प्रमुख चुनौतियों के बारे में बताया, जिसमें टेक्नोलॉजी में सुधार, स्किल्ड वर्कफोर्स और क्वालिटी सर्टिफिकेशंस शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि भारत तब तक एक विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता, जब तक देश अपने मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम के मानकों को नहीं बढ़ाता।

उन्होंने कहा कि एजुकेशन, स्किल और एमएसएमई तीनों विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

सुब्रह्मण्यम ने 'डिजिटल एक्सीलेंस फॉर ग्रोथ एंड एंटरप्राइस' या डीएक्स-ईडीजीई को भी लॉन्च किया। इसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को डिजिटल परिवर्तन के माध्यम से सशक्त बनाना है जिससे वह भविष्य के लिए तैयार हो सके, साथ ही प्रतस्पर्धी और मजबूत बन सके।

उन्होंने आगे कहा कि इस पहल के तहत देशभर में डिजिटल परिवर्तन सुविधा केंद्रो का एक नेटवर्क स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र एमएसएमएस कौशल और नवचार तक पहुंच प्रदान करेगा, जिससे वह स्थाई रूप से विस्तार कर सकें।

## भारतीय शेयर बाजार लाल निशान में बंद, सेंसेक्स 728 अंक गिरा

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार के कारोबारी सत्र में लाल निशान में बंद हुआ। बाजार में चौतरफा बिकवाली देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 728 अंक या 0.93 प्रतिशत गिरकर 77,288 और निफ्टी 181 अंक या 0.77 प्रतिशत गिरकर 23,486 पर था। बाजार में गिरावट की वजह हाल में आई तेजी के बाद मुनाफावसूली को माना जा रहा है। आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, रियल्टी, एनर्जी, पीएसई और सर्विसेज इंडेक्स कमजोरी के साथ बंद हुए। केवल ऑटो इंडेक्स ही हरे निशान में बंद हुआ है। पिछले सात कारोबारी सत्रों से निफ्टी में तेजी देखी जा रही थी। इस दौरान निफ्टी और सेंसेक्स में करीब 5.7 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया था। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली देखी गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 172 अंक या 1.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 15,936 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 323 अंक या 0.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 51,646 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक एमएंडएम, पावर ग्रिड और टाइटन टॉप गेनर्स थे। एनटीपीसी, जोमैटो, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, मारुति सुजुकी, कोटक महिंद्रा, एसबीआई, एचयूएल और भारती एयरटेल टॉप लूजर्स थे। एलकेपी सिक्योरिटीज के तकनीकी विश्लेषक रूपक दे का कहना है कि छोटी अवधि में निफ्टी अपने मूविंग एवरेज से फिसल गया है। फिलहाल एनएसई बेंचमार्क के लिए सपोर्ट 23,300 पर है।

## भारत हाइपरस्केलर्स के लिए बन रहा हॉटस्पॉट, डेटा सेंटर्स की बढ़ेगी मांग

**मुंबई।** भारत हाइपरस्केलर्स के लिए बड़े हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है। हैदराबाद और मुंबई जैसे शहरों में जमीनों का अधिग्रहण डेटा सेंटर इन्फ्रास्ट्रक्चर में बढ़त को सपोर्ट कर रहा है। यह जानकारी एनारॉक कैपिटल की देवी शंकर ने आईएएनएस को बुधवार को दी। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों में करीब 440 एकड़ जमीन का हाइपरस्केलर्स डेवलपमेंट के लिए अधिग्रहण किया गया है। वैश्विक क्लाउड प्रोवाइडर्स होने के नाते घरेलू कंपनियां उच्च क्षमता वाली सुविधाएं स्थापित कर रही हैं। देश में डेटा सेंटर इंडस्ट्री में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। बीते एक दशक में 6.5 अरब डॉलर का निवेश आया है। अब इसकी वैल्यू करीब 10 अरब डॉलर हो गई है और इंडस्ट्री की आय 2024 में 1.2 अरब डॉलर रही है। इस बढ़त की वजह इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि, डेटा खपत का बढ़ना और प्रति स्मार्टफोन मोबाइल डेटा के उपयोग में वृद्धि होना है।

## नमो भारत ट्रेनों में यात्रा के लिए लॉयल्टी पॉइंट्स, मुफ्त सफर का सुनहरा अवसर



**नई दिल्ली।** नमो भारत ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक शानदार योजना शुरू की गई है। एनसीआरटीसी (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम) ने हाल ही में एक नया लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम शुरू किया है, जिसके तहत यात्री अपनी यात्रा पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपए पर एक लॉयल्टी पॉइंट अर्जित कर सकते हैं। पॉइंट्स न्यूनतम 300 तक जमा होने पर मुफ्त यात्रा के लिए रिडीम किए जा सकते हैं। यात्री नमो भारत ऐप का उपयोग करके डिजिटल क्यूआर टिकट बुक कर सकते हैं या फिर नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) से भुगतान कर सकते हैं। हर एक रुपए के खर्च पर एक लॉयल्टी पॉइंट मिलेगा, जिसका मूल्य 10 पैसे होगा। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई यात्री 100 रुपए का किराया चुकाता है, तो उसे 100 लॉयल्टी पॉइंट्स मिलेंगे, जिनकी कुल कीमत 10 रुपए होगी। यात्रियों को अपने लॉयल्टी पॉइंट्स बार-बार रिडीम करने में कोई कठिनाई न हो, इसके लिए एक साथ 5 ट्रिप्स तक रिडीम करने का प्रावधान रखा गया है। रिडीम की गई यात्राएं 7 दिनों तक मान्य रहेंगी।